संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शनिवार, 28 दिसंबर 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



भारतीय विदेशमंत्री डॉ. एस जयशंकर ने व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी प्रमुख जेक सुलिवन से भेंट की।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 18 अंकः 357 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group




# मनमोहन सिंह की अंतिम यात्रा आज

● खामोश हुए 'हजारों जवाबों से अच्छी मेरी खामोशी' कहने वाले पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह, हल्द्वानी से रहा गहरा संबंध, मनमोहन सिंह की अंतिम यात्रा आज सुबह 9.30 बजेः पार्थिव शरीर कांग्रेस मुख्यालय लाया जाएगा, मोदी-शाह ने घर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली/नैनीतालः** 'हजारों जवाबों से अच्छी मेरी खामोशी' कहने वाले देश के दो बार के प्रधानमंत्री पद्मभूषण पुरस्कार प्राप्त डॉ. मनमोहन सिंह का गुरूवार रात्रि 9 बजकर 51 मिनट पर 92 वर्ष की आयु में देहांत हो गया। कम ही लोग जानते हैं कि डॉ. सिंह का नैनीताल जनपद व खासकर यहां हल्द्वानी से बहुत गहरा संबंध था। देश के विभाजन के दौरान उनका परिवार यहां रहा था। इस दुःखद अवसर पर डॉ. सिंह के हल्द्वानी से जुड़ाव की पूरी कहानी। वर्ष 1947 में सिर्फ देश आजाद ही नहीं हुआ था बल्कि नक्शे पर भारत और पाकिस्तान नाम के दो देश भी बने। आजादी की लड़ाई की खूब चर्चा होती है लेकिन विभाजन का दंश जिसने झेला उसके दर्द को समझना उतना आसान नहीं। बंटवारे के बाद जो इधर आए या उधर गए, उन्हें बस एक नाम मिला 'रिफ्यूजी'। इतिहास गवाह है, आजाद भारत में रिफ्यूजी कहे जाने वालों ने विभिन्न क्षेत्रों में कामयाबी के जो झंडे गाड़े वह अतुलनीय है। उन्हीं में से एक नाम है डॉ. मनमोहन सिंह। इस बात पर कोई शक नहीं कि इस देश के सबसे काबिल अर्थशास्त्रियों में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का नाम शुमार है। देश की आम जनता हो या भारतीय राजनेता। पार्टी लाइन से हटकर भी डॉ. मनमोहन सिंह की खुले दिल से सभी प्रशंसा करते हैं। संघर्षों से भरे डॉ. सिंह के जीवन की कई रोचक बातें हैं, जिनसे आज भी बहुत लोग अनजान हैं।

**'फादर किल्ड, मदर सेफ'**
भारत विभाजन से पहले डॉ. मनमोहन सिंह का परिवार पेशावर में रहता था। विभाजन के वक्त डॉ. मनमोहन सिंह की उम्र महज 14 साल थी। पेशावर में उनके पिता एक निजी कंपनी में साधारण से क्लर्क थे। विभाजन के दंगों में डॉ. मनमोहन सिंह के दादाजी की भी हत्या हुई थी। उस घटना को याद करते हुए डॉ. सिंह ने एक बार कहा था कि हमारे पिताजी को चाचा ने तब चार शब्दों का एक टेलीग्राम किया था। जिसमें लिखा था- "फादर किल्ड, मदर सेफ।"

**विभाजन के वक्त मनमोहन हल्द्वानी में थेः** आजादी के बाद उन दिनों भारत के विभाजन पर राष्ट्रीय स्तर पर बातचीत चल रही थी। डॉ. मनमोहन सिंह के पिता ने देश विभाजन से दो-तीन महीने पहले ही उत्तर प्रदेश के हल्द्वानी शहर (अब उत्तराखंड) में बसने के विषय में सोच लिया था। हल्द्वानी में उनके पिता के व्यापार के चलते कुछ लोगों से संबंध थे। उन्हें उम्मीद थी कि वे लोग उन्हें यहां अस्थाई तौर पर बसने में मदद करेंगे। मई-जून के मध्य का महीना था। डॉ. मनमोहन सिंह का परिवार हल्द्वानी के लिए निकल पड़ा। अपनी इस यात्रा के बारे में डॉ. सिंह ने कहा था, "हम ट्रेन से लाहौर, अमृतसर, सहारनपुर, बरेली जैसे कई बड़े शहरों से होते हुए हल्द्वानी पहुंचे थे।"

**विभाजन से पहले चले आए थे भारतः** डॉ. मनमोहन सिंह की यह यात्रा भारत विभाजन की तारीख से कुछ महीनों पहले की थी। यही वजह थी कि मनमोहन और उनका परिवार बिना किसी ज्यादा परेशानी के हल्द्वानी पहुंच गए। उनके पिता ने अपने परिवार के लिए हल्द्वानी में रहने की अस्थाई व्यवस्था की और खुद फिर से नौकरी के लिए पेशावर लौट गए।

**पिता के इंतजार में काठगोदाम स्टेशन पर बैठे रहतेः** दिसंबर 1947 तक का समय डॉ. मनमोहन सिंह के लिए काफी कठिन रहा। उन्होंने उस समय को याद करते हुए कहा है कि उन्हें नहीं पता था कि उनके पिता कहां और कैसे हैं। देश में हो रहे भयानक दंगों के बीच वह हर सुबह काठगोदाम रेलवे स्टेशन इस उम्मीद से जाकर बैठ जाते कि शायद आज आने वाली ट्रेन में उनके पिता भी हों।

### शानदार रहा करियर

डॉ. मनमोहन सिंह ने अर्थशास्त्र के अध्यापक के तौर पर काफी प्रसिद्धि पाई। वे पंजाब यूनिवर्सिटी और बाद में प्रतिष्ठित दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में प्रोफेसर रहे। इसी बीच वे संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन सचिवालय में सलाहकार भी रहे। 1987 तथा 1990 में जेनेवा में साउथ कमीशन में सचिव भी रहे। 1971 में डॉ.मनमोहन सिंह भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में आर्थिक सलाहकार के तौर पर नियुक्त किए गए थे। इसके तुरंत बाद 1972 में उन्हें वित्त मंत्रालय में मुख्य आर्थिक सलाहकार बनाया गया।

## डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर उद्योग जगत ने जताया शोक



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर उद्योग जगत से जुड़े लोगों ने भी शोक व्यक्त किया और देश के आर्थिक उत्थान में उनकी भूमिका को सराहा है। टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर कहा कि सिंह उन दिग्गजों में से एक थे जिन्होंने एक नए उदारवादी भारत की कल्पना की थी, जो आज दुनिया में अपना उचित स्थान ले रहा है। चंद्रशेखरन ने अपने शोक संदेश में कहा कि दिवंगत डॉ. मनमोहन सिंह के प्रेरक नेतृत्व ने उन्हें दुनियाभर में सम्मान दिलाया। उन्होंने बयान में कहा, हम पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करते हैं, जो उन दिग्गजों में से एक थे जिन्होंने एक नए उदार भारत की कल्पना की थी, जो दुनिया में अपना उचित स्थान ले रहा है। चंद्रशेखरन ने कहा कि डॉ. सिंह को हमेशा उनकी दूरदर्शी सोच तथा गहरी अंतर्दृष्टि के लिए याद किया जाएगा। वे हमेशा विनम्र रहे और अपने व्यक्तिगत मूल्यों को बनाए रखा। आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला ने अपने शोक संदेश में कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन से भारत ने अपने सबसे बड़े नेताओं और बेहतरीन अर्थशास्त्रियों में से एक को खो दिया है। बिड़ला ने अपने बयान में कहा, भारत ने अपने सबसे बड़े नेताओं तथा बेहतरीन अर्थशास्त्रियों में से एक को खो दिया है। उन्होंने कहा कि 1991 के दशक के उनके क्रांतिकारी सुधारों ने कई दशकों तक आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा दिया। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इसने भारत तथा भारतीयों के लिए संभावनाओं के गणित को नया आकार दिया। वहीं, विश्व बैंक के पूर्व मुख्य अर्थशास्त्री कौशिक बसु ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को उनकी तेज बुद्धि, सहज विनम्रता तथा व्यक्तिगत ईमानदारी के लिए सराहा जाता है।

## मनमोहन सिंह को एक सुधारवादी नेता के रूप में याद किया जाएगा : मोदी



### क्षति

▶▶ डॉ. सिंह के निधन ने हम सभी के हृदय को गहरी पीड़ा पहुंचाई है। एक राष्ट्र के रूप में भी हमारे लिए बहुत बड़ी क्षति है

**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया और देश की प्रगति एवं विकास में उनके योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि सिंह को हमेशा एक सुधारवादी नेता के रूप में याद किया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने एक विशेष वीडियो संदेश में मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्री के रूप में कार्यकाल और स्वयं के गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में कार्यकाल के दौरान हुई बातचीत को याद किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. सिंह के निधन ने हम सभी के हृदय को गहरी पीड़ा पहुंचाई है। उनका जाना, एक राष्ट्र के रूप में भी हमारे लिए बहुत बड़ी क्षति है। विभाजन के उस दौर में बहुत कुछ खोकर भारत आना और यहां जीवन के हर क्षेत्र में उपलब्धियां हासिल करना, ये सामान्य बात नहीं है। अभावों और संघर्षों से ऊपर उठकर कैसे ऊंचाइयों को हासिल किया जा सकता है, उनके जीवन से ये सीख भावी पीढ़ी को मिलती रहेगी।

### डॉ. मनमोहन सिंह ने 1991 के ऐतिहासिक बजट में किए थे कई बड़े ऐलान

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का गुरुवार रात को 92 साल की आयु में निधन हो गया। डॉ. सिंह न केवल प्रधानमंत्री रहे, बल्कि वित्त मंत्री के रूप में भी काम किया। उनके नाम पर कई बड़ी उपलब्धियां हैं, जब देश 90 के दशक में आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा था, तब बतौर वित्त मंत्री उन्होंने कई बड़े फैसले लिए, जिन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था की तस्वीर बदल दी। आर्थिक उदारीकरण में उनका विशेष योगदान रहा है। आर्थिक सुधारों के जनक डॉ. सिंह को 1991 के अपने उस ऐतिहासिक केंद्रीय बजट की व्यापक स्वीकृति सुनिश्चित करने के लिए अग्नि परीक्षा का सामना करना पड़ा था, जिसने देश को अपने सबसे खराब वित्तीय संकट से उबारा था।

## पंजाब में हादसाः प्राइवेट कंपनी की बस नाले में गिरी, आठ की मौत

**बठिंडा :** पंजाब के बठिंडा में शुक्रवार को बड़ा हादसा हुआ है। बठिंडा तलवंडी साबो रोड पर गांव जीवन सिंह वाला के पास निजी कंपनी की बस हादसे का शिकार हो गई। बस अनयंत्रित होकर नाले में गिर गई। इस हादसे में आठ लोगों की मौत हुई है। बताया जा रहा है कि बस में कई लोग सवार थे। हादसे के बाद यहां चीख पुकार मच गई। कई लोग घायल हुए हैं। घायलों को तलवंडी साबो के अस्पताल में पहुंचाया गया है। वहीं कुछ घायलों का इलाज सिविल अस्पताल बठिंडा में चल रहा है। जानकारी के अनुसार बठिंडा में एक प्राइवेट कंपनी की बस कर्मचारियों को लेकर जा रही थी। दोपहर को छुट्टी होने के बाद बस गांव जीवन सिंह वाला के पास पहुंची तो नाले के ऊपर बने पुल पर अनयंत्रित होकर नाले में जा गिरी।

## डल्लेवाल शनिवार को सुप्रीम कोर्ट में होने वाली सुनवाई में ऑनलाइन जुड़ेंगे

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल शनिवार को सुप्रीम कोर्ट में होने वाली विशेष सुनवाई में ऑनलाइन जुड़ेंगे। सुप्रीम कोर्ट में आज डल्लेवाल को पर्याप्त चिकित्सा सहायता मुहैया कराने के आदेशों का पालन न करने के आरोप में पंजाब सरकार के मुख्य सचिव के खिलाफ दाखिल अवमानना याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट की वेकेशन बेंच ने कहा कि एक व्यक्ति की ज़िंदगी दांव पर लगी है। आपको इसे गंभीरता से लेने की जरूरत है। डल्लेवाल को उचित चिकित्सा सहायता मुहैया कराई जानी चाहिए, लेकिन लग रहा है कि राज्य सरकार इस पर ध्यान नहीं दे रही है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस सुधांशु धूलिया की स्पेशल बेंच ने कहा कि हम इस मामले पर कल यानी 28 दिसंबर फिर सुनवाई करेंगे। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि हम शनिवार को विशेष सुनवाई के दौरान जगजीत सिंह डल्लेवाल से ऑनलाइन बात करेंगे। उसके बाद कोई आदेश देंगे। हमारी पहली प्राथमिकता उनकी जिंदगी है।

## के अन्नामलाई ने डीएमके सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

### प्रदर्शन

▶▶ उन्होंने कसम खाई कि जब तक डीएमके सत्ता से बाहर नहीं हो जाती, तब तक वे जूते नहीं पहनेंगे



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** तमिलनाडु की अन्ना यूनिवर्सिटी में हुई घटना से वहां की राजनीति गरमा गई है। यहां एक इंजिनियरिंग छात्रा का यौन उत्पीड़न किया गया। तमिलनाडु के भाजपा अध्यक्ष के अन्नामलाई ने शुक्रवार को डीएमके सरकार के खिलाफ विरोध जताते हुए कोयंबटूर स्थित अपने आवास के बाहर खुद को कोड़े मारे। अन्नामलाई ने डीएमके सरकार पर आरोप लगाया कि चेन्नई में अन्ना यूनिवर्सिटी के छात्राओं की सुरक्षा करने में राज्य सरकार विफल रही है।

अन्नामलाई ने 48 दिनों तक उपवास करने की शपथ भी ली। इसके साथ उन्होंने कसम खाई कि जब तक डीएमके सत्ता से बाहर नहीं हो जाती, तब तक वे जूते नहीं पहनेंगे। राज्य के बिगड़ते शासन के बारे में "मुरुगन से शिकायत" करने के लिए छह अरुपदाई वीडू (भगवान मुरुगा के छह निवास) जाने की योजना की घोषणा की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने शुक्रवार को मीडिया से बातचीत करते हुए विश्वविद्यालय में सीसीटीवी कैमरों की कमी को लेकर सरकार की आलोचना की और महिलाओं की सुरक्षा के लिए निर्भया फंड के राज्य द्वारा उपयोग पर सवाल उठाया।

## भारत में आर्थिक सुधारों में मनमोहन सिंह ने छोड़ी अमिट छापः संजय मल्होत्रा

**मुंबई।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि भारत के आर्थिक सुधारों के जनक के रूप में उन्होंने अमिट छाप छोड़ी है। आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने भी मनमोहन के निधन पर शोक जताया। आरबीआई गवर्नर मल्होत्रा ने शुक्रवार को मनमोहन को श्रद्धांजलि देते हुए एक्स पोस्ट पर लिखा है कि, 'मैं पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर बहुत दुखी हूं, जो एक दूरदर्शी अर्थशास्त्री और आरबीआई के पूर्व गवर्नर थे। भारत के आर्थिक सुधारों के निमार्ता के रूप में उनके योगदान ने एक अमिट छाप छोड़ी है।

## नौसेना ने खरीदे गए 9 खूंखार शिकारियों को किया ऑपरेशनल



**एक्शन इंडिया**
**टीम एक्शन इंडिया**
नई दिल्ली : भारतीय नौसेना ने अमेरिका से खरीदे जा रहे खूंखार शिकारी 24 एमएच 60आर हेलीकॉप्टरों में से पहले नौ को बेड़े के जहाजों पर ऑपरेशनल कर दिया है। इन बहु भूमिका वाले हेलीकॉप्टरों ने भारतीय नौसेना की पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमताओं को काफी हद तक मजबूत किया है। भविष्य में भारतीय नौसेना की आंख, कान बनकर यह रोमियो हेलीकॉप्टर लंबी दूरी तक अपने दुश्मन का सफाया करने में सक्षम होंगे। साथ ही इससे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत की समुद्री युद्धक क्षमता और मजबूत होगी। भारतीय नौसेना ने इसी साल 06 मार्च को पारंपरिक वॉटर कैनन सलामी के साथ कोच्चि के आईएनएस गरुड़ पर अमेरिकी एमएच-60आर सीहॉक बहुउद्देश्यीय हेलीकॉप्टर की पहली स्क्वाड्रन को औपचारिक रूप से हवाई बेड़े में शामिल किया था।



# बारिश से गेहूं और सरसों की फसलों को होगा फायदा



टीम एक्शन इंडिया

**गन्नौर ।** शुक्रवार को सुबह से शुरू हुई और पूरा दिन हो रही बरसात के कारण जहां ठंड बढ़ गई वहीं किसानों को गेहूं की फसल में फायदा होने से खुशी महसूस हुई । बारिश के चलते सुबह के समय ऑफिस जाने वाले कर्मचारियों और स्कूल जाने वाले बच्चों को परेशानी हुई। लोग बारिश में भिगते नजर आए।

किसान प्रेम राठी, रमेश, रणधीर महेंद्र ने बताया कि किसानों के लिए बारिश आसमान से सोना बनकर बरस रही है। गेहूं और सरसों की फसलों के साथ अन्य फसलों को भी फायदा होगा। उन्होंने बताया कि इस समय कुछ किसानों द्वारा अपनी गेहूं की फसल में कोरबा देने का कार्य जोरों पर चल रहा था । शुक्रवार को हुई बरसात अब किसानों के गेहूं की फसल में कोरबा का काम करेगी । वही दिन भर हो रही बरसात के कारण शहर की सड़क भी पूरी तरह से सुनी दिखाई दी। ठंड बढ़ने के कारण लोग दिन भर घरों में रहे। दुकानदार रणवीर, सुधीर, सुरेश ने बताया कि बरसात का असर उनकी दुकानदारी पर पूरी तरह से दिखाई दिया। पूरा दिन में ग्राहक आने का इंतजार करते रहे लेकिन दिन भर बरसात रुक-रुक कर होती रही । जिससे उनकी दुकानदारी पूरी तरह से प्रभावित रही । गन्नौर के खंड कृषि अधिकारी डॉक्टर आनंद सिंह ने बताया कि बरसात होने से जहां ठंड बढ़ी है वहीं इस समय होने वाली बरसात गेहूं व सरसों की फसल के लिए बहुत फायदेमंद है। किसान अपनी गेहूं की फसल में पानी दे रहे थे एक तो उसे निजात मिल जाएगी ।

# टाटा एआईए ने लॉन्च किया मल्टीकैप मोमेंटम क्वालिटी इंडेक्स फंड

टीम एक्शन इंडिया

**हिसार।** भारत की अग्रणी जीवन बीमा कंपनियों में से एक, टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (टाटा एआईए) ने टाटा एआईए मल्टीकैप मोमेंटम क्वालिटी इंडेक्स फंड पेश किया है। यह नया फंड ऑफर निफ्टी 500 मल्टीकैप मोमेंटम क्वालिटी 50 इंडेक्स के अनुरूप स्टॉक के पोर्टफोलियो में निवेश कर दीर्घकालिक स्तर पर पूंजी वृद्धि दर्ज करने के लिए तैयार किया गया है। न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) विंडो 24 दिसंबर 2024 को खुलेगा और 31 दिसंबर 2024 को बंद होगा। गति और गुणवत्ता पर जोर देने वाले व्यवस्थित, फैक्टर-आधारित दृष्टिकोण के जरिये, यह फंड लार्ज-कैप, मिड-कैप और स्मॉल-कैप खंड के शेयरों में निवेश करेगा। टाटा एआईए के कार्यकारी उपाध्यक्ष और मुख्य निवेश अधिकारी (सीआईओ), हर्षद पाटिल ने इस फंड के लॉन्च पर अपनी टिप्पणी में कहा, " भारत की अर्थव्यवस्था अपने विकास पथ पर अग्रसर है, ऐसे में इक्विटी बाजार धन सृजन के लिए आकर्षक अवसर प्रस्तुत कर रहे हैं। हालांकि, बाजार की अस्थिरता और उच्च मूल्यांकन (वैल्यूएशन) को नियंत्रित करने के लिए एक अनुशासित और रणनीतिक दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है। टाटा एआईए मल्टीकैप मोमेंटम क्वालिटी इंडेक्स फंड एक सोच-समझकर तैयार पेशकश है जो मोमेंटम-संचालित स्टॉक चयन के लाभ को गुणवत्ता और विविधीकृत निवेश के आश्वासन के साथ जोड़ता है।

## उत्तर रेलवे

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

टेंडर नोटिस संख्या: **61245733C, 61246775, 61246822**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप-135002, द्वारा फर्मों को निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदाओं के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है :–

| क्र.सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | बंद होने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 61245733C | स्विच बोर्ड कैबिनेट | 50 नग | 20 जनवरी 2025 |
| 2 | 61246775 | इमरजेंसी बैटरी चार्जर | 200 नग | 20 जनवरी 2025 |
| 3 | 61246822 | मॉडिफिकेशन जंक्शन बॉक्सेस एंड कनेक्टोर्स | 110 सेट्स | 20 जनवरी 2025 |

**निविदा शर्तें**–1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। 2. मैन्युअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

**3962/24**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

**आवेदन आमंत्रित करने हेतु सूचना**

दिल्ली मंडल के 43 हॉल्ट स्टेशनों पर हॉल्ट ठेकेदार की नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित करने की सूचना

| | |
|---|---|
| 1 | **आवेदन क्रमांक आमंत्रण सूचना:** 631-CP-231-Halt Tender-2023 |
| 2 | **कार्य का नाम एवं स्थान :** दिल्ली मंडल में पांच साल (05) की अवधि के लिए कमीशन के आधार पर अनारक्षित टिकटों की बिक्री के लिए 43 हॉल्ट स्टेशनों पर "43" हॉल्ट ठेकेदारों की नियुक्ति हेतु। |
| 3 | **निविदा प्रकार :** खुली आवेदन |
| 4 | **निविदा जमा करने और निविदा खोलने की तिथि और समय:** आवेदन, सीलबंद लिफाफे में वाणिज्यिक शाखा, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 में दिनांक 01.01.2025 से 22.01.2025 (प्रातः 10:00 बजे से शाम 17:00 बजे तक) तथा दिनांक 23.01.2025 को 14:00 बजे तक स्वीकार किए जाएंगे और दिनांक 23.01.2025 को ही 15:00 बजे खोले जाएंगे। |
| 5 | **सम्पूर्ण निविदा सूचना कहाँ देखी जा सकती है:** निविदा निमंत्रण की सूचना तथा निविदा प्रपत्र उत्तर रेलवे की वेबसाइट **www.nr.indianrailways.gov.in** से प्राप्त किये जा सकते है। |

**No.: 631-CP-231-Halt Tender-2023 Date: December'2024** **3960/24**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

**E-TENDER NOTICE**

वरि. मं. वि. इंजी. / ई.एम.यू. / गाजियाबाद भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली ई–निविदायें आमंत्रित करते हैं:

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा संख्या | GEM/2024/B/5735274 Date: 27.12.2024 |
| 2 | कार्य का विवरण एवं स्थान | ईएमयू कार शेड, गाजियाबाद में 2 वर्ष की अवधि के लिए जंगल की सफाई और पार्क का रखरखाव। |
| 3 | निविदा दस्तावेज की कीमत | NIL |
| 4 | कार्य की अनुमानित लागत | Rs. 28,32,354.00 inclusive of GST |
| 5 | धरोहर राशि | Rs. 56,700.00 (payment mode available on GeM website) |
| 6 | कार्य पूरा करने की अवधि | 02 year(s) |
| 7 | ऑफर की अवधि | 60 (Days) |
| 8 | निविदा विज्ञापन की तिथि (on GeM website) | 27.12.2024 |
| 9 | निविदा जमा करने की तिथि (on GeM website) | 27.12.2024 and 18.01.2025 11:00:00 |
| 10 | निविदा समापन की तिथि एवं समय | 18.01.2025 (11:00 Hrs.) |
| 11 | निविदा खुलने की तिथि एवं समय (तत्काल जब निविदा जमा करने का काल समाप्त हो जाए) | 18.01.2025 (11:30 Hrs.) |

**Note 1**: All participant Tenderer/Tenderers will submit their requisite documents along with their tender offer. "No post tender correspondence for submission of additional document shall be entertained after opening of the Technical & Commercial offer. Even suo-moto post tender letters of the tenders shall be treated as null & void". **Note 2**: Duplicate documents should not be enclosed/up loaded. निविदा सुचना website **www.gem.gov.in** पर उपलब्ध है।

**GEM/2024/B/ 5735274 Date: 27.12.2024** **3961/24**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

**खुली निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता / प्रथम, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टैंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **कार्य का नाम** | सहायक मंडल अभियंता / पानीपत के तहत एसएसई / डब्ल्यू / पानीपत के अनुभाग में जेएचआई–पीएनपी खंड पर किमी. 20 / 14–15 बॉक्स पुलिंग विधि (आरसीसी बॉक्स का आकार 6.00 x 5.00 मीटर) पर एल–एक्सिंग नंबर 13 का उन्मूलन। |
| 2. | **अनुमानित लागत** | रु. 5,58,80,576.10 |
| 3. | **धरोहर राशि** | रु. 4,29,400/- यह नेट बैंकिंग या केवल भुगतान gate way के रूप में होना चाहिए। नोटः एफ.डी.आर या डिमांड ड्राफ्ट के रूप में ई.एम.डी. स्वीकार नहीं की जाएगी। (रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2015 / सीई–1 / सीटी / 5 / 1 दिनांक 31 / 08 / 2016) के अनुसार आई.आर.ई.पी.एस. पर आमंत्रित निविदा के लिए। |
| 4. | **समापन अवधि** | 06 महीने |
| 5. | **ई–निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय** | 17.01.2025 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 17.01.2025 को 15:00 बजे। |
| 6. | **निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है** | **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है |
| 7. | **समान प्रकार के कार्य** | एआईआर / पुशिंग / कट एवं कवर विधि से पुलों / सीमित उच्च सबवे का निर्माण। |

**नोटः**– शपथ पत्र संलग्नक XXIV अनिवार्य रूप के रूप में निविदा शर्तों के साथ संलग्न नए प्रारूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। और सभी संलग्न दस्तावेज निविदाकर्ता द्वारा स्वयं सत्यापित किया जाना चाहिए।

संख्याः 128–डब्लू / 280 / निविदा सूचना / 24–25 / डब्लू–I (NIT-58) दिनांकः 27.12.2024 **3954/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

**ई–निविदा (इ–प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिए वरिष्ठ मंडल अभियंता–II, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल मे ई–निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| **कार्य का नाम** | **NIT-59-24-25-W-2** | वरिष्ठ मंडल अभियंता–II के अधिकार क्षेत्र में सहायक मंडल अभियंता / गाजियाबाद के अंतर्गत डीएसए–एसएमक्यूएल–एसआरई सेक्शन पर रेलवे किमी 5 / 3–4 पर आकार 4.5x2.5 मीटर के एलएचएस का प्रावधान। |
| | **NIT-60-24-25-W-2** | वरिष्ठ मंडल अभियंता–II के अधिकार क्षेत्र में सहायक मंडल अभियंता / गाजियाबाद के अंतर्गत ईएलएस / जीजेडबी की 200 से 225 लोकोमोटिव की धारण क्षमता बढ़ाने के क्रम में शेष कार्य। |
| **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये)** | | आईआरईपीएस पर एनआईटी के अनुसार |
| **बयाना राशि (रुपये)** | | आईआरईपीएस पर एनआईटी के अनुसार |
| **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये)** | | रु.0.00 |
| **निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय** | | 21.01.2025 को 15:00 तक। |
| **वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है** | | निविदा **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| **आवंटन** | | 26304203 & 20426203 |

- ठेकेदारो को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) **IREPS)** साइट यानी **www.ireps.gov.in** के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए।
- सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
- मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी।
- निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।
- निविदा संख्या : 128–डब्लू / 280 / ई–निविदा सूचना / एनआईटी–59&60-24-25/डब्ल्यू–2 दिनांक : 26.12.2024 **3955/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# मनमोहन सिंह के निधन पर गहलावत ने जताया शोक



टीम एक्शन इंडिया

**राई ।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर राई हल्के से विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया और भगवान से उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की । विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय मनमोहन सिंह के द्वारा भारत के लिए किए गए योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। पूर्व प्रधानमंत्री एवं देश के वरिष्ठ नेता डॉ.मनमोहन सिंह के निधन से पूरा देश अत्यंत दुखी है। भारत में आर्थिक सुधारों के जनक मनमोहन सिंह 2004 से 2014 तक, 10 वर्ष देश के प्रधानमंत्री रहे और उससे पहले उन्होंने वित्त मंत्री के रूप में देश के आर्थिक ढांचे को मजबूत करने में मदद की। वह वैश्विक वित्तीय और आर्थिक क्षेत्रों में एक प्रसिद्ध नाम थे। साधारण पृष्ठभूमि से आने के बावजूद वह देश के कुछ सबसे महत्वपूर्ण पदों पर पहुंचे। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय मनमोहन सिंह की ईमानदारी और सादगी, देश के विकास में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। संघर्षों से ऊपर उठकर सफलता की ऊंचाइयों को प्राप्त करने के कारण उन्होंने हमेशा याद किया जाएगा ।

# बिजली चोरी पकड़ने गई विजिलेंस टीम पर हमला



टीम एक्शन इंडिया

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी** - खरखौदा के फरमाणा गांव में बिजली चोरी की शिकायत पर कार्रवाई करने गई विजिलेंस टीम पर दो सगे भाइयों ने हमला कर दिया। विजिलेंस टीम ने मौके पर जांच के दौरान बिजली चोरी पकड़ी थी। जिसके बाद आरोपियों ने टीम के सदस्यों के साथ गाली-गलौज और हाथापाई की। टीम प्रभारी व एसडीओ रामसिंह की शिकायत पर फरमाणा चौकी पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार विजिलेंस एसडीओ एचपीवीएस रोहतक रामसिंह ने बताया कि वह अपनी टीम के साथ क्षेत्र में चेकिंग कर रहे थे। टीम में जेई सदानंद और पुलिसकर्मी ब्रह्मप्रकाश भी शामिल थे। जांच के दौरान फरमाणा गांव के सिसाना-फरमाणा मार्ग पर एक कृषि यंत्र की दुकान पर बिजली चोरी पकड़ी गई। दुकान के पीछे बने मकान की बिजली लाइन में अवैध तरीके से पीवीसी तार के जरिए चोरी की जा रही थी। टीम ने जब रिढाऊ गांव के रहने वाले आरोपी नीरज और साहब सिंह से पूछताछ शुरू की, तो उन्होंने टीम पर हमला कर दिया। दोनों भाइयों ने सरकारी काम में बाधा डालते हुए गाली-गलौज की और टीम के सदस्यों को जान से मारने की धमकी भी दी। एसडीओ रामसिंह की शिकायत पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सम्मोहित कर कान के बाले चुराने के आरोप में दो गिरफ्तार

**गन्नौर।** क्राईम यूनिट गन्नौर पुलिस टीम ने कान के बाले चोरी करने की घटना में संलिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित बलराज उर्फ पाल्लू व मंजीत उर्फ लाडू निवासी वजीरपुर टिटाना जिला पानीपत के रहने वाले हैं। जानकारी अनुसार 23 दिसंबर को गुड्डी निवासी घसौली ने थाना बड़ी में शिकायत दी थी की 23 दिसंबर को वह पबनेरा रोड घसौली की तरफ से अपने घर आ रही थी। जब के पास पहुंची तो पबनेरा की तरफ से एक गाड़ी आ कर रुकी। जिसमें सवार एक साधू ने जींद जाने का रास्ता पूछा जब वह खिड़की के पास बाबा को रास्ता बताने लगी तो उसने सिर पर आशीर्वाद देने के लिए हाथ रखा और बात करने लगा।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **प्रदीप चंद उर्फ बाबू, पुत्रः भरत चंद, पताः आई–806, मंगोलपुरी, दिल्ली** ने **FIR No. 665/2022, U/s 380/411 IPC, पुलिस थाना मंगोलपुरी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **प्रदीप चंद उर्फ बाबू** नहीं मिल रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त दानिश **प्रदीप चंद उर्फ बाबू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 665/2022, U/s 380/411 IPC, पुलिस थाना मंगोलपुरी, दिल्ली** के अभियुक्त **प्रदीप चंद उर्फ बाबू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.02.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री रीतिका जैन
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05
उत्तर–पश्चिम, कमरा नं. 105
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

**DP/17042/OD/2024**

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सुरेन्द्र पासवान, पुत्रः** श्री समेश्वर, **पता** : मकान नं. 123, झंगोला गाँव, दिल्ली–110036 ने मुकदमा **FIR No. 1506/2014, U/s 325 / 342 / 506 / 34 IPC, थानाः मंगोलपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुरेन्द्र पासवान** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुरेन्द्र पासवान** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 1506/2014, U/s 325 / 342 / 506 / 34 IPC, थानाः मंगोलपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सुरेन्द्र पासवान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.01.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
रीतिका जैन
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी
कमरा नं. 105, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

**DP/17036/OD/2024**
(Court Matter)

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **श्रीमती चंचल नेगी**, पता : 302 बी विंग, जिऑन अजमेरा, आइलैंड, भक्ति पार्क वाडल पूर्व, मुंबई, महाराष्ट्र–400037; दूसरा पताः मकान नं ए, 101ए, पर्यावरण कॉम्प्लैक्स, सैदुलाजाब, नई दिल्ली ने कोर्ट मुकदमा **NI Act/5732/2021, U/s 138 of the Negotiable Instruments Act, थानाः तिगड़ी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **श्रीमती चंचल नेगी** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **श्रीमती चंचल नेगी** फरार हो गयी है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि कोर्ट मुकदमा **NI Act/5732/2021, U/s 138 of the Negotiable Instruments Act, थानाः तिगड़ी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **श्रीमती चंचल नेगी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.01.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री पूजा कुमारी
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी (एनआई एक्ट)
कमरा नं. 25, साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

**DP/16988/SD/2024**
(Court Matter)

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **सिद्धार्थ उर्फ राज सिंह**, पुत्र महिपाल सिंह, निवासी- 962 जी.एन-16 एसबीएस कॉलोनी, करावल नगर, दिल्ली ने **एफ आई आर नंबर 506/22 धारा 392/411/34 भा.द.स थाना करावल नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सिद्धार्थ उर्फ राज सिंह** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सिद्धार्थ उर्फ राज सिंह** फ़रार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **सिद्धार्थ उर्फ राज सिंह, एफ आई आर नंबर 506/22 धारा 392/411/34 भा.द.स थाना करावल नगर, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 03.02.2025 को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री इसरा जैदी**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-04
कमरा नंबर 64, चौथी मंजिल, उत्तर पूर्व जिला
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

**DP/16912/NE/2024**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है **नीतीश** पुत्र नवीन निवासी जी-18/10, लक्ष्मी पार्क, नांगलोई, दिल्ली ने **एफआईआर नंबर 575/2020 धारा 188 भा.द.स थाना राज पार्क, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नीतीश** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **नीतीश** फ़रार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **नीतीश, एफआईआर नंबर 575/2020 धारा 188 भा.द.स थाना राज पार्क, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 27.01.2025 को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री इब्बानी अग्रवाल**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-03
उत्तर पश्चिम, कोर्ट नंबर 107, प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

**DP/16089/OD/2024**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **चंदर भान** पुत्र **माहीलाल** निवासी अमित का मकान, नव ज्योति फार्म के पीछे, ग्राम रिठौज, भोंडसी, गुड़गांव, हरियाणा ने **FIR.No. 327/2021 dt. 16.07.2021 U/s 33/52 Delhi Excise act.,** के अंतर्गत थानाः **फतेहपुर बेरी,** दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **चंदर भान** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **चंदर भान** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR.No. 327/2021 dt. 16.07.2021 U/s 33/52 Delhi Excise act.,** थानाः **फतेहपुर बेरी,** दिल्ली के उक्त अभियुक्त **चंदर भान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.02.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री आशीष कुमार मीना, JMFC-01,
साउथ, कमरा नंबर 214, साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

**DP/16977/SD/2024**

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश**
9815119633, 9855577523

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े–लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।




# 'आप' ने की मनमोहन सिंह के लिए 'भारत रत्न' की मांग

**आम आदमी पार्टी ने मनमोहन सिंह को महान अर्थशास्त्री और ईमानदार नेता बताते हुए भारत रत्न दिए जाने की मांग की, कहा- उनके जैसे ईमानदार नेता इसके हकदार**

**मांग**

**कांग्रेस समेत सभी दलों के बड़े नेताओं ने मनमोहन सिंह के निधन को देश के लिए बड़ी क्षति बताया**





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: देश** के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह बृहस्पतिवार रात 9:51 अंतिम सांस ली। उन्हें बेहोशी की अवस्था में घर से एम्स की आपातकालीन विभाग में लाया गया था। एम्स के मीडिया सेल की प्रभारी व प्रोफेसर डॉ रीमा दादा ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की 92 वर्ष की आयु में निधन हुआ। उम्र से संबंधित चिकित्सा स्थितियों के लिए उनका इलाज चल रहा था। 26 दिसंबर को घर पर अचानक बेहोश हो गए। घर पर तुरंत पुनर्जीवन देने के लिए उपाय शुरू किए गए। रात करीब 8:06 बजे उन्हें एम्स के मेडिकल इमरजेंसी में लाया गया। यहां तमाम कोशिशों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। रात 9:51 बजे उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। कांग्रेस समेत सभी दलों के बड़े नेताओं ने मनमोहन सिंह के निधन को देश के लिए बड़ी क्षति बताया है। आम आदमी पार्टी ने मनमोहन सिंह को महान अर्थशास्त्री और ईमानदार नेता बताते हुए भारत रत्न दिए जाने की मांग की। आप नेता संजय सिंह ने कहा, 'पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी का निधन भारत के लिए अपूरणीय क्षति है। इतिहास उन्हें एक महान और ईमानदार नेता के तौर पर याद रखेगा। वे सदैव ही सभी लोगों से बेहद विनम्रता से मिलते थे। डॉ. मनमोहन सिंह जी भारत रत्न के हकदार हैं। प्रभु उनकी पुण्य आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें।' पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी का निधन भारत के लिए अपूरणीय क्षति है। इतिहास उन्हें एक महान और ईमानदार नेता के तौर पर याद रखेगा।

**सात दिवसीय राजकीय शोक की घोषणा**

केंद्र सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के 26 दिसंबर, 2024 को नई दिल्ली के एम्स अस्पताल में निधन के बाद 26 दिसंबर, 2024 से एक जनवरी, 2025 तक पूरे देश में सात दिवसीय राजकीय शोक की घोषणा की है। इस दौरान, उन सभी स्थानों पर राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा, जहां इसे पारंपरिक रूप से फहराया जाता है और सभी आधिकारिक कार्यक्रम स्थगित रहेंगे।

**राजघाट के पास होगा अंतिम संस्कार**

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का पार्थिव शरीर कल 28 दिसंबर को कांग्रेस मुख्यालय लाया जाएगा, जहां लोग उन्हें श्रद्धांजलि देंगे।

## 'एक दूरदर्शी नेता थे डॉ. मनमोहन सिंह', अरविंद केजरीवाल हुए भावुक

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह बृहस्पतिवार रात 9:51 अंतिम सांस ली। उन्हें बेहोशी की अवस्था में घर से एम्स की आपातकालीन विभाग में लाया गया था। एम्स के मीडिया सेल की प्रभारी व प्रोफेसर डॉ रीमा दादा ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की 92 वर्ष की आयु में निधन हुआ।

**अरविंद केजरीवाल ने दी आवास पर जाकर श्रद्धांजलि**

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर पूरे देश में शोक की लहर है। आज आसमान भी बरस रहा है। दिल्ली में मनमोहन सिंह के आवास पर जाकर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पूर्व पीएम को श्रद्धा सुमन अर्पित किए है।

## कहासुनी के बाद 12वीं के छात्र को चाकू से गोदा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** कृष्णा नगर में इंस्टाग्राम पर हुई कहासुनी जानलेवा हमले में बदल गई। आठवीं कक्षा के एक छात्र ने अपने भाई और दोस्तों के साथ मिलकर 12वीं कक्षा के एक छात्र के साथ मारपीट की और चाकू से हमला कर उसे बुरी तरह से घायल कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पीड़ित छात्र की पहचान रियान (17) के रूप में हुई है। वह परिवार के साथ आर्य नगर में रहता है और 12वीं कक्षा का छात्र है। पुलिस को दी शिकायत में रियान ने बताया कि उसके दोस्त की इंस्टाग्राम पर आठवीं कक्षा के एक छात्र से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। 24 दिसंबर को वह अपने उस दोस्त के साथ खाना खाने के लिए कृष्णा नगर स्थित एक बेकरी पर गए थे। वहां पर इंस्टाग्राम पर कहासुनी करने वाला आठवीं कक्षा का छात्र अपने भाई और चार पांच अन्य लड़कों के साथ खड़ा था। उसे और उसके दोस्त को देखकर आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान एक लड़के ने उसके सिर पर चाकू से हमला कर दिया। खून बहता देख सभी हमलावर वहां से फरार हो गए। पीड़ित ने अपने चाचा को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंचे उसके चाचा ने पुलिस को जानकारी दी और पीड़ित को अस्पताल लेकर पहुंचे। मौके पर कोई न मिलने के बाद पुलिस अस्पताल पहुंची। जहां रियान का इलाज चल रहा था। उस समय वह दर्द की वजह से बयान देने की हालत में नहीं था। बाद में पुलिस ने पीड़ित के बयान और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर गंभीर चोट पहुंचाने का मामला दर्ज कर लिया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

**शादी से तीन दिन पहले की हत्या, मंगेतर दोषी करार**

साकेत कोर्ट ने शादी के तीन दिन पहले मंगेतर की हत्या करने वाले युवक को दोषी करार दिया है। 2010 में हुई वारदात के मामले में साकेत कोर्ट ने 23 दिसंबर को फैसला सुनाया।

# चुनावी समर में दिल्लीवासियों को मिलेगी कई परियोजनाओं की सौगात



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: राजधानी** में दिल्लीवासियों को विकास की कई परियोजनाओं की सौगात मिलेगी। दिसंबर अंत और जनवरी के पहले सप्ताह में इन परियोजनाओं को जनता को सौंप दिया जाएगा। 29 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रोहिणी के जापानी पार्क में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इसके बाद 3 जनवरी को शाहदरा स्थित सीबीटी ग्राउंड में चुनावी रैली करेंगे। इस दौरान पूरी हुईं परियोजनाओं का शुभारंभ होगा। केंद्र सरकार की परियोजनाओं की बात करें तो दिल्ली में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की ओर से दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का पहला खंड पूरी तरह तैयार है। यह यमुनापार में ट्रैफिक के दबाव को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसका प्रधानमंत्री उद्घाटन कर सकते हैं। साथ ही, दिल्ली-मेरठ रीजनल रैपिड ट्रांसपोर्ट सिस्टम (आरआरटीएस) के साहिबाबाद से न्यू अशोक नगर स्टेशन के सेक्शन तक नमो भारत ट्रेन के परिचालन की भी सौगात मिल सकती है। इस सेक्शन पर नमो भारत ट्रेनों का ट्रायल बीते दो माह से चल रहा है। अब यह अंतिम चरण में है। ऐसे में प्रधानमंत्री में इसका शुभारंभ कर सकते हैं।

**बैठक**

**प्रधानमंत्री के आगमन से पूर्व तैयारियां तेज हो गई हैं। एसपीजी की टीम ने अधिकारियों के संग बैठक की**

**साहिबाबाद के रास्ते आनंद विहार जाएंगे मोदी**

साहिबाबाद। 29 दिसंबर को न्यू अशोक नगर दिल्ली और आनंद विहार नमो भारत ट्रेन स्टेशन का उद्घाटन कार्यक्रम प्रस्तावित है। इसमें शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री साहिबाबाद के रास्ते दिल्ली पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री के आगमन से पूर्व तैयारियां तेज हो गई हैं। बृहस्पतिवार को एसपीजी की टीम ने अधिकारियों के संग करीब पांच घंटे तक बैठक की। अधिकारियों ने नमो भारत ट्रेन से न्यू अशोक नगर तक के रूट का जायजा लिया। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री पहले हिंडन एयरफोर्स उतरेंगे।

# विधानसभा चुनाव से पहले बढ़ी अरविंद केजरीवाल की टेंशन

**जांच की आंच**

**मुख्यमंत्री आवास में सुख सुविधा पर भारी भरकम राशि खर्च करने और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: विधानसभा** चुनाव के लिए प्रचार में तेजी आने के साथ ही आम आदमी पार्टी के संयोजक की परेशानी बढ़ सकती है। पिछले सप्ताह उपराज्यपाल ने आबकारी नीति मामले में केजरीवाल के विरुद्ध मुकदमा चलाने की सिफारिश की थी।

**पीडब्ल्यूडी से जांच करने को कहा**

वहीं, अब मुख्यमंत्री आवास को लेकर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता की शिकायत पर सतर्कता विभाग ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) से जांच करने को कहा है। उन्होंने 6, फ्लैग स्टाफ रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास में सुख सुविधा पर भारी भरकम राशि खर्च करने और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था।

**भाजपा के पास कोई विश्वसनीय चेहरा नहीं**

वहीं, आम आदमी पार्टी का कहना है कि भाजपा के पास दिल्ली के लिए न तो कोई विश्वसनीय चेहरा है, न कोई विजन है और न ही कोई योजना है। उनका एकमात्र एजेंडा सुबह-शाम अरविंद केजरीवाल को गालियां देना है। गुप्ता ने कहा, उन्होंने 20 नवंबर को दिल्ली के उपराज्यपाल को इस संबंध में पत्र लिखा था। उपराज्यपाल ने छह दिसंबर को इस मामले की जांच के सतर्कता विभाग को जांच के आदेश दिए थे। सतर्कता विभाग ने पीडब्ल्यूडी के प्रमुख सचिव को जांच सौंप दी है।

**पांच दिन में देनी है जांच रिपोर्ट**

उन्होंने कहा, पीडब्ल्यूडी को मुख्यमंत्री आवास में विलासिता के साधन उपलब्ध कराने वाले का पता करने, इसके बदले किसी को क्या लाभ पहुंचाया गया, सरकारी फंड से कितनी राशि खर्च हुई और नियम के उल्लंघन को लेकर जांच कर पांच दिनों में रिपोर्ट देनी है। उन्होंने कहा कि पीडब्ल्यूडी द्वारा वर्ष 2022 में मुख्यमंत्री आवास में उपलब्ध कराए गए फर्नीचर और अन्य वस्तुओं की सूची और केजरीवाल के आवास छोड़ने पर तैयार की गई सूची में बहुत असमानता मिली है।

**पीडब्ल्यूडी विभाग का क्या कहना?**

पीडब्ल्यूडी का कहना है कि वर्ष 2022 के बाद उसने मुख्यमंत्री आवास में फर्नीचर या कोई और सामान नहीं लगाया है।

वहीं, मुख्यमंत्री आवास के शौचालय में 12-12 लाख के कमोड, महंगे वाश बेसिन, लाखों रुपये के सोफे, पर्दे, टीवी और रेफ्रिजरेटर सहित विलासिता के कई सामान मिले हैं जिसे पीडब्ल्यूडी ने नहीं लगाया था।

# झमाझम बारिश ने दिल्ली में बढ़ाई ठिठुरन



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली-एनसीआर में लोगों की सुबह की शुरूआत बारिश के साथ हुई। दिल्ली के कई इलाकों में तेज बारिश हुई। वहीं कुछ एक इलाके हल्की बारिश हुई है। दिल्ली एनसीआर में पड़ रही ठंड के बीच बारिश ने और सर्दी बढ़ा दी है। मौसम विभाग ने लोगों को ठंड से बचने की चेतावनी दी है। आईएमडी के अनुसार, दिल्ली का न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में नया पश्चिम विक्षोभ सक्रिय होने से शुक्रवार व शनिवार को बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से धूल भरी आंधी भी चलने का अनुमान है। इसके बाद हल्की से मध्यम स्तर की बारिश हो सकती है। वहीं, विभाग ने नए साल की पूर्व संध्या से पारा लुढ़कने के आसार जताए हैं। ऐसे में न्यूनतम तापमान छह डिग्री के आसपास पहुंच सकता है। वहीं गुरुवार को सफदरजंग में सुबह साढ़े सात बजे के करीब दृश्यता 100 मीटर दर्ज की गई, जबकि पालम केंद्र में इस दौरान दृश्यता 300 मीटर दर्ज की गई। इससे वाहन चालकों को अधिक परेशानी का सामना करना पड़ा। न्यूनतम तापमान एक डिग्री सेल्सियस अधिक 8.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, अधिकतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री अधिक 24.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पूसा में न्यूनतम तापमान अन्य केंद्र के मुताबिक सबसे कम दर्ज किया गया।

# मनमोहन सिंह का ग्रेटर नोएडा के साथ रहा अटूट बंधन




**टीम एक्शन इंडिया**
**नोएडा।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, प्रख्यात अर्थशास्त्री डॉ.मनमोहन सिंह का बृहस्पतिवार देर रात निधन हो गया। वहीं, डॉ.मनमोहन सिंह का निधन होने से पूरे देश में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन पर हर किसी ने दुख जताया। बता दें कि डॉ.मनमोहन सिंह का ग्रेटर नोएडा के साथ भी एक अटूट बंधन रहा था। छह जनवरी 2006 में इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट का उद्घाटन डॉ.मनमोहन सिंह ने ही किया था।

**मुख्य अतिथि शामिल हुए थे**

डॉ.मनमोहन सिंह ग्रेटर नोएडा को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पटल पर पहचान बनाने में एक्सपो मार्ट का अहम योगदान है। यहां राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के एक्सपो का आयोजन होता है, जिसने ग्रेटर नोएडा का नाम वैश्विक मानचित्र में दर्ज कराया है। इसके अलावा पूर्व प्रधानमंत्री डॉ.मनमोहन सिंह दो बार और ग्रेटर नोएडा आ चुके हैं। मई 2013 में एशियन बैंक डेवलपमेंट की वार्षिक बैठक में वे बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए थे।

# यादें: डॉ. मनमोहन सिंह का पुरानी दिल्ली की रामलीलाओं से था गहरा नाता

**मंचन**

**वह लगातार 15 वर्षों तक प्रत्येक वर्ष रामलीलाओं का मंचन देखने पुरानी दिल्ली आते रहे**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का पुरानी दिल्ली की रामलीलाओं से गहरा नाता रहा था। वह लगातार 15 वर्षों तक प्रत्येक वर्ष रामलीलाओं का मंचन देखने पुरानी दिल्ली आते रहे।

**रामलीला उत्सव में जरूर आते थे डॉ. मनमोहन सिंह**

प्रधानमंत्री बनने के बाद वर्ष 2004 से वर्ष 2013 तक वह हर दशहरा रामलीला मैदान में आयोजित होने वाले रामलीला उत्सव में जरूर आते थे और रावण पर तीर चलाकर बुराइयों पर अच्छाई का संदेश देते थे। उनके साथ कांग्रेस पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी भी होती थीं। मनमोहन सिंह का रामलीलाओं से रहा गहरा नाता वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री पद से हटने के बाद भी उनका नाता रामलीलाओं से बना रहा और उस वर्ष से वह लालकिला मैदान में आयोजित होने वाली नव श्री धार्मिक लीला का मंचन देखने आने लगे। यह सिलसिला कोरोना महामारी के ठीक पहले तक चला।

**जब टूट गया था ये सिलसिला**

वहीं, वर्ष 2020 में वैश्विक महामारी के कारण जब दिल्ली में रामलीला का मंचन नहीं हुआ और मैदान सूने हो गए, तब जाकर रामलीला में उनके आने का सिलसिला भी टूट गया। फिर बाद के वर्षों में उनका स्वास्थ्य भी इसकी इजाजत नहीं दे रहा था।

**सादगी से लोगों को धर्म के मार्ग पर चलने का देते थे संदेश**

रामलीला मैदान में मंचित होने वाली श्री रामलीला कमेटी के पूर्व संरक्षक व मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्री काल में लोकसभा सांसद रहे जयप्रकाश अग्रवाल बताते हैं कि वह रामलीला आयोजन में न सिर्फ श्रद्धापूर्वक भाग लेते बल्कि प्रभु राम, लक्ष्मण और माता सीता की आरती उतारते हुए उन्हें तिलक लगाते थे। साथ ही सादगी से लोगों को धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश देते थे।

**2017 में पीएम मोदी के साछ दशहरा उत्सव में आए थे नजर**

बताया गया कि अंतिम बार उन्होंने दशहरा उत्सव में वर्ष 2019 में कबूतर उड़ाकर शांति का संदेश भी दिया था। विशेष बात कि वर्ष 2017 में वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ भी दशहरा उत्सव में नजर आए थे। तब वह लाल किला मैदान में होने वाली श्री धार्मिक लीला के आयोजन में शामिल हुए थे।



# देश ने एक कुशल राजनीतिक और अर्थशास्त्री को खोया: सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के गुरुवार रात निधन के बाद हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अपने सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं। सैनी शुक्रवार को हिसार के नलवा विधानसभा क्षेत्र और महेंद्रगढ़ में धन्यवादी दौरे के तहत जनसभा संबोधित करने वाले थे। सैनी ने गुरुवार को ही भाजपा नेताओं और प्रशासन द्वारा कार्यक्रम के लिए की गई तैयारियों का जायजा लिया था।

पूर्व पीएम मनमोहन सिंह का हरियाणा से गहरा नाता रहा। उन्होंने प्रधानमंत्री रहते हिसार, फतेहाबाद, झज्जर और पानीपत को 4 प्रोजेक्ट दिए। इसके अलावा वे देश की सबसे अमीर महिला सावित्री जिंदल के पति ओपी जिंदल को श्रद्धांजलि देने भी हिसार आए थे। मनमोहन सिंह 2005 में चुनाव प्रचार करने के लिए हिसार पहुंचे थे। तब उन्होंने ओपी जिंदल के लिए शहर के



पुराने राजकीय कॉलेज मैदान में रैली को संबोधित किया था। मनमोहन सिंह दूसरी बार हिसार के बरवाला स्थित खेदड़ आए। जहां 19 मई 2007 को खेदड़ थर्मल प्लांट का शिलान्यास किया था। पूर्व मंत्री ओपी जिंदल का 31 मार्च 2005 को निधन हुआ। उसके बाद जिंदल की आत्मकथा को रिलीज करने मनमोहन सिंह पहुंचे थे। यह कार्यक्रम 7 अगस्त 2005 को हुआ था। जिंदल परिवार के साथ मनमोहन का गहरा संबंध रहा।

मनमोहन सिंह के निधन पर नायब सैनी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- "पूर्व प्रधानमंत्री डॉ.मनमोहन सिंह के निधन की खबर अत्यंत दुखद है। पंजाब के एक साधारण से गांव से भारत के अर्थशास्त्री और प्रधानमंत्री बनने का सफर आपके समर्पण को दर्शाता है। आपकी सादगी और विद्वता के लिए आपको हमेशा याद किया जाएगा। आपका योगदान देश के विकास में सदैव अविस्मरणीय रहेगा।" पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा ने कहा- " दुनिया के महान अर्थशास्त्री, भारत में आर्थिक सुधारों के पुरोधा और अपने काम के जरिए देश को प्रगति पथ पर आगे बढ़ाकर दुनिया भर में अलग पहचान दिलाने वाले पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह जी के निधन की खबर से मन व्यथित है। उनके जाने से राजनीतिक जगत को अपूरणीय क्षति हुई है, जो निकटतम भविष्य में भर पाना बेहद मुश्किल है।पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा ने डॉ. मनमोहन सिंह के साथ अपनी यह पुरानी तस्वीर भी सांझा की, जिसमें वह डॉ. सिंह से बातचीत कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री एवं हरियाणा के पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह जी के निधन से आज मन बहुत व्यथित हुआ है। डॉ. मनमोहन सिंह बहुत बड़े अर्थशास्त्री थे। देश को एक नई दिशा उन्होंने दी है। उदारीकरण के वह पक्षधर थे। उनके निधन से पूरा देश गमगीन है। मैं इस मौके पर उनको श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

## प्रदेश के 3882 परिवारों के खातों में डिजिटल माध्यम से जारी किये 144.73 करोड़ रुपये

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना (दयालु-II) के तहत 3,882 लाभार्थियों के बैंक खातों में 144.73 करोड़ रुपये की राशि जारी की है। अंत्योदय परिवारों को सामाजिक-वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई इस योजना का उद्देश्य परिवार के किसी सदस्य की मृत्यु या स्थायी विकलांगता के कारण वित्तीय कठिनाइयों का सामना कर रहे लोगों को सहायता प्रदान करना है।
आज यहां यह जानकारी साझा करते हुए एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि इस पहल के तहत योजना की शुरुआत से अब तक पोर्टल के माध्यम से आवेदन करने वाले 20,399 पात्र परिवारों को 1 अप्रैल 2023 से 30 जून 2024 तक 763.69 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं। यह राशि भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) प्लेटफॉर्म के माध्यम से सीधे उनके आधार से जुड़े बैंक खातों में स्थानांतरित की जा रही है। प्रवक्ता ने कि दयालु-कयोजना उन परिवारों को वित्तीय सहायता प्रदान करती है, जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये से कम है।

## फर्जी वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल, हड़पे 13 लाख

**फर्जीवाड़ा**

**13 लाख रुपए देने के तीन दिन बाद उसके पास एक व्यक्ति ने पुलिस अधिकारी बनकर फोन किया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**पलवल:** पलवल जिले में वॉट्सएप पर वीडियो कॉल कर महिला के साथ फर्जी अश्लील वीडियो बनाकर एक युवक को ब्लैकमेल कर करीब 13 लाख रुपए हड़पने का मामला सामने आया है। 13 लाख रुपए देने के तीन दिन बाद उसके पास एक व्यक्ति ने पुलिस अधिकारी बनकर फोन किया और कहा कि जिस लड़की की अश्लील वीडियो तेरे साथ है, उसने आत्महत्या कर ली है। समझौता कराने के नाम पर और पैसों की मांग की। जिसकी शिकायत उसने साइबर क्राइम के पोर्टल पर की, तो साइबर क्राइम थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साइबर क्राइम थाना प्रभारी नवीन कुमार ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि शहर थाना क्षेत्र के रहने वाले विपिन नामक एक युवक ने पोर्टल पर दी अपनी शिकायत में कहा कि उसके वॉट्सएप पर एक वीडियो कॉल आई। जिस पर एक महिला उससे बात करने लगी और उक्त महिला ने उसकी फर्जी के खिलाफ उसके साथ एक फर्जी अश्लील वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। वॉट्सएप पर कई नंबरों से कॉल आने लगी और उसे बदनाम करने का भय दिखाकर डरा-धमका कर उससे 13 लाख रुपए हड़प लिए। उसके तीन दिन बाद फिर उसके पास एक फोन आया और फोन करने वाले ने कहा कि वह पुलिस अधिकारी बोल रहा है, जिस लड़की के साथ तेरी अश्लील वीडियो है।

## न्यूज फ्लैश

### हरियाणा: आठ आईपीएस बदले, केके राव बने सोनीपत के पुलिस आयुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने प्रदेश में आठ आईपीएस अधिकारियों के तबादला आदेश जारी किए हैं। शुक्रवार को जारी आदेशानुसार आईपीएस अधिकारी सत्येंद्र कुमार गुप्ता को फरीदाबाद का पुलिस आयुक्त लगाया गया है। सत्येंद्र गुप्ता इससे पहले सोनीपत में पुलिस आयुक्त के पद पर तैनात थे। वर्ष 1993 बैच के आईपीएस आईएस चावला को पुलिस अकादमी मधुबन करनाल में निदेशक के पद पर तैनात किया गया है। अभी तक रोहतक रेंज में बतौर एडीजीपी कार्यरत आईपीएस के.के.राव को वर्तमान कार्यभार के साथ-साथ सोनीपत पुलिस आयुक्त की जिम्मेदारी भी दी गई है। आईपीएस अमिताभ ढिल्लों को एडीजीपी स्टेट इंफोर्समेंट ब्यूरो कम विजिलेंस निदेशक का पद दिया गया है। इसी तरह आईपीएस सौरभ सिंह एडीजीपी सीआईडी के साथ-साथ सीपीटीआर भोंडसी की जिम्मेदारी भी संभालेंगे। अंबाला रेंज के आईजी सिबाश कबिराज अब वर्तमान पद के साथ-साथ स्टेट क्राइम रिकार्ड ब्यूरो निदेशक का पद भी संभालेंगे। रेवाड़ी के एसपी आईपीएस गौरव को अब गुरुग्राम में डीसीपी ईस्ट लगाया गया है। इसी प्रकार आईपीएस मयंक गुप्ता को अब एसपी रेवाड़ी के पद पर लगाया गया है।

### हरियाणा के स्कूलों में एक जनवरी से शीतकालीन अवकाश

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा के स्कूलों में शीतकालीन अवकाश पहली जनवरी से शुरू होगा। राज्य के सभी राजकीय व निजी स्कूल आगामी 15 जनवरी तक बंद रहेंगे। विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर से शुक्रवार को शीतकालीन अवकाश की अधिसूचना जारी कर दी गई है। निदेशालय की ओर से राज्य के सभी जिला शिक्षा अधिकारी, मौलिक शिक्षा अधिकारियों के साथ खंड शिक्षा अधिकारियों को पत्र लिखकर निर्देश दिए गए हैं कि राज्य में पहली से 15 जनवरी तक स्कूलों में शीतकालीन अवकाश रहेगा। 16 जनवरी गुरुवार को विद्यालय पुन: खुलेंगे। अपने अधीनस्थ सभी विद्यालयों में आदेशों की अनुपालना सुनिश्चित की जाए। निदेशालय की ओर से हिदायत दी गई है कि सीबीएसई व आईसीएसई सहित अन्य बोर्डों में कक्षा दसवीं व 12वीं के लिए निर्धारित शेड्यूल के अनुसार विद्यार्थियों को प्रैक्टिकल के लिए विद्यालय बुलाया जा सकता है। राजकीय स्कूलों में शीतकालीन अवकाश से पहले शनिवार 28 दिसंबर को मेगा पीटीएम का आयोजन किया जाएगा। पीटीएम के दौरान शिक्षक अभिभावकों से संवाद करेंगे और शीतकालीन गृह कार्य बारे अवगत कराएंगे। विद्यालयों में मेगा पीटीएम की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं।

### भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर जताया शोक, दी श्रद्धांजलि

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ ।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। इस मौके पर हुड्डा ने कहा कि दुनिया के महान अर्थशास्त्री, भारत में आर्थिक सुधारों के पुरोधा और अपने काम के जरिये देश को प्रगति पथ पर आगे बढ़ाने वाले पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह जी के निधन की खबर से मन व्यथित है। उनके जाने से राजनीतिक जगत को अपूर्णीय क्षति हुई है, जो निकटतम भविष्य में भर पाना बेहद मुश्किल है।
वो दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि और परिवारजनों व समर्थकों के प्रति गहरी संवेदनाएँ अर्पित करते हैं। उनके कार्यों, योजनाओं और योगदान के लिए देश हमेशा मनमोहन सिंह को याद रखेगा। उनके कार्यकाल के दौरान देश ने नई ऊंचाइयों को छुआ और दुनिया में सबसे ज्यादा तेजी से प्रगति की रफ्तार हासिल की। पूरे देश के साथ हरियाणा के विकास में भी उनका विशेष योगदान रहा। मनमोहन सरकार के दौरान ही हरियाणा को फतेहाबाद का न्यूक्लियर पावर प्लांट, रोहतक-रेवाड़ी रेलवे लाइन, जींद-सोनीपत रेलवे लाइन, झज्जर का ग्लोबल न्यूक्लियर पावर रिसर्च सेंटर, कई नेशनल हाईवे समेत विभिन्न राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर की परियोजनाएं मिलीं।

## कैथल के गांवों में पनप रही अवैध कालोनियां

**टीम एक्शन इंडिया**
**कैथल।** अब शहर के अलावा गांव में भी अवैध कालोनियां पर अपने लगी हैं। शुक्रवार को जिला नगर योजनाकार राजकीर्ति ने बताया कि विभाग द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से कैथल के अधीन सांपन खेड़ी व नरड़ में पनप रही अवैध कालोनी में बने रोड़ नेटवर्क पर तोड़-फोड़ की कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई के दौरान डीटीपी कार्यालय का अमला पुलिस बल के साथ अवैध निर्माण को हटाने के लिए जेसीबी मशीन सहित घटना स्थल पर पहुंचा और अवैध कालोनी में अवैध रुप से बनी रोड नेटवर्क व चार दिवारी हटाई।
जिला नगर योजनाकार राजकीर्ति ने बताया कि कार्यालय के संज्ञान में कैथल के अधीन सांपन खेड़ी व नरड़ में अवैध कालोनी काटने का मामला आया है, जिसके उपरांत कार्यालय द्वारा भूस्वामियों और प्रॉपर्टी डीलरों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी करके निर्माण विकसित करने के लिए जरूरी अनुमति प्राप्त करने बारे आदेश दिए गए थे। परंतु भू-स्वामियों द्वारा न तो मौके पर बनाए जा रहे अवैध निर्माण को रोका गया और न ही विभाग से किसी प्रकार की अनुमति के लिए आवेदन किया गया।

## क्रॉस रेगुलेटर के पुनर्निर्माण हेतु किए राशि मंजूर

**जल प्रवाह**

**जल प्रवाह में लंबे समय से चली आ रही समस्याओं को हल करना और क्षेत्र के कई गांवों को लाभ पहुंचाना है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बनारसी डिस्ट्रीब्यूटरी में साइफन और क्रॉस रेगुलेटर के पुनर्निर्माण के लिए 147.88 लाख रुपये मंजूर किए हैं। सरकार द्वारा उठाये गए इस कदम का उद्देश्य जल प्रवाह में लंबे समय से चली आ रही समस्याओं को हल करना और क्षेत्र के कई गांवों को लाभ पहुंचाना है।
इस परियोजना से गांव खानपुर, हेबटका, मरोदा, कोरा बास, झिमरावत, मरोदा बास, बसी, पुथली, जलालपुर, फिरोजपुर दहर, इमामनगर, मोहम्मद सरल अकलीमपुर, बुखारका, भादस, करहेड़ी, करकेरा, जेतका अकलीमपुर, राजाका, उलेटा, घागस, नोटकी, नगीना आदि को लाभ मिलेगा।

**जल वितरण में प्रमुख समस्याओं का होगा समाधान**
आरडी 15750 पर साइफन के संकरे मुंह के कारण, बहता हुआ मलबा अक्सर फंस जाता है, जिससे नहर में पानी भर जाता है और पंप हाउस तक पानी नहीं पहुंच पाता। इससे नहर के अंतिम छोर तक पानी की आपूर्ति भी बाधित होती है, जिससे निचले इलाकों के किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता। साइफन के पुनर्निर्माण से यह बाधा दूर होगी, जिससे जल प्रवाह समुचित ढंग से होगा और पानी की बर्बादी रुकेगी। इसके अतिरिक्त, बनारसी डिस्ट्रीब्यूटरी के आरडी 47650 पर एक क्रॉस रेगुलेटर की आवश्यकता है ताकि शादीपुर माइनर में जल स्तर बढ़ाया जा सके। इस व्यवस्था से पानी शादीपुर माइनर के अंतिम छोर के गांवों तक पहुंच सकेगा, जिससे इन क्षेत्रों में सिंचाई की जरूरतें पूरी होंगी।

**लागत अनुमान और लाभ**
साइफन के पुनर्निर्माण की अनुमानित लागत 48.07 लाख है, जबकि क्रॉस रेगुलेटर के निर्माण पर 99.81 लाख खर्च होने का अनुमान है। साथ में, ये परियोजनाएं समान जल वितरण के साथ किसानों को राहत प्रदान करेंगी, और पूरे क्षेत्र में कृषि उत्पादकता को बढ़ावा देंगी।

**किसानों और कृषि पर प्रभाव**
इन परियोजनाओं का उद्देश्य अंतिम छोर के क्षेत्रों में जलापूर्ति उपलब्ध कराना है, जिससे हजारों लोगों को सीधा लाभ होगा। इससे न केवल लंबे समय से चली आ रही सिंचाई संबंधी समस्याओं का समाधान होगा, बल्कि गांवों में फसल की पैदावार बढ़ेगी।

## झज्जर में रात दस बजे के बाद डीजे बजाया तो होगी कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**झज्जर।** जिले में अब रात दस बजे बाद किसी भी समारोह में डीजे बजता हुआ मिला तो उसके खिलाफ जिला प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त प्रदीप दहिया ने शुक्रवार को ध्वनि प्रदूषण नियमों की जिले में सख्ती से पालना सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। रात दस बजे के बाद जिस समारोह स्थल पर डीजे बजता मिलेगा उसके मालिक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए साउंड सिस्टम को सील कर दिया जाएगा। डीसी प्रदीप दहिया ने कहा कि रात दस बजे से सुबह छह बजे तक डीजे बजाना न केवल कानून अपराध है, बल्कि यह नागरिकों की शांति और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक भी है। उन्होंने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि नियम तोड़ने वालों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाए। इसके अलावा ध्वनि नियंत्रण नियमों के पालन के लिए निर्धारित सभी जिम्मेदार एजेंसियां अपने-अपने क्षेत्र के बैंक्वेट हॉल, होटल, रिसोर्ट आदि के मालिकों को निर्देश दें कि रात दस बजे से सुबह छह बजे तक डीजे बजाने पर पूरी तरह पाबंदी है। अगर फिर भी किसी प्रकार का ध्वनि यंत्र बजता हुआ पाया गया तो डीजे संचालक व नियमों की अवहेलना करने वाले होटल, रिजॉर्ट व बैंक्वेट हॉल मालिक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अपने घर व दुकान आदि निजी परिसर में भी कोई व्यक्ति निर्धारित सीमा से ऊंची आवाज में डीजे या लाउडस्पीकर नहीं बजा सकेगा। बहादुरगढ़, झज्जर, बेरी व बादली के अलावा जिले के सभी गांवों में भी जिलाधीश के ये आदेश लागू रहेंगे।

## मुख्यमंत्री की पत्नी बनी बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सैनी की पत्नी सुमन सैनी हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष बनी हैं। सुमन सैनी ने अपना कार्यभार संभाल लिया है। हरियाणा सरकार के नियमानुसार यह पद मुख्यमंत्री की पत्नी के लिए आरक्षित रहता है। नायब सैनी से पूर्व हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल अविवाहित थे।
जिसके चलते यह पद पिछले दस साल से रिक्त पड़ा हुआ था। इससे पूर्व भूपेंद्र सिंह हुड्डा की पत्नी आशा हुड्डा रेडक्रॉस समिति की उपाध्यक्ष और बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष दोनों का पद संभाल चुकी हैं।

## हरियाणा के 10 जिलों में तेज बारिश

**झमाझम बारिश**

**बारिश के दौरान हिसार, फतेहाबाद, सिरसा और भिवानी में जमकर ओले गिरे हैं**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के 10 जिलों में शुक्रवार सुबह से बारिश शुरू हुई। इनमें जींद, हिसार, भिवानी रोहतक, रेवाड़ी, महेंद्रगढ़, सिरसा, फतेहाबाद, झज्जर, पानीपत और सोनीपत शामिल हैं। कई जगह बारिश तड़के 3 बजे ही शुरू हो गई थी। बारिश के दौरान हिसार, फतेहाबाद, सिरसा और भिवानी में जमकर ओले गिरे हैं। फतेहाबाद के मिनी सचिवालय के भीतर भी ओले गिरे।
लगातार बारिश से सड़कों पर पानी जमा हो गया । नारनौल में शनि मंदिर के पास पूरा मोहल्ला ही पानी में डूब गया। करीब 6 साल से बन रहे छलक नाले के कारण ये समस्या पैदा हुई है। करीब 20 घरों में पानी घुसा। बारिश के कारण ठिठुरन बढ़ गई मौसम विभाग ने प्रदेश के 18 जिलों में ऑरेंज और 4 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया है। शनिवार को भी इसी तरह बारिश होने के आसार हैं।
हिसार में नारनौंद के माजरा प्याऊ गांव में बारिश के दौरान ओलावृष्टि हुई। इसके अलावा हांसी, आदमपुर में भी ओले गिरे हैं। फतेहाबाद में लघु सचिवालय, धांगड़, बड़ोपल, सालम खेड़ा और भिरड़ाना में ओले गिरे हैं। भिवानी के गिरावड़ गांव में शुक्रवार दोपहर को बारिश के साथ ओले भी गिरे। नारनौल में बारिश के बाद घरों में पानी भर गया। मार्केट में भी करीब डेढ़ से 2 फीट पानी जमा हो गया।
नारनौल में अब तक सबसे ज्यादा 22एम एम बारिश दर्ज की गई है। वहीं जींद 14.2, हिसार 11.6, बालसमंद 13, रोहतक 5.8, भिवानी 4.3, सिरसा 2, गुरुग्राम 2.5, कुरुक्षेत्र 1.5, पानीपत 1 और सोनीपत में 7.5 एमएम बारिश हो चुकी है।सोनीपत, महेंद्रगढ़ और चरखी दादरी समेत अन्य जगह तड़के से बारिश शुरू हुई। सड़कों पर पानी भर गया है। हरियाणा में 24 घंटे में न्यूनतम तापमान में औसतन 4.4 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई है। सबसे कम तापमान यमुनानगर के हथिनीकुंड बैराज में 9.9 डिग्री दर्ज किया गया है रेवाड़ी में तड़के 3 बजे बारिश शुरू हुई थी, जो दोपहर बाद तक जारी थी। बारिश होने से धुंध होगी। जिससे गेहूं की फसल अच्छी होगी। बेलदार फसलों को फायदा होगा।

## हिसार पहुंची पूर्व सीएम चौटाला की अस्थि कलश

**टीम एक्शन इंडिया**
**हिसार:** इनेलो सुप्रीमो एवं पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला की प्रदेश भर में जाने वाली अस्थि कलश यात्रा हिसार पहुंची। अग्रसेन भवन में पहुंची अस्थि कलश यात्रा के दर्शन के लिए सैकड़ों लोग उमड़ पड़े और कलश के दर्शन कर ओपी चौटाला को श्रद्धासुमन अर्पित किए। शुक्रवार को हिसार पहुंची यात्रा की अगुवाई रानिया से विधायक अर्जुन चौटाला, डबवाली विधायक आदित्य देवीलाल और इनेलो प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा ने की। इस दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के



नेताओं, इनेलो कार्यकर्ताओं, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने पूर्व मुख्यमंत्री को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान इनेलो के प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा ने कहा कि जो लोग अंतिम संस्कार पर नहीं पहुंच पाए थे, उनके लिए सभी 22 जिलों में अस्थि कलश यात्रा निकाल रहे हैं, ताकि लोग उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर सकें।
यह यात्रा 3 दिन में पूरे प्रदेश को कवर करेगी। उन्होंने बताया कि हरियाणा के अलावा उत्तर प्रदेश, राजस्थान और पंजाब के तीर्थ स्थलों में भी कलश ले जाए जाएंगे। ओपी चौटाला की रस्म पगड़ी और श्रद्धांजलि समारोह 31 दिसंबर को सिरसा के चौधरी देवीलाल स्टेडियम में होगा। इनेलो के राष्ट्रीय प्रवक्ता व हिसार जिला प्रभारी उमेद लोहान ने बताया कि श्रद्धांजलि कार्यक्रम में इनेलो कार्यकर्ताओं के साथ-साथ शहर की विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक व धार्मिक संस्थाओं के सदस्यों ने भी भाग लेकर पूर्व सीएम को श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने कहा कि स्व. ओमप्रकाश चौटाला का हिसार जिले से विशेष लगाव था और यहां काफी संख्या में लोग उनसे जुड़े रहे हैं।

## झज्जर में दिनभर हुई बारिश से ठंड बढ़ी तो सड़कें टूटी, किसानों के लिए राहत

**टीम एक्शन इंडिया**
**झज्जर:** जिला में शुक्रवार को आठ घंटे तक लगातार बरसात हुई। जिससे ठंड बढ़ गई। लोग घरों में दुबके रहे। लोगों के काम धंधे ठप हो गए। बाजारों में ग्राहक की लगभग शून्य रही। सड़कें सुनसान हो गई। खेती के लिए यह बारिश काफी फायदेमंद माने जा रही है। झज्जर जिला में शुक्रवार अल सुबह करीब 4 बजे ही बारिश शुरू हो गई। जो कभी तेज तो कभी मध्यम चलती रही। बहादुरगढ़ में लगभग 11 घंटे में कम से कम 58 मिलीमीटर बरसात रिकार्ड की गई। बारिश होने से तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। दोपहर के समय तापमान करीब 18 डिग्री रहा। यह बारिश किसानों की फसलों के लिए बढ़िया बताई जा रही है। कृषि अधिकारी डॉक्टर सुनील कौशिक ने बताया कि जिला में करीब 1 लाख हेक्टेयर जमीन में गेहूं की फसल और लगभग 12000 हेक्टेयर जमीन में सरसों की फसल की बिजाई की गई है। इन दोनों फसलों समेत बाकी तमाम फसलों में भी यह बारिश फायदेमंद रहेगी। बारिश के चलते झज्जर और बहादुरगढ़ शहरों के मुख्य मार्गों पर पानी भर गया। सुबह-सुबह बारिश के चलते स्कूल जाने वाले बच्चों को परेशानी हुई। बारिश के चलते अधिकतर बच्चों ने छुट्टी भी कर ली और कुछ बारिश में छाता लेकर जाते नजर आए। बाजारों में तमाम दुकानदार अपनी दुकानों में खाली बैठे दिखाई दिए।
सब्जी मंडी में भी ग्राहकी शून्य हो गई। आर्यनगर, बहादुरगढ़ निवासी एक महिला ने बताया कि बारिश की वजह से वह अपने पड़ोस में स्थित दुकान तक दूध लेने के लिए भी नहीं जा सकी। पहले से खराब सड़कों पर बारिश के मौसम में आना जाना मुश्किल हो गया।

## कैथल में ओलावृष्टी से ठंड बढ़ी, गलियों में बरसात का पानी जमा

### बरसात के कारण दिनभर घरों में दुबके के रहे लोग, फसलों को नुकसान की आशंका

**टीम एक्शन इंडिया**
**कैथल।** शुक्रवार सुबह शुरू हुई बरसात दिन भर जारी रही। बरसात के कारण गलियों और सड़कों पर पानी जमा हो गया। लोग दिनभर अपने घरों में ही दुबके रहे। बाद दोपहर जिले गांव खानपुर व अन्य कई गांवों में ओले गिरे। ओले गिरने से खेतों में खड़ी गेहूं की फसल के साथ सब्जियों की फसल को भी नुकसान होने की आशंका है। बरसात के कारण अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई और सर्दी बढ़ गई। मौसम विभाग ने आने वाली 48 घंटे तक बरसात जारी रहने की संभावना जताई है। बाजारों से ग्राहक नदारद रहे और दिन भर दुकानदार भी



हाथ पर हाथ धरे बैठे रहे। जिला प्रशासन बरसात और ओले गिरने की घटनाओं का आकलन कर रहा है। शुक्रवार सुबह ही बूंदाबांदी से दिन की शुरुआत हुई और बाद दोपहर तेज बरसात होने लगी। इसके बाद पानी की निकासी न होने के कारण शहर और गांव की गलियों में पानी भर गया। दोपहर 2 बजे के बाद कैथल शहर के साथ लगते गांव खानपुर में तेजी से ओलावृष्टि होने लगी।

**ठंड का प्रकोप**

**लोग दिनभर अपने घरों में ही दुबके रहे। बाद दोपहर जिले गांव खानपुर व अन्य कई गांवों में ओले गिरे**

ओले इतने अधिक गिरे कि गांव की सड़कों पर सफेद चादर बीछ गई। बारिश और ठंड के कारण लोग घरों में रहने को मजबूर हो गए हैं। स्कूल और बाजारों में भी भीड़ कम देखी गई। सड़क पर जलभराव के कारण वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है और आवश्यक होने पर ही घर से बाहर निकलने को कहा है।

**29 दिसंबर के बाद मौसम होगा साफ**
एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी कौल के सेवानिवृत्त कृषि विशेषज्ञ डा. ओपी लठवाल ने बताया कि गेहूं की फसल अभी छोटी है इस बरसात से गेहूं की फसल को अधिक नुकसान नहीं होगा। बरसात से सब्जियों की फसल को नुकसान होगा। आजकल खेतों में मटर की फसल लगी हुई है। जिसको बरसात से नुकसान होगा। इसके साथ ही पछेती गोभी, पछेता आलू, पछेती सरसों सभी फसलों को इस ओलावृष्टि से नुकसान हुआ है।

# कपड़ा व्यापारियों ने विधायक जगमोहन आनंद के समक्ष रखी मांगें

## सरदार वल्लभ भाई पटेल होलसेल कपड़ा मार्केट में व्यापारियों से मिले विधायक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने सरदार वल्लभभाई पटेल होलसेल मार्केट में कपड़ा व्यापारियों से मुलाकात की। इस दौरान कपड़ा व्यापारियों ने उनके समक्ष कपड़ा मार्केट से जुड़ी विभिन्न मांगे रखी। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द इस संबंध में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात करके, इन मांगों को उनके समक्ष रखा जाएगा और समाधान करवाने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा।



विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल होलसेल मार्केट करनाल की सबसे पुरानी मार्केट में से एक है। यहां बैठे सभी कपड़ा व्यापारियों ने मार्केट से जुड़े कुछ मुद्दे रखे हैं। उन्होंने तत्काल अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश दिए और जल्द से जल्द समाधान करवाने का आश्वासन दिया। इसके साथ-साथ उन्होंने यह भी कहा कि करनाल की जनता से जुड़ी समस्याओं व मांगों को पूरा करना उनकी पहली प्राथमिकता है। करनाल की जनता ने उन्हें विधायक बनाकर जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे कर्मठता के साथ पूरा करूंगा। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि सीएम नायब सिंह सैनी और करनाल के सांसद व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में विकास कार्यों को और गति मिलेगी। आने वाले दिनों में करनाल शहर के अंदर सभी क्षेत्रों में विकास कार्य किए जाएंगे। इसके साथ-साथ नगर निगम से जुड़ी जो भी समस्याएं हैं, उन्हें लेकर तय समय पर निगम के अधिकारियों के साथ बैठक की जा रही है, शहरवासियों की जो भी समस्याएं होंगीं उनका तत्काल समाधान करवाया जाएगा।

**मांग**

▶▶ जल्द से जल्द इस संबंध में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात करके, इन मांगों को उनके समक्ष रखा जाएगा

इस अवसर पर हरीश त्रिखा, प्रमोद गुप्ता, सुखमिंद्र पाल मनोचा, हितेश मनोचा, राम चंद्र अरोड़ा, परमजीत सिंह, पवन मित्तल, राम चंद्र पसरीचा, पवन ग्रोवर, प्रेम गुम्बर, सचिन बत्रा, रविंद्र गुम्बर, अमित गोयल, रवि कुमार, महेश दुआ, राम कुमार सिंधवानी व अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

# प्रदेश में ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में नहीं नजर आएंगे कूड़े के ढेर

**मिशन**

▶▶ जिला टास्क फोर्स की अध्यक्षता करते हुए कहा कि स्वच्छता विषय को लेकर सरकार पूरी तरह से गंभीर है

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**

स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने शुक्रवार को जिला सचिवालय के प्रथम तल पर स्थित सभागार में जिला टास्क फोर्स की अध्यक्षता करते हुए कहा कि स्वच्छता विषय को लेकर सरकार पूरी तरह से गंभीर है। इस पर हर जिले में कार्य किया जा रहा है। भविष्य में कहीं भी कूड़े के बड़े-बड़े ढेर नजर नहीं आएंगे स्वच्छ भारत मिशन के तहत इसको लेकर युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है। साथ ही साथ इसकी मॉनीटरिंग भी साथ-साथ की जा रही है।




जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेंद्र पाल मलिक ने वाइस चेयरमैन को जिले की स्वच्छता को लेकर स्थिति पर प्रकाश डाला व आश्वासन दिया कि इस कार्य को लेकर प्रशासन गंभीर हैं व उपायुक्त डॉक्टर डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया के दिशा निर्देश पर जिले में व्यापक स्तर पर स्वच्छता अभियान के तहत कार्य किया जा रहा है।

वाइस चेयरमैन ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह के दिशा निर्देश पर पूरे प्रदेश में स्वच्छता पर विशेष जोर दिया जा रहा है। स्वच्छता को लेकर महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं,अब इस पर और गंभीरता से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह की दूरगामी सोच है स्वच्छता के बारे में जो रैंकिंग पिछले दिनों रही है उसे ऊपर उठना है उसे नीचे नहीं जाना है इसको लेकर सभी खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों को मॉडल गांव तैयार करने होंगे। उसके लिए भरसक प्रयास करने की जरूरत है। हमें यह शुरूआत प्रभावशाली तरीके से करनी होगी। इसके लिए ग्राम सचिवों को अगर नोडल ऑफिसर बनना पड़े तो इसमें किसी तरह की कोताही नहीं बरते।

# जिले के सभी प्राथमिक स्कूलों की शिक्षा-दीक्षा के तहत गम्भीरता से की जांच



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिला शिक्षा विभाग द्वारा जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक एवं डीपीसी ज्योत्सना मिश्रा के मार्गदर्शन तथा जिला निपुण समन्वयक विपिन कुमार के नेतृत्व में जिले के सभी 484 प्राथमिक विद्यालयों का शिक्षा-दीक्षा पर्यवेक्षण के तहत स्कूलों में आधारभूत साक्षरता और सांख्यात्मकता की गहनता से जाँच की। जिला निपुण समन्वयक विपिन कुमार ने बताया कि खण्डवार विद्यालयों की स्थिति इन्द्री के 99 प्राथमिक विद्यालयों, असन्ध के 62 विद्यालयों, घरौण्डा के 69, निसिंग के 58 विद्यालयों तथा करनाल के 107 की गहनता से जाँच की। पर्यवेक्षण टीम में सभी जिला स्तर के अधिकारी, सभी बीईओ, बीआरसी, बीआरपी, प्रिन्सीपल, बीआरसी, सभी डाईट लेक्चरर द्वारा शिक्षा-दीक्षा के तहत पर्यवेक्षण किया। जिला निपुण समन्वयक विपिन कुमार एवं डीपीसी ज्योत्सना मिश्रा ने जिले के शिव कालोनी स्कूल करनाल, राजकीय प्राथमिक पाठशाला जरीफाबाद, निसिंग, राजकीय प्राथमिक पाठशाला समालखा, घरौण्डा, राजकीय स्कूल पाढ़ा, असन्ध, शामगढ़, नीलोखेड़ी आदि स्कूलो में जाकर निपुण गतिविधियों को जांचा। दिनभर के पर्यवेक्षण कार्यक्रम में स्कूलों में प्रार्थना सभा से लेकर अध्यापकों के पढ़ाने के तरीके, एसएमसी सदस्यों के साथ चर्चा, प्रिन्ट रीच कक्षा कक्ष, मिड-डे-मिल, टीएलएम का प्रयोग बालवाटिका कक्षा प्रबन्धन निपुण लक्ष्यों की गहनता से जांच की।

**जांच की**

▶▶ दीक्षा पर्यवेक्षण के तहत स्कूलों में आधारभूत साक्षरता और सांख्यात्मकता की गहनता से जाँच की

# लूटपाट के मामलों में वांटेड इनामी बदमाश गिरफ्तार

**काबू**

▶▶ आरोपी पर 5000 रुपये का इनाम था और वह कई संगीन मामलों में वांटेड चल रहा था

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** सीआइए टू की टीम ने लूटपाट और अपराध की दुनिया में सक्रिय एक कुख्यात अपराधी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी पर 5000 रुपये का इनाम था और वह कई संगीन मामलों में वांटेड चल रहा था। पुलिस ने अपराधी के कब्जे से एक देसी पिस्तौल और जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। गिरफ्तारी के बाद आरोपी का कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में मेडिकल चेकअप कराया गया। आरोपी को कोर्ट में पेश कर तीन दिन के रिमांड पर लिया जाएगा। पूछताछ में अन्य वारदातों का खुलासा होने की संभावना है।



पुलिस के मुताबिक आरोपी नवीन पानीपत जिले के राक्सेड़ा गांव का रहने वाला है। पहले भी वह दो बार जेल की सजा काट चुका है। उस पर 10 से 11 मामले दर्ज हैं, जिनमें लूटपाट और अन्य गंभीर अपराध शामिल हैं। इसी साल आरोपी ने मधुबन के पास एक व्यक्ति से बंदूक की नोक पर लूट की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस अब उससे पूछताछ कर रही है, ताकि इस मामले और अन्य घटनाओं की सच्चाई सामने आ सके। पकड़े गए आरोपी के पास से देसी पिस्तौल और जिंदा कारतूस मिले हैं। यह हथियार किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की योजना के तहत साथ रखे गए थे। पुलिस जांच अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि बदमाश पर इनाम था और कई वारदातों में वांटेड था। आरोपी को कोर्ट में पेशकर रिमांड पर लिया जाएगा। आरोपी से पूछताछ के जरिए अन्य वारदातों में शामिल अपराधियों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

# सादगी के प्रतीक थे पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह: डॉ अरविंद

**टीम एक्शन इंडिया**
**गोहाना/बलराम**

सहकारिता, कारागार, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि एक बेहतरीन अर्थशास्त्री, दूरदर्शी सोच के साथ-साथ डॉ मनमोहन सिंह सादगी के प्रतीक थे। आज यहां जारी बयान के माध्यम से प्रतिक्रिया देते हुए सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह जी के निधन के समाचार से मन द्रवित है। वो अर्थशास्त्री होने के साथ दूरदर्शी नेता और सादगी के प्रतीक थे। उनका जाना भारतीय राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति है। उनके सेवाभावी कार्यों से कारण पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह सदैव हमारी स्मृतियों में रहेंगे। उन्होंने उनके परिवार तथा प्रशंसकों को इस दुख को सहने करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।



# साहिबजादों ने अत्यधिक साहस और बलिदान का परिचय दिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** वीर बाल दिवस पर माता प्रकाश कौर श्रवण एवं वाणी निशक्तजन कल्याण केंद्र में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें हरियाणा श्रवण एवं वाणी निशक्तजन कल्याण समिति पंचकूला की चेयरपर्सन मेघा भंडारी ने मुख्य रूप से शिरकत की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए चेयरपर्सन मेघा भंडारी ने साहिबजादों की वीरता और बलिदान को याद किया। उन्होंने कहा कि यह दिन खासतौर पर गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों की शहादत से जुड़ा हुआ है, जिन्होंने अपनी छोटी उम्र में धर्म और देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। वीर बाल दिवस का उद्देश्य बच्चों में देशभक्ति, साहस, और अपने कर्तव्यों के प्रति जिम्मेदारी का भाव उत्पन्न करना है। उन्होंने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह के छोटे बेटे साहिबजादा अजीत सिंह, साहिबजादा जुझार सिंह, साहिबजादा फतेह सिंह और साहिबजादा अर्जुन सिंह ने मुगलों के खिलाफ संघर्ष किया और अपनी शहादत दी।



# घर-घर में बच्चों को सिखी, गुरबाणी व इतिहास से जोड़ना अनिवार्य : भूपिंदर सिंह

**आह्वान**

▶▶ दशमेश पिता व उनका परिवार बुलंद हौंसले की अद्वितीय मिसाल : जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** सरबंशदानी श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज, माता गुजर कौर, चार साहिबजादों व समूह शहीदों की याद में सफर-ए-शहादत के तहत यादगार गुरुद्वारा डेहरा साहिब असंध में शहीदी समागम करवाया गया। हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध और शिरोमणि अकाली दल (आजाद) के प्रधान एवं धर्म प्रचार चेयरमैन जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल के दिशा-निर्देश पर करवाए गए। इस समागम में श्री दरबार साहिब श्री अमृतसर साहिब के हजूरी रागी भाई दविंदर सिंह, भाई जसकरण सिंह हजूरी रागी पटियाला वाले, गुरुद्वारा श्री गुरु ग्रंथसर दादू साहिब के हजूरी रागी भाई गुरसेवक सिंह रंगीला ने वैरागमयी शबद कीर्तन किया, जबकि भाई सुखचैन सिंह शीतल जत्थे ने ढाडी वारों से संगत को गुरु इतिहास से जोड़ा। इसके साथ ही गुरुद्वारा साहिब के ग्रंथी ज्ञानी मुखत्यार सिंह, हजूरी रागी लखविंदर सिंह, ज्ञानी अवतार सिंह, धर्म प्रचार के प्रचारक ज्ञानी कोमल सिंह, ज्ञानी सतविंदर सिंह और धर्म प्रचार के ढाडी जसबीर सिंह के जत्थे ने भी संगत को शहीदी व गुरु इतिहास से जोड़ा। हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध ने कहा कि घर-घर में बच्चों को सिखी, गुरबाणी व इतिहास से जोडना अनिवार्य है। इसके लिए हमें बच्चों को साहिबजादों का इतिहास सुनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धा साहिबजादों के जीवन से प्रेरणा लेना है। संगत को स्वयं भी साहिबजादों से प्रेरणा लेकर अपने बच्चों को नितनेम व गुरमत से जोडने.के साथ-साथ धर्म के प्रति अडिग बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस तरह साहिबजादों ने छोटी सी उम्र में भी अपने धर्म व कौम के प्रति समर्पण दिखाते हुए निडरता का परिचय दिया है, उसका आज तक कोई सानी नहीं है। धर्म प्रचार चेयरमैन जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल ने संगत के दर्शन करते हुए कहा कि दशमेश पिता श्री गुरु गोबिंद सिंह जी व उनके परिवार का हौसला अडिग रहा।

# गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बाबैन में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना कैंप का हुआ शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र/बाबैन:** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बाबैन, कुरुक्षेत्र में आज सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) कैंप का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय प्रभारी श्री ओमप्रकाश ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की। इसके बाद सभी स्वयंसेवकों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ लक्ष्य गीत गाया।




अंग्रेजी प्राध्यापक श्री विकास ने कैंप में नशे के दुष्प्रभावों पर जागरूकता सत्र का आयोजन किया और स्वयंसेवकों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। वहीं, श्रीमती दामिनी ने अपने विशेष संबोधन में विद्यार्थियों को तन, मन और धन से समाज सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने की प्रेरणा दी। राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी और संस्कृत प्राध्यापक श्री सुखदेव ने जानकारी दी कि इस कैंप में विद्यालय के लगभग 55 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। सात दिनों तक कैंप के दौरान भोजन और जलपान की व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रम, विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर अतिथि सत्र, खेलकूद गतिविधियां, विद्यालय परिसर की सफाई, और सामाजिक जागरूकता के लिए रैलियों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय के प्राध्यापक श्री रविंद्र, श्री मनीष, श्री रमेश, श्री राजेश, श्री सुमित, श्री संजीव, श्रीमती सीमा और अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# बाइक की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल।** जिले में पैदल घर लौट रहे बुजुर्ग को तेज रफ्तार बाइक चालक ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बुजुर्ग व्यक्ति सडक पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने घायल को तुरंत सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना के बाद पुलिस अस्पताल में पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर मॉच्युरी में रखवा दिया। मृतक के बेटे की शिकायत के आधार पर पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। असंध में गीता कालोनी निवासी 60 वर्षीय सेवा राम जींद रोड स्थित साँवरिया पाइप फैक्ट्री से अपने घर लौट रहे थे। वे फैक्ट्री में पाइप रिपेयर का काम करते थे। मृतक के बेटे अनिल ने पुलिस को बताया कि राहगीरों के अनुसार एक बाइक चालक ने तेज गति और लापरवाही से उसके पिता सेवा राम को सीधी टक्कर मार दी।

# अभिभावक बच्चों को करें पूरी तरह शिक्षित व रखें उनके पोषण का ख्याल मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेंद्र पाल मलिक

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**

मुख्यमंत्री नायब सिंह की अनुठी पहल के तहत जिला व उपमंडल स्तर पर आयोजित किये जा रहे जनता समाधान शिविर लोगों को चिंताओं से मुक्त कर रहे हैं। समाधान शिविर में जो लोग समस्याएं लेकर पहुंच रहे हैं उनका समाधान प्रशासन गारंटी के साथ कर रहा है। शुक्रवार को जिला सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेंद्र पाल मलिक ने कहा कि वे अपने बच्चों को पूर्ण रूप से शिक्षित करें व उनके पोषण का पूरा ध्यान रखें क्योंकि शिक्षा व पोषण जीवन का आधार है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि मौसम को देखते हुए गर्म वस्त्र डाले व अपने स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखें। उन्होंने शिविर में समस्या लेकर पहुंच पहुंच रहे लोगों को अपनी समस्या साफ-साफ शब्दों में लिखने व उसके साथ आना मोबाईल नम्बर डालने पर बल दिया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये की वे समाधान शिविर में समय पर पहुंच कर अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें। उनके द्वारा जितनी जल्दी समस्याओं पर कार्य होगा आम जन को इसका लाभ मिलेगा व समस्याओं के समाधान के प्रतिशत में वृद्धि होगी। उन्होंने शिविर में पहुंची समस्याओं को गंभीरता से सुना व उन पर ठोस कार्यवाही करने के निर्देश दिये। शुक्रवार को शिविर में क्रीड विभाग, निगम , पुलिस से जुड़ी 41 समस्याएं आई जिनको संबंधित विभाग को सौंपकर जल्द से जल्द समाधान करे के निर्देश दिये। शिविर में पुलिस विभाग से संबंधित पहुंच रही समस्याओं पर संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने कहा कि जो भी समस्याएं आ रही हैं, उन पर अधिकारी गंभीरता से कार्य करें।




**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र0 सं0 | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 77249050 ARGC | रनिंग कॉन्ट्रैक्ट ऑफ प्री स्ट्रेस्ड मोनो ब्लॉक कंक्रीट स्लीपर्स स्पेशल टाइप्स (टी–4865) | 451 सेट | 20.01.25 |
| 2 | 09242327A | रबर स्प्रिंग फॉर ड्रा गियर | 2780 सेट | 20.01.25 |
| 3 | 09242593 | स्पेयर ऑफ ए पी एम | 4273 सेट | 22.01.25 |
| 4 | 07240349 | ओवर हाउलिंग किट फॉर के इ एस टाइप | 209 सेट | 27.01.25 |
| 5 | 19241941A | पी ओ एच मैंटेनेंस किट | 20 नग | 27.01.25 |
| 6 | 08245722 | आर सी टेंडर फॉर 12 कोर x 1. 5 एस क्यू एम एम सिग्नलिंग केबल | 15302.28 किलोमीटर | 28.01.25 |
| 7 | 15245237 | डीजल जनरेटिंग सेट 750 के वी ए | 1 नग | 30.01.25 |
| 8 | 09242050 | साइड फ्रेम की | 125604 नग | 03.02.25 |

निविदा शर्तें: 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
टेंडर नोटिस सं0 84/2024-2025 दिनांक: 27.12.2024
3967/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

**दिल्ली मंडल, उत्तर रेलवे के NSG-4, NSG-5 और NSG-6 श्रेणी के स्टेशनों पर संविदा पर स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट (एस. टी. बी. ए) की नियुक्ति हेतु निविदा की सूचना।**
**(File No. C6/STBA/Policy/II/2018)**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा संख्या | C6/STBA/Policy/II/2018 |
| 2 | कार्य का नाम व स्थान | दिल्ली मंडल के अंतर्गत 02 NSG-4, 02 NSG-5 और 38 NSG-6 श्रेणी के कुल 42 स्टेशनों पर कम्प्यूटरीकृत अनारक्षित टिकट प्रणाली (यू.टी.एस) द्वारा अनारक्षित रेल टिकटों को जारी करने हेतु NSG-4 के लिए एक वर्ष और NSG-5 और NSG-6 के लिए तीन वर्ष के लिए संविदा पर नियुक्ति हेतु। |
| 3 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | मूल्य रु. 1000/– + 18% GST = रु. 1180/– (रुपए एक हजार एक सौ अस्सी मात्र) |
| 4 | धरोहर राशि (EMD) | एन एसजी–6 श्रेणी स्टेशन के लिए आवेदन करने पर 2,000/– रूपये (केवल दो हजार रूपये), एन एस जी–5 श्रेणी स्टेशन के लिए आवेदन करने पर 5000/– रूपये (केवल पांच हजार रूपये) और एन एस जी–4 श्रेणी स्टेशन के लिए आवेदन करने पर 10000/– रूपये (केवल दस हजार रूपये) का शुल्क देना होगा।" |
| 5 | कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र प्राप्त की जा सकती है | वाणिज्य शाखा मंडल कार्यालय स्टेट एंट्री रोड नई दिल्ली–110055 से सभी कार्य दिवस में दिनांक 27.12.2024 से दिनांक 21.01.2025 तक प्रातः 11:00 बजे से सांय 17:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है। |
| 6 | निविदा का प्रकार | खुली निविदा |
| 7 | निविदा जमा करने तथा खुलने की तिथि व समय | 22.01.2025 को 15:00 बजे तक निविदा, निविदा कक्ष वाणिज्य शाखा मंडल कार्यालय स्टेट एंट्री रोड नई दिल्ली–110055 प्राप्त की जायगी तथा तुरंत बाद 15:10 बजे निविदा खोली जाएगी। |
| 8 | सम्पूर्ण निविदा सुचना कहाँ देखी जा सकती है | निविदा निमंत्रण की सूचना तथा निविदा प्रपत्र उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.nr.indianrailways.gov.in से प्राप्त किये जा सकते है। |

3959/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संपादकीय

# राजनीति कि ' नीलकंठ ' थे डॉ मनमोहन सिंह

**भारत के** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मन मोहन सिंह अपनी जीवन यात्रा पूरी कर अनंत यात्रा पर निकल गए। डॉ मन मोहन सिंह देश के 13 वे ऐसे प्रधानमंत्री थे जो बिना बोले ,बिना अभिनय किये ,बिना जुमले उछाले देश के 10 साल तक प्रधानमंत्री रहे। डॉ मन मोहन सिंह के प्रति मेरा मन हमेशा से श्रृद्धा से भरा रहा ,क्योंकि सही अर्थों में वे देश के मौन सेवक थे । मौन ही उनका आभूषण था। मौन ही उनका हथियार भी था। देश और दुनिया ने उन्हें कभी चीखते-चिल्लाते न सदन में देखा और न किसी रैली में।
एक पत्रकार के रूप में मुझे डॉ मन मोहन सिंह से मिलने का अवसर आज से कोई तीन दशक पहले तब मिला था जब वे देश के वित्त मंत्री थे । ग्वालियर के संसद और केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय माधव रॉ सिंधिया उन्हें लेकर ग्वालियर आये थे । उन्होंने बरई गांव में ग्रामीण हाट जैसी एक परियोजना का उद्घाटन किया था। उन्हें पहली बार मप्र चैंबर आफ कामर्स के सभागार में सुनने का मौका मिला था। विद्वत्ता उनके सम्भाषण से ही नहीं बल्कि उनके स्वभाव और आचरण से टोकती थी। वे एक खास लय में मुस्कराते थे।वे विनोदी भी थे लेकिन उनका विनोद भी शालीनता की चाशनी में लिपटा रहता था।
देश का सौभाग्य रहा कि उसे डॉ मन मोहन सिंह जैसे विद्वान अर्थशास्त्री का नेतृत्व मिल। वे आज की वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीता रमण से बिलकुल भिन्न थे। कोई माने या न माने लेकिन देश और दुनिया की तारीख में डॉ मन मोहन सिंह भारत में आर्थिक सुधारों के जनक रहे । मुझे लगता है कि वे राजनीति के लिए बने ही नहीं थे ,लेकिन उनका प्रारब्ध उन्हें राजनीति में खींच लाया। कांग्रेस ने उनकी योग्यता को पहचाना और देश हिट में उन्हें रजनीतिक मंच पर सबसे शीर्ष पद पर खड़ा कर दिया ,अन्यथा वे तो एक अध्यापक थे ,राजनीति से उनका कोई लेना-देना था ही नहीं।
देश के विभाजन की विभीषिका पर आज जो लोग लम्बे -चौड़े भाषण देते हैं उन्हें शायद ये पता भी नहीं होगा कि डॉ मन मोहन सिंह ने इस त्रासदी को अपने बचपन में ही भुगता ,लेकिन वे इससे टूटे नहीं ,बिखरे नहीं। देश के विभाजन के बाद सिंह का परिवार भारत चला आया। पंजाब विश्वविद्यालय से उन्होंने स्नातकोत्तर स्तर की पढ़ाई पूरी की। बाद में वे पीएच. डी.करने कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय गये।। डॉ सिंह ने आक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से डी. फिल. भी किया। वे केवल प्राध्यापक ही नहीं बल्कि लेखक भी बने । उनकी पुस्तक ' इंडियाज एक्सपोर्ट ट्रेंड्स एंड प्रोस्पेक्ट्स फॉर सेल्फ सस्टेंड ग्रोथ '' भारत की अन्तमुर्खी व्यापार नीति की पहली प्रामाणिक आलोचना मानी जाती है। डॉ॰ मन मोहन सिंह ने अर्थशास्त्र के अध्यापक के तौर पर अपनी पहचान बनाई और ख्याति अर्जित की। वे पंजाब विश्वविद्यालय और बाद में प्रतिष्ठित दिल्ली स्कूल ऑफ इकनामिक्स में प्राध्यापक रहे। वे संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन सचिवालय में सलाहकार भी रहे और वे दो बार जेनेवा में साउथ कमीशन में सचिव भी रहे। उनकी विद्वत्ता को पहचानकर तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने पहली बार डॉ मनमोहन सिंह को आर्थिक सलाहकार बनाया ।बाद में वे योजना आयोग के उपाध्यक्ष, रिजर्व बैंक के गवर्नर, प्रधानमन्त्री के आर्थिक सलाहकार और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष जैसे अनेक मह्त्त्वपूर्ण पदों पर भी रहे।

# प्रदेश पर कर्ज, किसानों का दर्द, दलितों पर अत्याचार

कमलनाथ

“मध्य प्रदेश में कर्ज दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। ऐसा कोई महीना नहीं बीतता है जब सरकार कर्ज न ले रही हो। सरकार पिछले 11 महीनों में 40 हजार 500 करोड़ रुपये का कर्ज ले चुकी है। राज्य यादव सरकार के एक साल पूरे होने के साथ कर्ज का आंकड़ा 52.5 हजार करोड़ तक पहुंचने वाला है। दिसंबर 2023 से अब तक सरकार ने 47.5 हजार करोड़ का कर्ज लिया है। साल 2024 के अंत तक राज्य पर कुल कर्ज 4 लाख करोड़ से अधिक हो जाएगा। पिछले 6 माह में हर महीने 05-05 हजार करोड़ का कर्ज लिया जा रहा है। वित्त वर्ष 2024-25 में अब तक 30 हजार करोड़ का कर्ज लिया जा चुका है। 31 मार्च 2025 तक मप्र सरकार का कर्ज 4.21 लाख करोड़ पहुंचेगा। मौजूदा वित्त वर्ष में सरकार अपनी जरूरतों के लिए लगभग 25 हजार करोड़ का अतिरिक्त कर्ज लेगी”

**मध्यप्रदेश** की डॉ. मोहन यादव सरकार का एक साल का कार्यकाल 13 दिसंबर को पूरा हो गया। अब बीजेपी इस एक साल को स्वर्णिम कार्यकाल बताकर अपनी पीठ थपथपा रही है। लेकिन मोहन सरकार ने गरीबों, किसानों, युवाओं, महिलाओं, दलितों और सभी वर्गों के लोगों के लिए क्या किया है यह विचारणीय है। महिला सुरक्षा, दलित और आदिवासी सुरक्षा के मामले में मध्यप्रदेश का रिकॉर्ड और भी खराब हो गया है। स्वास्थ्य शिक्षा का हाल यह है कि मध्यप्रदेश की पहचान व्यापमं और नर्सिंग जैसे घोटालों से होने लगी है। समाज की सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था, हर पहलू पर इतनी नाकामी क्यों हासिल हो रही है इससे बढ़कर चिंता की बात यह है कि मध्य प्रदेश सरकार इन सारे विषयों पर एकदम चुप है। क्या जनता के विकास के ये सबसे महत्वपूर्ण पैरामीटर सरकार की प्राथमिकता से बाहर हो गए हैं ऐसा लगता है कि मध्य प्रदेश की सरकार ने जमीनी सच्चाई से पूरी तरह पीठ फेर ली है और प्रदेश को उसके हाल पर छोड़ कर, खुद सिर्फ झूठी ब्रांडिंग से अपनी पीठ थपथपाने में व्यस्त हो गई है। हकीकत से मुंह फेर कर मोहन सरकार झूठे प्रचार-प्रसार में मस्त है। जबकि चुनावों के पहले बीजेपी ने बड़े-बड़े वादे कर जनता को गुमराह करने का काम किया। आज प्रदेश की जनता खुद सरकार से सवाल करना चाहती है कि वादों का क्या हुआ सरकार कर्ज पर कर्ज लेकर अपनी गाड़ी को चला रही है। और सपने ऐसे दिखाए जा रहे हैं कि प्रदेश ने विकास के कई सोपान गढ़ लिए हैं।

**दलितों पर अत्याचार**

पिछले एक साल में प्रदेश में दलितों पर काफी अत्याचार हुए हैं। वह चाहे शिवपुरी की घटना हो या सागर की घटना हो। सारे प्रदेश में दलितों पर हो रहे अत्याचारों से यही लगता है कि यह साल दलित अत्याचार पर केन्द्रित रहा है। शिवपुरी के इंदरगढ़ में एक दलित युवक की लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। मध्यप्रदेश के सागर जिले के ग्राम बरोदिया नोनागिर में दलित युवती द्वारा छेड़छाड़ की शिकायत से गुस्साए गुंडों ने युवती के भाई की पिछले वर्ष अगस्त माह में



हत्या कर दी थी। हत्या में बीजेपी नेताओं पर आरोप लगे। पीड़ित परिवार समझौते के लिये तैयार नहीं हुआ तो दो दिन पूर्व पीड़िता के चाचा की भी हत्या कर दी गई। मंदसौर जिले के एक गांव में एक महिला का पीछा करने के आरोप में दलित व्यक्ति को चेहरा काला करके, गले में जूतों की माला डालकर घुमाया गया। यह दोनों घटनाएं तो सिर्फ ऐसी थी जो सुर्खियों में ज्यादा रहीं लेकिन ऐसी न जाने हजारों घटनाएं हैं जो रोज दलितों से साथ घटती रहीं। दुर्भाग्य की बात है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस तरह के विषयों पर कुछ भी कहने से बचते रहे और दलितों की सुरक्षा सुनिश्चित कराने में पूरी तरह नाकाम रहे।

**कर्ज के भरोसे सरकार**

मध्य प्रदेश में कर्ज दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। ऐसा कोई महीना नहीं बीतता है जब सरकार कर्ज न ले रही हो। सरकार पिछले 11 महीनों में 40 हजार 500 करोड़ रुपये का कर्ज ले चुकी है। राज्य यादव सरकार के एक साल पूरे होने के साथ कर्ज का आंकड़ा 52.5 हजार करोड़ तक पहुंचने वाला है। दिसंबर 2023 से अब तक सरकार ने 47.5 हजार करोड़ का कर्ज लिया है। साल 2024 के अंत तक राज्य पर कुल कर्ज 4 लाख करोड़ से अधिक हो जाएगा। पिछले 6 माह में हर महीने 05-05 हजार करोड़ का कर्ज लिया जा रहा है। वित्त वर्ष 2024-25 में अब तक 30 हजार करोड़ का कर्ज लिया जा चुका है। 31 मार्च 2025 तक मप्र सरकार का कर्ज 4.21 लाख करोड़ पहुंचेगा। मौजूदा वित्त वर्ष में सरकार अपनी जरूरतों के लिए लगभग 25 हजार करोड़ का अतिरिक्त कर्ज लेगी। पिछले साढ़े चार साल में मप्र सरकार पर कर्ज का बोझ सबसे तेजी से बढ़ा है। मार्च 2020 की स्थिति में सरकार पर लगभग 2.01 लाख करोड़ का ही कर्ज था, लेकिन पिछले साढ़े चार साल में यह दोगुना हो गया है।
वादे पूरे करने में नाकाम मोहन सरकार सरकार अपने कार्यकाल का एक साल पूरा होने का जश्न मना रही है। लेकिन अपने वादों को भूल गई है। चुनावों के समय जो वादे किये थे उन पर ध्यान ही नहीं है। लाड़ली बहनों को 3,000 रुपये की राशि देने का वादा, किसानों को उपज का दाम मिलना, युवाओं को रोजगार देने का वादा, महिलाओं को सुरक्षा देने का वादा, भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश बनाने का वादा ऐसे तमाम वादे थे जो एक साल में शुरू ही नहीं हुए हैं।

**किसान परेशान, जश्न में सरकार**

मध्य प्रदेश में खाद की कमी के कारण किसानों की आय पर भी काफी असर पड़ा है। किसानों ने खाद की कमी के कारण अपनी फसल ही नहीं बोई। किसानों को ऐसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। पहले साल के कार्यकाल में ऐसे मामले हैं जहां मोहन यादव की सरकार बैकफुट पर नजर आई।

**राज्य में कानून व्यवस्था को लेकर सवाल**

13 दिसंबर 2023 को मोहन यादव राज्य के मुख्यमंत्री बने थे। मोहन यादव के पहले कार्यकाल में मध्य प्रदेश में क्राइम के कई ऐसे मामले आए जिसके राज्य सरकार की किरकिरी हुई। वैसे तो प्रदेश को शांति का टापू कहा जाता है लेकिन प्रदेश में दिनोंदिन बढ़ रहे अपराधों ने मध्यप्रदेश को बदनाम किया है। अपराधों के आंकड़ों में लगातार इजाफा हो रहा है। क्या महिलाएं क्या बच्चियां, कोई सुरक्षित नहीं है। साइबर क्राइम भी सरकार के लिए बड़ी चुनौती है।

**नौकरियों की घोषणा पर भर्ती नहीं**

राज्य के युवाओं को साधने के लिए मोहन यादव की सरकार ने एक लाख पदों पर भर्ती की घोषणा की थी। दिसंबर महीने से भर्ती शुरू होनी थी लेकिन कई विभाग ऐसे हैं जो यह रिपोर्ट तक नहीं दे पाए हैं कि उनके विभाग में कितने पद खाली हैं। बीते एक साल से भर्ती नहीं होने पर युवाओं में ओवरएज होने का डर है।

**नर्सिंग घोटाले से धूमिल हुई छवि**

राज्य में नर्सिंग घोटाले के बाद प्रदेश सरकार की छवि धूमिल हुई है। राज्य में कॉलेजों की संख्या कम की गई है। नर्सिंग घोटाले के सामने आने के बाद समय पर परीक्षाएं नहीं हो पाई हैं। पूरे मामले की निगरानी कोर्ट में चल रही है। सरकार ने पूरे मामले में लीपापोती कर हजारों बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ की है। राज्य के कई छात्र संगठन भी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं।

**किसानों की धान खरीदी का वादा पूरा नहीं**

छत्तीसगढ़ की तरह मध्य प्रदेश में धान का समर्थन मूल्य 3100 रुपये देने की घोषणा की गई थी। लेकिन राज्य में बीजेपी की सरकार बनने के बाद भी धान का समर्थन मूल्य 3100 रुपये नहीं किया गया। धान अभी भी 2320 रुपये के समर्थन मूल्य पर खरीदी जा रही है।
इसके साथ ही किसानों को खाद के लिए के लिए मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। कई जिलों में खाद की कमी को लेकर किसान सड़कों पर उतर चुके हैं।

**लेखक, मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ नेता हैं)**

## कविता

### जी हां, कर्म लौट कर आते हैं

कर्म लौट कर आते हैं।
सब हिसाब चुकाते हैं।
भले हम भूल जाते हैं।

ऋषि मुनि यह बतलाते हैं।
यही वेद ग्रन्थ समझाते हैं।
कर्म लौट कर आते हैं।

जैसी करनी वैसी भरनी।
शास्त्र संमत रचित प्रकृति।
पुण्य कर्म अर्जन संस्कृति।
दुष्कर्म संचय भयो दुर्गति।
शांत ह्रदय शीतलता दायिनी।
मौनधारण पवित्रता आयिनी।
सुख बांटन तै बढ़े समृद्धि।
दुख पीड़ा से क्लेश वृद्धि।

डॉ अशोक कुमार

## विश्व युद्ध की आशंका के बादल

संजीव

**अमेरिकी पूर्व** राष्ट्रपति जो बायडेन जाते-जाते भी यूक्रेन को सामरिक तथा आर्थिक मदद का पैकेज देकर रूस के खिलाफ विश्व युद्ध की चिंगारी को भड़काकर जा रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद भी रूस यूक्रेन और इसराइल हमास युद्ध रुकने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। रूस यूक्रेन युद्ध को 2 वर्ष से अधिक समय हो चुका है वहीं इसराइल हमास और फिलिस्तीन युद्ध को भी एक वर्ष से अधिक हो चुका है।
अमेरिका यूरोपीय देश यूक्रेन की आर्थिक तथा सामरिक मदद करके विश्व युद्ध की आशंका को बने हुए हैं। इसके अलावा भी यह देश यूक्रेन को रूस के खिलाफ लगातार भड़काते आ रहे हैं और यही वजह है की विश्व युद्ध की भीषण विभीषिका से इनकार नहीं किया जा सकता है। अमेरिकी विदेश मंत्री एंथोनी ब्लिंकन ने संयुक्त राष्ट्र संघ की सभा में स्पष्ट रूप से कहा है कि इस सभा में सबको विदित है कि तो कुख्यात आतंकवादी संगठन हमास ,हिजबुल्ला और फलस्तीन इस्लामिक जिहाद को कई वर्षों से ईरान प्रत्यक्ष तथा परोक्ष रूप से आर्थिक सामरिक सहायता कर इजराइल का विरोध करवाता आ रहा है. ब्लिंकन ने कहा हमास के इसराइल पर हमले में अमेरिका पूरी तरह से इसराइल के साथ खड़ा है और वह किसी अन्य देश के हमले से इजरायल की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है हमास का आक्रमण इजरायल की प्रभु सत्ता को चुनौती देने वाला है इसलिए इसराइल को हमास पर आक्रमण करने का पूरा-पूरा वैधानिक हक है इजरायल को अपनी जनता तथा अपनी भूमि की रक्षा करने का पूरा अधिकार है इसराइल अपना कर्तव्य निभा रहा है’ लिंकन ने स्पष्ट कहा है यदि ईरान, जॉर्डन, सीरिया या लेबनान अमेरिकी सैनिकों पर हमला करेगा तो उसका तुरंत माकूल जवाब दिया जाएगा’ इधर ईरान के प्रमुख आयतुल्लाह खुमैनी ने कहा कि गाजा पट्टी में निर्दोष नागरिकों तथा बच्चों महिलाओं की हत्या का सारा दोष अमेरिका प्रशासन को जाता है जिसने इसराइल को गाजा पट्टी पर निर्दोष नागरिकों पर आक्रमण करने की खुली छूट देकर रखी है और यदि अमेरिका इस युद्ध में शामिल होता है तो खाड़ी के अनेक राष्ट्र शामिल होंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी अमेरिका पर होगी। यह बात पूरी दुनिया को मालूम है कि हमास के पीछे ईरान और मिडिल ईस्ट के कई देश शामिल हैं और ईरान के पीछे ड्रैगन तथा रूस का खुला समर्थन है। चीन और रूस ने फिलिस्तीन तथा हमास को अपने समर्थन का ऐलान किया है।
रूस चाहता है कि अमेरिका का ध्यान रूस यूक्रेन युद्ध से हट जाए और वह यूक्रेन को पूरी तरह नष्ट कर अपने देश की सीमा में शामिल कर ले। इसी तरह की चाहत चीन ने भी पाल कर रखी है वह ताइवान के मामले में अमेरिकी हस्तक्षेप से परेशान है।

## विचार

### फुटपाथों और सड़कों पर अतिक्रमण, चलना हुआ मुश्किल

प्रियंका सौरभ

**मुख्य** बाजारों, चौक-चौराहों, गलियों में दुकानदारों और रेहड़ी-फड़ी वालों की ओर से किया गया अतिक्रमण दिनोंदिन बढ़ता ही जा रहा है। परिणामस्वरूप शहर के बाजारों में वाहन चलाना तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। स्ट्रीट वेंडर्स, जो अपने जीवनयापन के लिए अपने व्यापार पर निर्भर हैं, ने हर एक व्यस्त बाजार के पास निर्दिष्ट नो-वेंडिंग जोन पर अतिक्रमण कर लिया है, जिससे यातायात बाधित हो रहा है और स्थानीय दुकानदारों की ओर से शिकायतें आ रही हैं। सार्वजनिक व्यवस्था, निष्पक्ष व्यावसायिक प्रथाओं और विक्रेताओं की आर्थिक कमजोरी के बीच संतुलन बनाना एक नैतिक और प्रशासनिक चुनौती है। स्ट्रीट वेंडर दुनिया भर की शहरी अर्थव्यवस्थाओं का एक अभिन्न अंग हैं, जो सार्वजनिक स्थानों पर कई तरह की वस्तुओं और सेवाओं तक आसान पहुँच प्रदान करते हैं। भले ही स्ट्रीट वेंडर्स को अनौपचारिक माना जाता है, लेकिन वे शहरी अर्थव्यवस्थाओं में महत्त्वपूर्ण योगदानकर्ता हैं। इस 21वीं सदी में ज्यादातर लोग स्ट्रीट वेंडर हैं। अनौपचारिक अर्थव्यवस्था निगरानी अध्ययन ने उन तरीकों का खुलासा किया है, जिनसे स्ट्रीट वेंडर अपने समुदायों को मजबूत बना रहे हैंः स्ट्रीट वेंडिंग रोजगार सृजन, उत्पादन और आय सर्जन में एक प्रमुख भूमिका निभाती है। स्ट्रीट वेंडर्स को कार्यस्थल पर जनता, पुलिस कर्मियों, राजनेताओं और स्थानीय उपद्रवियों से कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।
आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति जीवनयापन के लिए वेंडिंग पर निर्भर हैं। विक्रेताओं द्वारा की गई प्रतिस्पर्धा और भीड़भाड़ के कारण नुकसान का दावा करना उनकी मजबूरी है। व्यस्त बाजार में यातायात का सुचारू प्रवाह और सार्वजनिक सुरक्षा की आवश्यकता भी जरूरी है। विक्रेताओं के लिए मानवीय और टिकाऊ समाधान की वकालत सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने और न्यायसंगत शासन सुनिश्चित करने का कार्य है। स्ट्रीट वेंडर अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए वेंडिंग पर निर्भर हैं। हालाँकि, उनकी उपस्थिति से भीड़भाड़ होती है और सार्वजनिक व्यवस्था बाधित होती है। ट्रैफि क प्रवाह और सार्वजनिक सुरक्षा बनाए रखते हुए उनकी आजीविका की रक्षा के लिए एक संतुलन की आवश्यकता है। दुकानदार विक्रेताओं को उनकी कम लागत और अनौपचारिक संचालन के कारण अनुचित प्रतिस्पर्धा के रूप में देखते हैं। हालाँकि, विक्रेता अक्सर आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों से सम्बंधित होते हैं। समाधान में समानता की रक्षा करनी चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि दुकानदारों के हितों को अनुचित रूप से नुकसान न पहुँचाया जाए। जबकि आर्थिक विकास एक संपन्न शहर के लिए महत्त्वपूर्ण है, सामाजिक कल्याण नीतियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि स्ट्रीट वेंडर जैसे कमजोर समूहों को असंगत कठिनाई का सामना न करना पड़े। निष्पक्ष और न्यायपूर्ण नीतियों में आर्थिक विकास और हाशिए पर पड़े समुदायों के कल्याण दोनों को एकीकृत किया जाना चाहिए। कई विक्रेता अपने परिवारों के लिए कमाने वाले होते हैं, जो बुजुर्ग आश्रितों और स्कूल जाने वाले बच्चों का भरण-पोषण करते हैं। बिना किसी विकल्प के उन्हें विस्थापित करने से उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थितियाँ खराब हो सकती हैं, जिससे निर्णय लेने में करुणा आवश्यक हो जाती है। निर्णय पारदर्शी और समावेशी होने चाहिए, जिसमें सभी हितधारकों की चिंताओं का समाधान हो। किसी भी समूह को बाहर रखने से अशांति फैल सकती है और प्रशासन की निष्पक्ष रूप से शासन करने की क्षमता पर भरोसा कम हो सकता है। शहरों की आबादी समय के साथ लगातार बढ़ती जा रही है। इसके चलते वाहनों की संख्या भी बढ़ रही है और रोजगार के लिए लोगों का बाहर आने का सिलसिला भी बढ़ता जा रहा है लेकिन शहरों में इन समस्याओं का निदान करने के लिए प्रशासनिक स्तर पर जो पहल होनी चाहिए थी, वह नहीं हो पाई है। अतिक्रमण के खिलाफ चलाए गए अभियान के बाद शहरों में पार्किंग और रेडी-फड़ी जोन बनाए जाने की बात सामने आती है।

# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।
"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## व्यंग्य

### सभ्यता का नया रंग

डॉ. सुरेश

**आजकल स**भ्यता की परिभाषा बदल गई है। पहले जहां हम उसे केवल शिष्टाचार, विनम्रता और मानवता से जोड़ते थे, वहीं अब यह स्मार्टफोन, ट्रैफिक सिग्नल, और सुसज्जित मॉल्स तक सीमित हो गई है। जैसे-जैसे हम आधुनिक होते जा रहे हैं, वैसे-वैसे सभ्यता के उच्च मानक भी गुम हो रहे हैं। अब सभ्यता का मतलब है, बड़े-बड़े बिलबोर्ड्स के बीच से गुजरते हुए, बिना सड़क पर बिखरे गड्ढों में गिरने के डर के स्मार्टफोन में व्यस्त रहना। इसका सबसे अच्छा उदाहरण है हमारे महान नगर निगम द्वारा सड़कें बनवाना, और उन सड़कों पर जल्द ही खड्डे बनाना। आखिरकार, सब कुछ स्मार्ट हो गया है, सिवाय हमारी सड़कों के। और तो और, एक समय था जब लोग अपने पड़ोसियों से बात करते थे, घर में दरवाजे खुले रहते थे, और रिश्ते दिलों से जुड़ते थे। अब तो सोशल मीडिया पर दोस्ती का नया तरीका है। हम किसी को केवल 'फॉलो' करते हैं, जैसे हम अपने नेताओं को चुनाव के समय 'फॉलो' करते हैं। हमें उनके हर कदम पर नजर रखनी होती है, चाहे वो सही हो या गलत, हमें तो बस उनकी लाइक चाहिए। वह क्या कहते हैं न, "आपका लाइक हमारी जिंदगी का हिस्सा है।" और हां, अगर किसी का लाइक न मिले तो समझिए, सभ्यता का स्तर गिरा है। आजकल का सबसे बड़ा संघर्ष यही है कि लोग सच्चाई से अधिक 'इंस्टाग्राम ट्रूथ' पर विश्वास करने लगे हैं। फोटो को फिल्टर करने की कला, अब शहरी संस्कृति का हिस्सा बन चुकी है। जैसे किसी का चेहरा एकदम बेधड़क सुंदर हो, वैसे ही उसकी जिंदगी भी बस 'हैप्पी एंडिंग' होनी चाहिए। लेकिन क्या मजा अगर हम उस सचाई को देखें, जिसमें सच्चे लोगों का चेहरा कभी-कभी बिना फिल्टर के थोड़ा थका-हारा सा दिखता है अब अगर हम बात करें धर्म की, तो एक समय था जब लोग मंदिर में जाते थे और प्रार्थना करते थे। अब लोग मंदिर की बजाय "स्मार्ट पूजा" के एप्स डाउनलोड कर रहे हैं। ध्यान नहीं, बस एक क्लिक किया और पूजा हो गई। भगवान से क्या कहें, वह भी अब स्मार्टफोन की स्क्रीन पर ही दिखाई देते हैं।

## कुर्सीलाल और चिपकु बाबा

**इंडिया**" गठबंधन को विधानसभा के चुनाव में मिली लगातार पराजय के कारण गठबंधन में दरार दिन प्रतिदिन गहरी होती जा रही है. इस गठबंधन के बिखराव की शुरूआत कमलनाथ के बयान कौन "अखिलेश - विकलेश" से शुरूआत होती है. हरियाणा की विधानसभा चुनाव में भी आम आदमी पार्टी और समाजवादी पार्टी का कांग्रेस के साथ समझौता न होना गठबंधन में दरार होने का बड़ा कारण है. महाराष्ट्र में इंडिया ब्लॉक को मिली पराजय के कारण यह लड़ाई खुलकर सामने आ गई थी. महाराष्ट्र में शिवसेना (उद्धव) ने सावरकर के मुद्दे पर कांग्रेस के साथ मतभेद खुल कर सामने आए हैं. अब दिल्ली के चुनावी दंगल में अंदरूनी कलह अपने चरम पर है. ऐसा प्रतीत होता है कि गठबंधन में चुनावी असफलताओं के कारण घटक दलों का कांग्रेस से मोह भंग हो चुका है. अब ममता बनर्जी ने कांग्रेस के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है जिस पर अधिकांश घटक दलों ने दबे स्वर से सहमति जताई है. पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री के द्वारा द्वारा यह कह देना कि कांग्रेस गठबंधन को चलाने में असमर्थ है और वह जिम्मेदारी को संभाल सकती हैं. इस पर भी कांग्रेस भारी असंतोष दिखाई देता है कांग्रेस ने केजरीवाल को फजीर्वाल और देशद्रोही कहे जाने पर आम आदमी पार्टी ने भी कांग्रेस के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है जम्मू कश्मीर में कांग्रेस सत्तारूढ़ गठबंधन का घटक दल होते हुए भी मुख्यमंत्री ने कांग्रेस को घेरा है. कुल मिलाकर देखा जाए तो इंडिया गठबंधन में अविश्वास, आपसी टकराव और अनिर्णय की स्थिति ने इंडिया गठबंधन को खोखला कर दिया है और विपक्षी एकता भी टूट के कगार पर है. 2025 में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को इंडिया गठबंधन को संभाल कर रखने की भारी चुनौती आरजेडी से मिलने वाली है. ऐसी खबरें मिल रहे हैं कि राजद कांग्रेस 30/40 सीटों पर निपटाना चाहता है इस पर भी इंडिया गठबंधन के साथ सरकार सीधी तकरार होने वाली है. इन सभी तत्वों को ध्यान में रखकर यह विश्लेषण आसानी से किया जा सकता है कि इंडिया गठबंधन के आने वाले चुनाव में सभी घटकों के साथ चलने की भारी चुनौती है।

## न्यूज फ्लैश

### बच्चों में देश, धर्म और कौम की रक्षा के प्रति करें जज्बा पैदा: जिला परिषद चेयरपर्सन



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद** : जिला परिषद कुरुक्षेत्र की चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने कहा कि दशमेश पिता के साहिबजादो ने अपनी शहादत से साबित कर दिया है कि यदि बच्चों में देश, धर्म और कौम की रक्षा के प्रति जज्बा पैदा किया जाए, तो वे भी अपना और परिवार का नाम रोशन कर सकते हैं। वे श्री गुरु नानक प्रीतम गर्ल्स सीनियर सेकंडरी स्कूल शाहाबाद में गुरू साहिब के साहिबजादो की शहादत पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विचार व्यक्त कर रही थी। साहिबजादो की शहादत को नमन करते हुए उनकी आंखें नम हो गई। उन्होंने विद्यार्थियों को साहिबजादो के जीवन इतिहास और शहीदी प्रसंग के बारे विस्तार से जानकारी देते हुए उन्हें साहिबजादो के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। इस दौरान जिला परिषद कुरुक्षेत्र के सदस्य रमेश पाल, इनरव्हील क्लब शाहाबाद की प्रधान रेनू वधवा, उपप्रधान रानी वधवा, सचिव सविता गुप्ता, मेंबर हरप्रीत कौर व गोल्डी औजला, स्त्री व प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ रूचि जैन, आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ संजय शर्मा, अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार न्याय परिषद रजि. के राष्ट्रीय अध्यक्ष जसबीर सिंह दुग्गल, स्कूल प्रबंधन कमेटी की संरक्षक बीबी तविंद्र कौर, प्रधान रमनदीप सिंह, आडिटर इंद्रजीत सिंह कोहली ने विशेष रूप से शिरकत की और गुरू साहिब के साहिबजादो को याद किया। इससे पहले विद्यालय की प्राचार्या डॉ दीपंश कौर कोहली ने सभी अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए उन्हें स्कूल की गतिविधियों और विद्यार्थियों की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। स्कूल प्रबंधन कमेटी के प्रधान रमनदीप सिंह ने हाकी खिलाड़ियों के समक्ष आ रही कुछ समस्याओं से भी मुख्यातिथि को अवगत कराया। स्कूल प्रबंधन कमेटी की संरक्षक बीबी तविंद्र कौर, प्रधान रमनदीप सिंह, आडिटर इंद्रजीत सिंह कोहली व प्राचार्या डॉ दीपंश कौर ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर सरबजीत कौर, गरिमा, सुदीपा, गगनदीप कौर, एकता गुप्ता, टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टाफ मौजूद रहा।

### ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी वूमेन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में केयू ने हासिल किया तीसरा स्थान



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी वूमेन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए 167 विश्वविद्यालयों के बीच तीसरा स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय की महिला मुक्केबाजों ने 1150 प्रतिभागियों के बीच अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए 26 मुकाबलों में जीत दर्ज की। 57 किलो भार वर्ग में विंका ने गोल्ड मेडल जीता, जबकि 81 किलो भार वर्ग में अंजलि ने ब्रोंज मेडल जीतकर इस उपलब्धि में अहम भूमिका निभाई। यह प्रतियोगिता 17-24 दिसंबर तक गुरुकाशी यूनिवर्सिटी तलवंडी साबो में आयोजित की गई थी
इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने विजेता टीम की महिला खिलाड़ियों एवं बॉक्सिंग कोच राजेश कुमार राजौंद को बधाई दी।

कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि खेलों के क्षेत्र में लड़कियां भी किसी से कम नहीं है। महिला मुक्केबाजों ने प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल कर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के मुक्केबाज हर साल नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं, जिससे मेडलों की संख्या लगातार बढ़ रही है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि विश्वविद्यालय खेल सुविधाओं को और बेहतर बनाने और आधुनिक तकनीक को खेलों से जोड़ने के लिए हर संभव प्रयास करेगा।

# सोसायटी पंजीकरण को लेकर ग्रामीणों ने दिखाया उत्साह

## जिला स्तरीय सहकारिता जागरूकता अभियान के दूसरे दिन बारिश के बीच भी ग्रामीणों ने अपनी भागीदारी की

**टीम एक्शन इंडिया**
**गोहाना, बलराम**

**सहकारिता** विभाग द्वारा ताऊ देवीलाल स्टेडियम में संचालित किए जा रहे जिला स्तरीय सहकारिता जागरूकता अभियान के दूसरे दिन बारिश के बीच भी ग्रामीणों ने अपनी भागीदारी की। विभिन्न स्टालों पर योजनाओं व उत्पादों की जानकारी लेने के साथ-साथ लोगों ने सोसायटी पंजीकरण की प्रक्रिया करवाई, जिसमें एक सोसायटी का मौके पर ही पंजीकरण भी किया गया। गौरतलब है कि वीरवार को सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने ताऊ देवीलाल स्टेडियम में जिला स्तरीय सहकारिता जागरूकता अभियान की मुहिम का उद्घाटन करते हुए लोगों की मांग पर प्रदर्शनी को शनिवार तक बढ़ाने



की घोषणा की थी। शुक्रवार को सुबह से ही हो रही बारिश के बाद भी स्टेडियम परिसर में आमजन का आवागमन लगा रहा। जिला स्तरीय सहकारिता जागरूकता अभियान के नोडल अधिकारी सतीश रोहिल्ला की अगुवाई में विभिन्न स्टालों पर आमजन को जानकारी प्रदान की गई। रजिस्ट्रार सहकारी समितियों के स्टॉल पर सहायक रजिस्ट्रार प्रशांत शर्मा व उनकी टीम के सामने 10 सोसायटी पंजीकरण को लेकर अलग-अलग गांवों से लोग पहुंचे। उन्हें सोसायटी पंजीकरण की प्रक्रिया व दस्तावेज की जानकारी उपलब्ध करवाई गई। इसके बाद दोपहर तक द सानू सहकारी श्रम एवं निर्माण समिति लिमिटेड गामड़ी का दस्तावेज पूरे कर मौके पर ही पंजीकरण करते हुए समिति प्रधान विशाल कुमार को प्रमाण पत्र सौंपा गया तथा उन्हें समिति के माध्यम से किए जाने वाले कामों की जानकारी दी गई। द सोनीपत केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड सोनीपत के शाखा प्रबंधक महताब सिंह द्वारा ऋण योजना की जानकारी देते हुए बताया गया कि सहकारी बैंक अन्य बैंकों से कम ब्याज दर पर ऋण प्रदान करता है। उन्होंने कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा द्वारा गत दिवस शुरू की गई म्हारे बुजुर्ग-म्हारी धरोहर, वीरांगना लक्ष्मीबाई बचत योजना व नारी शक्ति उत्थान योजना की जानकारी दी। डेयरीफैड के वीटा स्टाल पर डेयरी सहकारी समिति पंजीकरण, दूध संकलन केंद्र के तौर पर स्वरोजगार की सम्भावनाओ पर विस्तार से जानकारी दी गई।

### विजया स्कूल में मनाया बाल दिवस व शहीद उधम सिंह जयंती



**टीम एक्शन इंडिया**

**सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।** शहर के विजया सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शहीद उधम सिंह जयंती व बाल दिवस मनाया गया। इसमें वीर उधम सिंह जी के त्याग को याद करते हुए बच्चों ने एक देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया । वीर बाल दिवस के रूप में चार साहिबजादों व उनकी माता गुजरी के शौर्य व बलिदान को दर्शाते हुए एक बड़ा ही हृदयस्पर्शी गीत प्रस्तुत किया गया, जिसने स्कूल के वातावरण में व विद्यार्थियों के मन में सिख धर्म के प्रति श्रद्धा व सम्मान जागृत किया। विद्यालय के एक नन्हे-मुन्ने विद्यार्थी करन ने अपनी मधुर व मीठी आवाज में जपजी साहिब के सबद का सस्वरवाचन किया ।
विद्यालय की प्रधानाचार्या रूपाक्षी नारंग ने अपनी मधुर व जोशभरी आवाज में जपजी साहिब का स्वयं भी पाठ किया और साथ साथ पूरे विद्यालय के विद्यार्थियों से भी पाठ करवाया। अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या ने विद्यार्थियों को देशभक्ति व अपने धर्म के प्रति बलिदान व आस्था के प्रति प्रेरित करते हुए कार्यक्रम का समापन किया ।

### गूगल मीट के माध्यम से सीधे संवाद जारी

**भिवानी:** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा नकल उन्मूलन व नशा मुक्ति अभियान के दूसरे दिन 900 से अधिक स्कूलों को गूगल मीट के माध्यम से सीधे संवाद जारी रहा। कार्यक्रम के तहत तीन जिलों रोहतक, सोनीपत और झज्जर के स्कूलों के प्राचार्यों, मुख्य अध्यापकों, अध्यापकों व छात्रों से संवाद कर उन्हें नकल रहित परीक्षाओं के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर बोर्ड सचिव अजय चोपड़ा ने नकल से होने वाले दुष्प्रभाव से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा सत्र 2024 -25 की परीक्षाओं को नकल रहित बनाने के लिए व्यापक स्तर पर नकल उन्मूलन अभियान की शुरूआत की गई है।

## 780 से अधिक शोध पत्र किए जाएंगे प्रस्तुत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग एवं भारतीय आर्थिक संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक सम्मेलन में 780 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। यह जानकारी सम्मेलन के संयोजक प्रो. अशोक चौहान ने दी।
प्रो. अशोक चौहान ने बताया कि तीन दिन तक चलने वाले इस सम्मेलन में लगभग 16 से अधिक सत्रों में भारतीय अर्थव्यवस्था के अलग-अलग पहलुओं पर 780 से अधिक अर्थशास्त्री अपने शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। इनमें स्थायी कृषि की ओर बदलाव, फसल स्वास्थ्य नीति सहायता, भारतीय उद्योगों के समक्ष समकालीन



चुनौतियाँ और अवसर, शिक्षा, कौशल और रोजगार, भारत की जनसांख्यिकी और विकास, पर्यावरण और सतत विकासरू भारत में समकालीन मुद्दे और चुनौतियाँ, राजकोषीय और मौद्रिक नीतिः भारतीय अर्थव्यवस्था के समक्ष चुनौतियाँ, ब्रह्मानंद स्मारक व्याख्यान, ह्लजलवायु परिवर्तन के युग में कृषिः स्थिरता की चुनौतियाँ, अवसर और समाधान, ह्लआत्मनिर्भर भारत- सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए उत्प्रेरकह्व, चन्द्र बाबू नायडू यादगार व्याख्यान, शिक्षा स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भर भारत, वर्तमान भारतीय अर्थव्यवस्था के विविध आयाम, किसानों की दोगुनी आय, भारतीय अर्थव्यवस्था में किसानी अर्थव्यवस्था का योगदान, खेतीबाड़ी, व्यापार एवं किसानी आमदनी, किसानों की आय बढ़ाने के तरीके, पशुधन के माध्यम से किसानी आय में बढ़ोतरी, जलवायु परिवर्तन एवं खेतीबाड़ी पर उसका प्रभाव, बदलते दौर में सतत खेतीबाड़ी विकास, भारतीय उद्यमिता के क्षेत्र में वर्तमान चुनौतियां एवं अवसर, भारतीय उद्योगों के सामने विविध चुनौतियां, शिक्षा, कौशल एवं रोजगार, भारतीय जनसांख्यिकी एवं विकास पर शोध पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। प्रो. अशोक चौहान ने बताया कि भारत के समक्ष पर्यावरणीय चुनौती का अर्थव्यवस्था पर प्रभाव, हरियाणा की अर्थव्यवस्था पर विशेष सत्र, वित्तीय अर्थव्यवस्था एवं प्रबंधन आदि विषयों पर विविध सत्र आयोजित किए जाएंगे। इन सत्रों में भारत के अलग-अलग राज्यों से आए अर्थशास्त्री अपने शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे।

### सांसद जिन्दल प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए बना रहे हैं योजना



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र/रादौरः कृषि और** पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए, सांसद नवीन जिन्दल द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए एक योजना तैयार की जा रही है। इस दिशा में वे जल्द ही हरियाणा के कृषि मंत्री श्री श्याम सिंह राणा से मुलाकात करेंगे, ताकि इस विषय पर ठोस कदम उठाए जा सकें। सांसद नवीन जिन्दल का मानना है कि प्राकृतिक खेती न केवल किसानों की लागत को कम करेगी, बल्कि मिट्टी की उर्वरता को बनाए रखने, जैव विविधता को बढ़ाने और जल संरक्षण में भी सहायक होगी। यह पहल किसानों को रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के दुष्प्रभावों से बचाने के साथ-साथ उनके उत्पादों को वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धी बनाएगी। किसानों को प्राकृतिक खेती उत्पादों के लिए बाजार उपलब्ध कराने में सहयोग करने पर विचार किया जा रहा है।

## स्वच्छता जागरूकता कार्यशाला में पहुंचे स्वच्छ भारत मिशन के उपाध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत।** स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी उपाध्यक्ष सुभाष चंद्रा ने कहा कि जहां पर स्वच्छता होती है, वहां पर प्रगति आती है क्योंकि स्वच्छता प्रगति व विकास का प्रतीक है, जबकि गंदगी दरिद्रता, आलस्य व बीमारी लाती है। इसलिए सभी संबंधित अधिकारी व नागरिक मिलकर जिला को साफ-सूथरा रखने के लिए कार्य करें ताकि हम स्वच्छता अभियान में अपने शहर को एक उदाहरण के रूप में प्रस्तुत कर सकें।
शुक्रवार को अतिरिक्त उपायुक्त




कार्यालय में स्थित प्रगति हॉल में आयोजित जिला स्तरीय स्वच्छता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी उपाध्यक्ष सुभाष चंद्रा ने किया। इससे पूर्व उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ० मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि लोगों में स्वच्छता की अलख जगाने के लिए इस स्वच्छता जागरूकता कार्यशाला की शुरूआत नूंह जिला से की गई थी

**बैठक**

**जहां पर स्वच्छता होती है, वहां पर प्रगति आती है क्योंकि स्वच्छता प्रगति व विकास का प्रतीक है**

और आज सोनीपत 15 जिला है जहां इस स्वच्छता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता तथा स्वास्थ्य का सीधा संबंध होता है। अगर हमारे घर के साथ-साथ हमारा गली-मोहल्ला, गांव-शहर, प्रदेश व देश स्वच्छ रहेगा तो हम सभी नागरिक भी स्वस्थ रहेंगे तथा अपने समाज व देश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि स्वच्छता व्यवहार का विषय है तथा हम सभी को अपने व्यवहार में इसे शामिल करना होगा। यह मुहिम केवल एक पक्ष से नहीं, बल्कि सरकार व जनता दोनों पक्षों के काम करने से सफल होगी। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के एक आह्वान पर सभी देशवासियों ने वर्ष 2014 से देश को स्वच्छ बनाने का बीड़ा उठाया।

## राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गन्नौर में रक्तदान शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः** भारत,नेहरु युवा केन्द्र सोनीपत ( युवा कार्यक्रम एंव खेल मंत्रालय भारत सरकार ) के तत्वावधान में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गन्नौर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें प्रशिक्षण संस्थान के स्टाफ के साथ युवाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया । शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में गन्नौर विधायक की तरफ से श्री पवित्र कुंडू रहे। मुख्यअतिथि पवित्र कुंडू और श्री पुरुषोत्तम प्लेसमेंट ऑफिसर व डिप्टी सुप्रिडेंट श्रीमती सुनील राठी ने




रक्तदाताओं को सार्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। इस दौरान युवाओं के द्वारा 55 यूनिट रक्तदान किया गया। श्री पुरुषोत्तम जी ने युवाओं को बताया कि रक्तदान करने से शरीर मे किशी भी प्रकार कोई कमजोरी नही होती है बल्कि शरीर मे रक्त होता हैं वो स्वच्छ हो जाता है , रक्तदान करने से हम दूसरों की जिंदगी बचा सकते हैं रक्तदान हम तीन महीने बाद दे सकते है।

### 31 दिसम्बर को लगाई जाएगी बोली

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. पंकज यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला पानीपत में स्थित जिला सचिवालय/न्यायिक परिसर के साईकल, स्कूटर, कार, जीप स्टैण्ड वर्ष की पार्किंग 2025 यानि 1 जनवरी 2025 से 31 दिसम्बर 2025 तक ठेके पर दी जानी है। जिसके लिए बोली 31 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे की जाएगी।
उक्त बोली लघु सचिवालय स्थित द्वितीय तल सभागार में उपमण्डल अधिकारी (ना.) पानीपत, नगराधीश पानीपत, लेखाधिकारी अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय और जिला नाजर की देखरेख में की जाएगी।

## आरिफ मोहम्मद खान को गवर्नर बनाए जाने पर जताया आभार

**टीम एक्शन इंडिया**
**बापौली , ( कमाल हुसैन )**

वीके सिंह व आरिफ मोहम्मद खान को गवर्नर मनाए जाने पर 12 अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष अफसर रावल ने खुशी जाहिर करते हुए दोनों नेताओं को बधाई दी एवं पार्टी नेतृत्व का आभार प्रकट किया । अफसर रावल ने कहा कि जनरल वीके सिंह को मिजोरम राज्य का गवर्नर नियुक्त किया गया है जबकि आरिफ मोहम्मद खान को बिहार का गवर्नर बनाया गया है । दोनों ही नेता ईमानदार एवं मेहनतकश है । अफसर राहुल ने दोनों नव नियुक्त गवर्नर को बधाई देते हुए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार



जताया और कहा कि निश्चित रूप से उक्त दोनों गवर्नरों के नेतृत्व में दोनों प्रदेशों में कानून व्यवस्था एवं विकास का कार्य सुचारू रूप से चलेगा । दोनों गवर्नरों के काम करने के तरीके से दोनों प्रदेशों का शासन वर्ग पूर्णतया ईमानदारी एवं मेहनत से कार्य करेगा । दोनों राज्य की जनता को उक्त दोनों गवर्नरों के नेतृत्व का पूरा-पूरा लाभ मिलेगा । वीके सिंह भारतीय सेना के

**खुशी**

**अफसर रावल ने कहा कि जनरल वीके सिंह को मिजोरम राज्य का गवर्नर नियुक्त किया गया है**

पूर्व अध्यक्ष भी रह चुके हैं। बता दें कि वीके सिंह इससे पहले भारतीय जनता पार्टी की ओर से सांसद और केंद्र सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। हालांकि, साल 2024 में हुए लोकसभा चुनाव में उन्हें चुनाव मैदान में नहीं उतारा गया था। वीके सिंह गाजियाबाद से 2014 में पहली बार सांसद चुने गए थे।

## परम्परा अनुसार मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस समारोह: नेहा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह को परम्परा अनुसार मनाया जाएगा। इस समारोह का आयोजन पुलिस लाईन कुरुक्षेत्र के प्रांगण में किया जाएगा। अगर बरसात होती है तो जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस कार्यक्रम का आयोजन अनाज मंडी कुरुक्षेत्र के प्रांगण में किया जाएगा। इस समारोह को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे और विभिन्न विभागों द्वारा सुंदर-सुंदर झांकियां निकाली जाएंगी और स्कूली विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुत की जाएंगे। उपायुक्त नेहा सिंह शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में गणतंत्र




दिवस की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की एक बैठक को संबोधित कर रही थी। इससे पहले उपायुक्त नेहा सिंह ने गणतंत्र दिवस समारोह के बेहतर आयोजन के बारे में फीडबैक रिपोर्ट हासिल की और समारोह के दौरान सभी एचओडी को उपस्थित रहने के आदेश भी दिए। उन्होंने कहा कि शहीदी स्मारक और आसपास के क्षेत्र तथा पुलिस लाइन कार्यक्रम स्थल के आसपास साफ-सफाई की व्यवस्था करने का काम पूरा किया जाए। अगर बरसात का मौसम हुआ तो वैकल्पिक कार्यक्रम स्थल अनाज मंडी कुरुक्षेत्र में होगा। इस वैकल्पिक कार्यक्रम स्थल पर भी तैयारियों का प्रबंध रखना होगा। दोनों स्थलों पर पुलिस प्रशासन की तरफ से

**तैयारी**

**जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस कार्यक्रम का आयोजन अनाज मंडी कुरुक्षेत्र के प्रांगण में किया जाएगा**

सुरक्षा व्यवस्था तथा बिगुल बजाने के लिए संतरी और ध्वजारोहण के लिए ध्वज का प्रबंध करना सुनिश्चित किया जाएगा।
उन्होंने कहा कि संबंधित विभागों के अधिकारी भी अपनी-अपनी ड्यूटी का ईमानदारी के साथ निर्वहन करना सुनिश्चित करेंगे। सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग के उल्लेखनीय कार्य करने वाले कर्मचारियों की सूची प्रशासन द्वारा निर्धारित प्रोफार्मा में भरकर भिजवाना सुनिश्चित करेंगे ताकि सरकार के अनुमोदन के बाद सम्मानित होने वाले कर्मचारियों की सूची फाइनल हो सके। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी को चुनिंदा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी। इसके अलावा मलखंब, योगा, पीटी शो आदि कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा।
उन्होंने कहा कि निमंत्रण कार्ड, शहर की सफाई व्यवस्था, पंडाल की साज-सज्जा, रंगोली, कार्यक्रम स्थल के आसपास स्वागत द्वार, पीने के पानी की व्यवस्था, बिजली की व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था का प्रबंध किया जाएगा।
गणतंत्र दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम व पीटी शो का आयोजन किया जाएगा।

## 7590 शिकायतों में से किया जा चुका है 6262 शिकायतों का समाधान

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः** लोगों की समस्याओं को निवारण करने के लिए जिला स्तर व उपमण्डल स्तर पर आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर लोगों को सरकारी सेवाओं का लाभ पहुंचाने में कारगर सिद्ध हो रहे हैं। उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने बताया कि समाधान शिविरों में अब तक पहुंची 7590 शिकायतों में से 6262 शिकायतों का समाधान यिका जा चुका है। इसके साथ ही 827 शिकायतें ऐसी है जिनको निवारण के लिए संबंधित विभागों में भेजा गया है और 269 ऐसी शिकायतें है जिन्हें रिजेक्ट किया गया है। शुक्रवार को लघु सचिवालय



में आयोजित समाधान शिविर में पहुंची 03 शिकायतों की सुनवाई करते हुए उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन शिकायतों का तुरंत समाधान करवाने का प्रयास करें ताकि लोगों को समस्याओं से राहत मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी व्यक्ति आपके कार्यालय में कोई शिकायत लेकर आए तो उसका प्राथमिकता के साथ समाधान करवाना सुनिश्चित करें।

## न्यूज फ्लैश

### रुपयों के लेनदेन के चलते मारपीट कर घायल व धमकी देने का आरोप

**सोनीपत:** शहर थाना क्षेत्र में रुपयों के लेनदेन के चलते रास्ता रोककर मारपीट कर घायल करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। घायल ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव करेवड़ी हाल में मयूर विहार निवासी दीपक ने बताया कि उसकी कृष्ण निवासी पिनाना के साथ जान-पहचान है। उसके साथ एक लाख रुपये का लेनदेन भी है। जिसको लेकर उसने कृष्ण से समय मांगा हुआ है। गत 25 दिसंबर को करीब साढ़े बारह बजे अपनी स्कूटी पर सवार होकर गांव गढ़ी ब्राह्मण में किसी काम से जा रहा था। वह फिरनी के पास पहुंचा। जहां एक कार ने उसे टक्कर मारकर गिरा दिया। गाड़ी से कृष्ण व उसके दो साथी उतरकर नीचे आए। उनके हाथों में बिट्टे लिए हुए थे। तीनों ने उस पर हमला कर घायल कर दिया। उसके दोनों पैरों एवं हाथों पर चोटें मारी। उसे जान से मारने की धमकी देने व रुपये देने की धमकी देकर फरार हो गए। मामले को लेकर उसने अपने भाई को बुलाया। घायल अवस्था में उसे लेकर अस्पताल में पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। परिजन उसे निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां उसका उपचार चल रहा है। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई सुनील कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द से आरोपितों के खिलाफ आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### नौ माह पहले किया था जानलेवा हमला, अब गवाह को दी मारने की धमकी देने का आरोप

**सोनीपत: मोहाना** थाना क्षेत्र में नौ माह पहले किए जानलेवा हमला करने की वारदात में अदालत में गवाही देने पर धमकी देने व हमला कर घायल करने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव बादशाहपुर माछरी निवासी इंद्रदेश ने बताया कि वह 17 दिसंबर को करीब साढ़े ग्यारह बजे अपनी मां के साथ पशुओं के लिए चारा लेने के लिए खेत में जा रहा था। वह सड़क मार्ग पर पावर ग्रिड चौधरी के पास पहुंचे। जहां पहले ही एक कार खड़ी थी। जिसमें चार लड़के बैठे थे। उसके पहुंचते ही कार से बाहर निकले। गाड़ी में गांव का अमन नाम का युवक भी बैठा हुआ था। वहीं अन्य तीन लड़कों को वह नहीं जानता था। गाड़ी से नीचे उतरते ही उसके पकड़कर कहा कि तूने उसके खिलाफ कोर्ट में गवाही दी तो वह उसे गोली मार देंगे। उसका कोर्ट में नाम नहीं लेना। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी अरुण कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपितों के खिलाफ आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### रेलवे कर्मचारी के घर में चोरी करने का आरोपित सीसीटीवी में कैद

**गन्नौर।** महादेव नगर में रेलवे कर्मचारी के घर से लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण और नकदी चोरी के मामले में सीसीटीवी फुटेज सामने आई है। सीसीटीवी फुटेज में एक व्यक्ति को मकान की सीढ़ियों से उतरते हुए देखा गया। चोरी के तीन दिन पहले यह युवक रेलवे कर्मचारी के मकान पर किराये पर रहने आया था। आरोप है कि युवक ने रेलवे कर्मचारी की पत्नी पर नशीला स्प्रे कर वारदात को अंजाम दिया।

# विकसित भारत के स्वरूप में अर्थशास्त्रियों का होगा योगदान : प्रो. सोमनाथ सचदेवा

### कुवि में तीन दिवसीय इंडियन इकोनोमिक एसोसिएशन के 107वें वार्षिक सम्मेलन का हुआ शुभारम्भ

**परिकल्पना**

**अर्थव्यवस्था लगभग 7 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ रही है, आवश्यकता है इसे और अधिक विकसित करने की**



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2047 तक विकसित भारत की जो परिकल्पना की है उसको साकार स्वरूप देने में भारत के अर्थशास्त्रियों का महत्वपूर्ण योगदान होगा। भारत की अर्थव्यवस्था लगभग 7 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ रही है, आवश्यकता है इसे और अधिक विकसित करने की। भारत ने डिजीटल पैमेंट, हथियार निर्यात, अंतरिक्ष तकनीकी और उद्यमिता के क्षेत्र पूरे विश्व में अपनी अलग पहचान बनाई है। आज भारत विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था है तथा 2030 तक भारत पूरे विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित होगा। यह उद्गार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने बतौर मुख्यातिथि कुवि के अर्थशास्त्र विभाग एवं इंडियन इकोनोमिक एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'सतत, विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत' विषय पर आधारित 107वें वार्षिक सम्मेलन में सम्बोधित करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत आज उद्यमिता के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा है। आज भारत विश्व का सबसे युवा देश है। यहां के युवा उद्यमिता के माध्यम से पूरे विश्व में अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वावलंबी भारत अभियान के माध्यम से आने वाले दिनों में लाखों युवकों को रोजगार मिलेगा। आज का युवा उद्यमिता के माध्यम से रोजगार लेने वाला नहीं अपितु रोजगार देने वाले की राह पर अग्रसर है।

इससे पूर्व इंडियन इकोनोमिक एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं कुलपति श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, के प्रो. तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा की शुरुआत वैदिक काल से हुई है। ऋग्वेद व अथर्ववेद में इसके साक्षात प्रमाण मिलते हैं। भारतीय सांस्कृतिक परम्पराओं में अर्थशास्त्र की अर्थव्यवस्था का स्वरूप निहित है। वैदिक दर्शन में अर्थव्यवस्था प्रबंधन के विविध स्वरूप देखने को मिलते हैं। कौटिल्य का अर्थशास्त्र एवं चाणक्य नीति भारतीय सांस्कृतिक अर्थव्यवस्था की धुरी है। इसी स्वरूप को भारतीय शिक्षा नीति 2020 में लागू किया गया है। क्षेत्रीय संस्कृति को महत्व दिया गया है।

इस शिक्षा नीति में भारत के आत्मनिर्भर भारत का स्वरूप निहित है। आधुनिक भारत की अर्थव्यवस्था भारतीय ज्ञान परम्परा को समाहित कर निरंतर विकास की ओर अग्रसर है।

## सितंबर तिमाही के लिए डीएलआरसी बैठक आयोजित



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** सितंबर तिमाही की जिला स्तरीय समीक्षा समिति (डीएलआरसी) बैठक अम्बाला के एडीसी कार्यालय में अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी) डा. ब्रह्मजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत एडीसी, आरबीआई के जिला अग्रणी अधिकारी गुरजिंदर सिंह और नाबार्ड की जिला विकास प्रबंधक ऋतु वर्मा का स्वागत करते हुए। स्वागत के प्रतीक के रूप में, एलडीएम श्री पुनीत कुमार ने उन्हें पौधा भेंट किया। बैठक में एजेंडा बिंदुओं पर बैंकों और संबंधित सरकारी एजेंसियों के साथ विस्तार से चर्चा की गई। बैठक से प्रमुख निर्देश लंबित मामलों का निपटारा: सभी बैंकों को निर्देश दिया गया कि वे 15 जनवरी 2025 तक लंबित मामलों का निपटारा सुनिश्चित करें। सरकारी एजेंसियों के साथ समन्वय: एनयूएलएम, एनआरएलएम और एमएसएमई जैसी विभागीय एजेंसियों को निर्देश दिया गया कि वे नियमित रूप से एलडीएम से मिलें और लंबित मामलों की अद्यतन जानकारी साझा करें। ऐसी बैठकें मासिक आधार पर आयोजित की जाएं। इस दौरान एडीसी ने संबंधित अधिकारियों को फिर से पत्र लिखकर आरसेटी घेल कलां के लिए बस सेवा शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने पशुपालन निदेशक श के साथ विभागीय पोर्टल पर "नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट" (एनओसी) टैब के बारे में चर्चा की और इसके महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने एलडीएम को निर्देश दिया कि वे आगामी सोमवार को डीडीपीओ, बीडीओ, बैंकर्स और अन्य संबंधित पक्षों के साथ बैठक आयोजित करें ताकि अधिक से अधिक सामाजिक सुरक्षा आवेदन उत्पन्न किए जा सकें।

## गाड़ी से सामान चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत:** जिले की एसएजी यूनिट सेक्टर-7 सोनीपत टीम ने गाड़ी से सामान चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित दीपक निवासी नरेला दिल्ली का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। धर्मपुर गुरुग्राम निवासी दीपक ने गत 11 दिसंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह रिटको लॉजिस्टिक प्राइवेट कंपनी में मैनेजर के पद पर कार्यरत है। उनकी कंपनी पूरे भारत में ट्रांसपोर्ट का काम करती है। गत 25 नवंबर को कंपनी की ब्रांच से 38 टन प्लास्टिक दाना ट्रक में लोड करवाकर दिल्ली की पार्टी के लिए रवाना किया था। गत 29 नवंबर को रात करीब दस बजे टोल क्रॉस करके चालक ने गाड़ी को खड़ी कर दिया। उसके बाद अगले दिन जीपीएस के जरिए गाड़ी का पता किया। उन्होंने चालक से संपर्क किया, लेकिन उसका मोबाइल नंबर बंद आ रहा था। उसने गाड़ी मालिक से संपर्क किया, लेकिन वह घर से गायब मिला।

## पूर्व सैनिक कल्याण संगठन ने श्रद्धापूर्वक वीर बाल दिवस मनाया

**श्रद्धांजलि**

**साहिबजादो की कुर्बानियों को याद किया गया जान निछावर करने वाले सभी शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई**



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** आज सीएसडी पिपली में सभी पूर्व सैनिक कल्याण संगठन द्वारा वीर बाल शहीदी दिवस श्रद्धापूर्वक धूमधाम से मनाया गया। इस वीर बाल शहीदी दिवस पर कुरुक्षेत्र के सभी पूर्व सैनिक मौजूद रहे। जिसमें कर्नल एल. एस. लक्ष्मण, कर्नल राजकुमार मलिक, कर्नल कौशिक, कैप्टन अशोक कुमार, मनोज कुमार, देविंदर सिंह, सुखविंदर कौर, शिमला देवी, रीना रानी, वेदपाल, विजेंदर सिंह, जिले सिंह, मनीष कुमार, अजय कुमार, भूल सिह के साथ कुरुक्षेत्र के सभी पूर्व सैनिक मौजूद रहे। इस अवसर पर अपने देश के लिए कुर्बान होने वाले साहिबजादो की कुर्बानियों को याद किया गया और अपने देश के लिए जान निछावर करने वाले सभी शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। पूर्व सैनिक कल्याण संगठनके जिला प्रधान कर्नल राजकुमार मलिक ने कहा कि आज मातृभूमि, देश और धर्म के लिए अपनी शहादत देने वाले गुरु पुत्रों एवं गुरु माता के प्रति नमन करने, श्रद्धा एवं कृतज्ञता अर्पित करने का दिवस है। कोम के लिए चारों साहिबजादों बाबा अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह, फतेह सिंह और माता गुजरी ने अपनी शहीदी दी। धर्म की खातिर खुशी-खुशी शहादत और जंग में दुश्मनों को धूल चटाने वाले गुरु गोबिंद सिंह के चार साहिबजादों के बारे में शायद ही कोई ऐसा होगा, जो नहीं जानता होगा। उन्होंने कहा कि जहां गुरुजी के दो बड़े साहिबजादे जंग में लड़ते हुए शहीद हो गए वहीं दो छोटे साहिबजादों को जिंदा दीवार में चिनवा दिया गया। ये नन्हीं जाने अपने पीछे आज एक मिसाल छोड़ गई हैं।

हमें हमेशा उनकी शहादत को याद रखना चाहिए। हमें हमेशा धर्म से ऊपर उठकर हक और सच की लड़ाई लड़नी चाहिए और हमेशा सच का साथ देना चाहिए और अगर जरूरत पड़े तो इसके लिए हमें अपने प्राण तक न्यौछावर कर देने चाहिए तभी हम एक अच्छे समाज का सृजन कर सकते हैं।

# आपातकालीन कक्ष की ईसीजी मशीन जिंदा व्यक्ति को मृत दिखा रही

**लापरवाही**

**मशीन ठीक से रीडिंग नहीं दे रही है। कक्ष में तैनात कर्मचारी कक्ष में आने वाले मरीजों की ईसीजी करते है**

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत:** नागरिक अस्पताल सोनीपत में मरीजों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने का काम किया जा रहा है। अस्पताल के आपातकालीन कक्ष में रखी ईसीजी मशीन काफी दिनों से खराब पड़ी है। मशीन ठीक से रीडिंग नहीं दे रही है। कक्ष में तैनात कर्मचारी कक्ष में आने वाले मरीजों की ईसीजी करते है, तो मशीन ठीक से रिडिंग नहीं दे पाती। मशीन में मरीज के जिंदा होने की कोई प्रक्रिया दिखाई नहीं देती। मृतक की ईसीजी करने पर उसमें हलचल दिखा रही है। जिसके चलते चिकित्सक व स्टाफ कर्मचारियों को परेशानी का सामना करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। प्रबंधन की तरफ से इस संबंध में कोई ठोस कदम न उठाने की बात कही जा रही है। जबकि प्रबंधन की तरफ से समय-समय पर मशीन को ठीक करवाने का राग अलापा जा रहा है।

बता दें कि नागरिक अस्पताल की इमारत से लेकर उसमें स्थापित मशीनरी काफी पुरानी हो चुकी है। करीब तीन साल पहले नागरिक अस्पताल सोनीपत को 100 बेड से बढ़ाकर 200 बेड का किया गया था। सरकार की तरफ से मूलभूत सुविधाओं को बेहतर करने के लिए जिला वासियों के लिए अहम कदम उठाने का काम किया था। लेकिन अस्पताल के निर्माण के दौरान ही उसे 100 बेड के हिसाब से बनाया गया था, ऐसे में कागजों में अस्पताल को 200 बेड का किया जा चुका है, लेकिन स्वास्थ्य सेवाएं अस्पताल में दम तोड़ रही है। अस्पताल में स्थापित मशीनरी काफी पुरानी हो चुकी है। अस्पताल के आपातकालीन कक्ष में मशीनें जर्जर हालत व तकनीकी खामियों की वजह से खराब पड़ी है। प्रबंधन की तरफ से बरती जा रही लापरवाही का खामियाजा स्वास्थ्य कर्मचारियों व आमजन को भुगतने पर मजबूर होना पड़ रहा है।

**आपातकालीन कक्ष की मशीनरी देर रही गलत रिपोर्ट, मृतक में बता रही सांसे-** जिले के नागरिक अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं इस कदर बदतर हो चुकी है, कि अस्पताल के सबसे महत्वपूर्ण कक्ष आपातकालीन कक्ष में मशीनरी जवाब दे रही है।

## अखंड पाठ साहिब की समाप्ति के उपरांत बच्चों ने शब्द कीर्तन गायन किया

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत:** गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहब सेक्टर 15 सोनीपत में वीर बाल दिवस के उपलक्ष में श्री जी इंटरनेशनल स्कूल के बच्चे आए। गुरुद्वारा साहिब में चल रहे अखंड पाठ साहिब की समाप्ति के उपरांत बच्चों ने शब्द कीर्तन गायन किया। महासचिव परमजीत सिंह द्वारा बच्चों को गुरु गोविंद सिंह जी के चार साहबजादों की शहादत का इतिहास बताया गया। बाबा जुझार सिंह जी चमकौर साहिब में बहादुरी के साथ जंग करते हुए शहीद हुए। कुछ समय उनकी उम्र केवल 17 एवं 14 बरस थी।



छोटे दो साहबजादे बाबा जोरावर सिंह जी बाबा फतेह सिंह जी जिनकी आयु क्रमशः सात व नौ वर्ष थी उन्हें जिंदा ही दीवार में चलवा कर सरहिंद में शहीद कर दिया गया। उन्होंने बच्चों को बीबी हर शरण कौर मोतीराम मेहरा एवं सेठ टोडरमल जी का इतिहास भी बताया। समाप्ति उपरांत बच्चों में लंगर वितरित किया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा साहब के ट्रस्टी गुरदयाल सिंह सोढ़ी अमरीक सिंह परमजीत सिंह आदि उपस्थित रहे।

## नए वर्ष पर होने वाले प्रोग्राम को लेकर सुरक्षा गोष्ठी का आयोजन

**सोनीपत:** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर मुरथल ढाबों पर नववर्ष को होने वाले कार्यक्रमों को लेकर मुरथल थाना पुलिस ने कमर कस ली है। मुरथल प्रभारी ने ढाबा संचालकों के साथ एक समीक्षा गोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें कार्यक्रमों के दौरान यातायात सुविधा, आने वाले लोगों की सुरक्षा, पार्किंग संबंधित बाधाओं को लेकर चर्चा की गई। वहीं सभी ढाबों पर उचित सुरक्षा एवं पार्किंग व्यवस्था बारे सभी को निर्देश भी दिए गए है। थाना प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र कुमार ने कहा कि जिला में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है।

## दिव्यांगों को कृत्रिम अंग उपलब्ध करवाना सबसे बड़ी सेवा: जैन

**शिविर**

**तीन दिवसीय विकलांग सहायता शिविर का उद्घाटन करने के बाद शिविर में आये लोगों को सम्बोधित कर रहे थे**

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत:** मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने कहा है कि दिव्यांग नागरिको को कृत्रिम अंग एवं उपकरण उपलब्ध करवाना सबसे बड़ी सेवा है, यह पवित्र कार्य सरकार की मदद से समाजसेवी संस्थाएं बखूबी कर रही हैं। राजीव जैन शुक्रवार को दिगंबर जैन मंदिर, मंडी में जैन मिलन, रेड क्रॉस सोसाइटी, दिगंबर जैन समाज, सेवा भर्ती, संत नामदेव रोहिल्ला टांक उत्थान संघ, पानीपत एसोसिएशन आर्किटेक्ट एन्ड इंजिनीयर, नेशनल मेडिकोस आर्गेनाईजेशन, दिव्यांग कल्याण एकता सोसाइटी, महावीर विकलांग सेवा समिति एवं



एनवायरो वातसल्य सेवा समिति के संयुक्त तत्वाधान में तीन दिवसीय विकलांग सहायता शिविर का उद्घाटन करने के बाद शिविर में आये लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। शिविर में विकलांगों को ३१ साईकिल, बैसाखी एवं कृत्रिम अंग मुफ्त प्रदान किये गए। जैन समाज के अध्यक्ष सुरेश जैन अधिवक्ता ने बताया कि शिविर में 100 से जयादा विकलांगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया और जाँच के बाद ३१ साईकिल, बैसाखी एवं कृत्रिम अंग प्रदान किये गए। रेड क्रॉस सोसाइटी सचिव गौरव रामकरण ने बताया कि इस तरह के शिविर हर वर्ष लगाकर मदद की जाती है, उन्होंने बताया कि समिति मौके पर ही कृत्रिम अंग तैयार कर प्रदान करते हैं। उन्होंने आगे बताया की 80 प्रतिशत से जयादा दिव्यांगों को बैटरी वाली साईकिल भी दी जाती है।

# रंगदारी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पटाक्षेप किया

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, ( कमाल हुसैन )

पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए सीआईए वन पुलिस टीम ने रंगदारी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे में मामला का पटाक्षेप कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गढ़ सरनाई गांव से काबू किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान राहुल निवासी देवीपुरा घरौंडा करनाल व मंजीत उर्फ सोहन निवासी शेरगढ़ पटियाला पंजाब हाल बराना के रूप में हुई है। वारदात में प्रयुक्त मोबाइल बरामद करने व रंगदारी से पूछताछ करने के लिए दोनों आरोपियों को शुक्रवार को माननीय न्यायालय में पेश कर 3 दिन के



पुलिस रिमांड पर हासिल किया। उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतीश वत्स ने शुक्रवार को जिला सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि थाना सेक्टर 13/17 क्षेत्र निवासी एक महिला ने थाना में शिकायत देकर बताया था कि उसके शौरूम के सीसीटीवी कैमरा खराब हो गए थे। उसने राहुल नाम के मैकेनिक से फोन पर संपर्क किया। राहुल 12 नवंबर को सीसीटीवी कैमरा को ठीक करने के लिए आया। उसने सीसीटीवी कैमरा ठीक करने के लिए जीमेल व सीसीटीवी का लॉगिन पासवर्ड मांगा जो उसने दे दिया। 18 नवम्बर को उसके पास एक अज्ञात नंबर से कॉल आई। कॉलर ने धमकी देते हुए कहा उसकी निजी पलों की वीडियो उसके पास है।

**रिमांड**

**गहनता से पूछताछ करने के लिए दोनों आरोपियों को शुक्रवार को माननीय न्यायालय में पेश कर 3 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया**

20 लाख रूपए नही दिए तो वह वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा। कॉलर ने साथ ही पैसे न देने की सूरत में जांन से मारने की धमकी दी। उसके समझाने के बाद भी वह बार बार कॉल कर धमकाने के साथ पैसों की डिमांड करता रहा। इसके बाद कॉलर ने उसके वॉटसअप नंबर पर मैसेज व उसके निजी पलों की वीडियो भेजी। 24 दिसम्बर को उसी नंबर से उसके पास वॉटसअप पर मैसेज आया और 5 लाख रूपए की डिमाड करते हुए धमकी दी की शौरूम मालिक को बोलो पैसे देगा नही तो वह दोनों को जांन से मार देगा। वह शौरूम मालिक के साथ 3 साल से लिव-इन में रह रही है। आरोपी उसकी निजी पलों की वीडियो वायरल करने की धमकी देकर पैसो की डिमाड कर रहा है। पैसे न देने पर जांन से मारने की धमकी दे रहा है। महिला की शिकायत पर तुरंत थाना सेक्टर 13/17 में अभियोग दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों की पहचान व धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे।

## अस्पताल में कंप्यूटर ऑपरेटर पर मरीज व उसके परिजनों से अभद्रता करने का आरोप

**शिकायत**

**कर्मचारी के खिलाफ पहले भी कई शिकायतें प्रबंधन के पास भेजी जा चुकी है**

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत: नागरिक** अस्पताल सोनीपत में रजिस्ट्रेशन काउंटर पर बैठे कंप्यूटर ऑपरेटर पर मरीज व उसके परिजनों के साथ अभद्रता करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर आपातकालीन कक्ष में तैनात चिकित्सक को शिकायत दी। चिकित्सक ने शिकायत को प्रबंधन के पास भेज दिया है। कर्मचारी के खिलाफ पहले भी कई शिकायतें प्रबंधन के पास भेजी जा चुकी है, लेकिन कोई ठोस कदम प्रबंधन की तरफ से नहीं उठाया जा रहा है। बता दें कि नागरिक अस्पताल में ओपीडी रजिस्ट्रेशन के काउंटर नंबर-5 पर आयुष्मान व आपातकालीन स्थित में पर्ची बनवाने के लिए काउंटर बना रखा है। बृहस्पतिवार को अस्पताल में छुट्टी होने के कारण आपातकालीन कक्ष में मरीजों की भीड़ देखने को मिली। वहीं छुट्टी के दिन मात्र एक काउंटर खुला हुआ है। प्रबंधन की तरफ से काउंटर पर सचिन नाम के कर्मचारी की ड्यूटी लगाई हुई थी। अस्पताल में अपनी बहन का उपचार करवाने के लिए पहुंचे धर्मेंद्र ने बताया कि वह लाइन में खड़ा होकर अपनी बारी का इंतजार कर रहा था। उसी दौरान उसकी बहन भी लाइन में लगी हुई थी। कंप्यूटर पर बैठे कर्मचारी ने उसकी बहन के साथ अभद्रता करना शुरू कर दिया। उसका विरोध किया तो उसके साथ भी गाली-गलौच करने लगा। उसे व उसकी बहन को धमकी तक कर्मचारी ने दी। मामले को लेकर आपातकालीन कक्ष में तैनात चिकित्सक को लिखित में शिकायत देकर पीड़ित ने कर्मचारी के खिलाफ विभागीय कार्यवाही करने व उसकी शिकायत को जिला उपायुक्त के पास भेजने की अपील की है। कक्ष

# गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों एवं माता गुजरी के बलिदान दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र, :** गीता विद्या मंदिर शाहाबाद के सभागार भवन में भारतीय इतिहास संकलन समिति कुरुक्षेत्र एवं विद्या भारती हरियाणा के संयुक्त तत्वाधान में महामना मदन मोहन मालवीय की जयंती एवं गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों एवं माता गुजरी के बलिदान दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विषय पर संबोधित करते हुए डॉ. धीरज कौशिक ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद इतिहासकारों के द्वारा जो इतिहास लेखन किया गया, उसमें कुछ नेताओं का महिमा मंडन किया गया है, जबकि स्वतंत्रता आंदोलन



में दूसरे नेताओं के योगदान को नगण्य कर दिया गया। इतिहासकारों द्वारा महामना मदन मोहन मालवीय के योगदान को अनदेखा किया गया। प्रांत संगठन मंत्री कुलदीप चंद ने इतिहास संकलन समिति के कार्य व कार्य पद्धति का संक्षिप्त विवेचन किया। अध्यक्षीय भाषण में बोलते हुए मुख्य अतिथि श्री कृष्णा संग्रहालय के क्यूरेटर राजेंद्र सिंह राणा ने अपने वक्तव्य में कहा कि मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय जागरण और राष्ट्र निर्माण के कालखंड के लगभग 60 वर्षो का जीवित इतिहास

**इतिहास लेखन**

**डॉ. धीरज कौशिक ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद इतिहासकारों के द्वारा जो इतिहास लेखन किया गया**

है। उन्होंने राजनीतिक शिक्षा एवं सांस्कृतिक जगत में युग परिवर्तन के साथ युग प्रवर्तन का काम किया। मालवीय के राजनीतिक चिंतन का सबसे प्रखर तत्व उनकी राष्ट्रवादी विचारधारा थी। उन्होंने जिस समय राजनीतिक क्षेत्र में प्रदार्पण किया उस समय देश में विदेशी शक्ति का शासन था। उन्होंने अपने कार्यों से विदेशी शक्ति को राजनीतिक धार्मिक और आर्थिक आघात किया। उन्होंने कहा कि मालवीय जी भारत में एकता के पर्याय थे। अपने वक्तव्य में उन्होंने आगे कहा कि मदन मोहन मालवीय महिला शिक्षा को अत्यंत आवश्यक मानते थे। इसी उद्देश्य से उन्होंने गौरी पाठशाला और काशी महिला महाविद्यालय की स्थापना की थी। गुरु साहिबजादों और माता गुजरी जी के बलिदान पर बोलते हुए सरदार हरप्रीत सिंह जी ने कहा की मुगलों के अत्याचार को रोकने के लिए गुरु गोबिंद सिंह ने हिंदू धर्म की रक्षा के लिए अपने संपूर्ण परिवार का बलिदान कर दिया था।

# दत्तात्रेय बांके बिहारी मंदिर में पूजा कर लिया आशीर्वाद

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

हरियाणा के महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने अंसल स्थित बांके बिहारी ज्ञानेश्वर मंदिर में गुरूवार को पूजा अर्चना कर बांके बिहारी का आशीर्वाद लिया। महामहिम के मंदिर परिसर पहुंचने पर पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह व जिला परिषद के सीईओ नरेन्द्र पाल मलिक ने बुके देकर स्वागत किया व श्री कृष्ण वेद विद्यालय के विद्यार्थियों ने अभिनंदन कर शुक्ल ऋग्वेद का उच्चारण कर तिलक लगाया। महामहिम ने बांके बिहारी को पुजारी के माध्यम से पूजा अर्चना कर आस्था स्वरूप प्रसाद भेंट कर आशीर्वाद लिया। पुजारी ने महामहिम को पटका पहनाकर व मोतियों की माला अर्पित कर पूजा अर्चना की विधि को संपूर्ण किया।

महामहिम ने इस दौरान मंदिर



परिसर में स्थित शिवालय व अन्य मूर्तियों के समक्ष जाकर आशीर्वाद ग्रहण किया। इस दौरान उन्होंने मंदिर के कमेटी के सदस्यों से मंत्रणा की व मंदिर के संदर्भ में वार्ता की। कमेटी की तरफ से महामहिम को बांके बिहारी की एक छायाचित्र भी भेंट किया गया। महामहिम ने इस दौरान विद्यालय के बच्चों को भी आशीर्वाद दिया।

विदित रहे कि महामहिम राज्यपाल ने 21 अक्टूबर 2021 को बांके बिहारी ज्ञानेश्वर मंदिर का लोकार्पण किया था। इस मौके पर उनके साथ वरिष्ठद्द भाजपा नेता हरपाल ढांडा के अलावा कपिल जिंदल और मंदिर की कमेटी से जुड़े अनेक अनुयायी मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### समाधान शिविर में हर विभाग के अधिकारी मौके पर करेंगे समस्या का समाधान :रमन गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** नगराधीश डा. रमन गुप्ता ने कहा कि लघु सचिवालय प्रथम तल सभागार में रोजाना लगने वाले समाधान शिविर में लोगों की हर प्रकार की समस्या का समाधान किया जा रहा है। इस शिविर में



कोई भी व्यक्ति किसी भी विभाग से सम्बन्धित समस्या रख सकता है। इन समस्याओं का मौके पर ही समाधान करने का प्रयास किया जा रहा है। इस समाधान शिविर के लगने से लोगों को अलग-अलग विभागों के अधिकारियों के कार्यालयों में चक्कर काटने से भी छुटकारा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को समाधान शिविर में अलग-अलग विभागों से सम्बन्धित 11 समस्याओं के लिए आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से अधिकतर समस्याओं का समाधान किया गया है तथा शेष समस्याओं का समाधान करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए है। उन्होंने कहा कि इस समाधान शिविर में सभी विभागों के अधिकारी पहुंचते है ताकि प्रत्येक विभाग से सम्बन्धित समस्या का मौके पर ही समाधान संभव हो सके। इसलिए कुरुक्षेत्र के सभी नागरिकों से बार-बार अपील की जा रही है कि इन समाधान शिविर का फायदा उठाना चाहिए और अपनी हर प्रकार की समस्या का समाधान इस शिविर के माध्यम से करवाना चाहिए।

### महात्मा गांधी जी ने सिखाया अहिंसा और सत्य पर चलने का रास्ता: मेयर राजीव सरोहा



**सोनीपत** सुभाष चौक स्थित कांग्रेस भवन में कार्यकारी मेयर राजीव सरोहा व पूर्व सांसद धर्मपाल मलिक जी की अध्यक्षता में महात्मा गांधी जी को कांग्रेस प्रधान बनने के सौ वर्ष पूर्ण होने पर कांग्रेस भवन में सभी कांग्रेसियों ने एक जुट होकर बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। मेयर राजीव सरोहा ने बताया कि आज ही के दिन सो वर्ष पहले महात्मा गांधी जी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान बने थे, उन्होंने सदा ही अहिंसा व सत्य के रास्ते पर चलकर देश को आजाद कराने के लिए लड़ाई लड़ी और आज उनके संघर्ष की बदौलत ही हम सब स्वतंत्र है। मेयर राजीव सरोहा ने कहा कि गांधी जी से हम सभी देशवासियों को प्रेरणा लेकर देश हित व प्रदेश हित के लिए कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व सांसद धर्मपाल मलिक, जिला उपाध्यक्ष प्रिंस सरोहा, राजेश दहिया, प्रेम गुप्ता, दयानंद वाल्मीकि, अशोक, प्रवीण, सुरेश, अशोक आदि मौजूद रहे।

### सुनील शेट्टी ने यू.एस. पोलो एसोसिएशन के दमदार ऑटम विंटर '24 कलेक्शन का किया अनावरण

**नोएडा** – यू.एस. पोलो एसोसिएशन इंडिया ने गर्व के साथ अपने बहुप्रतीक्षित ऑटम विंटर '24 कलेक्शन का अनावरण किया है, जिसमें प्रसिद्ध अभिनेता सुनील शेट्टी मुख्य भूमिका में नजर आ रहे हैं। यह विशेष अभियान जो समय से परे स्टाइल और आधुनिकता का अद्भुत संगम प्रस्तुत करता है |इस विशेष अभियान में सुनील शेट्टी ने मुख्य भूमिका निभाई है, जहां उन्होंने शीतकालीन फैशन को एक नई परिभाषा दी है। यह कलेक्शन आकर्षक, बहुमुखी और बोल्ड व्यक्तित्व का अद्वितीय मेल है। अभियान इस बात पर जोर देता है कि आधुनिक पुरुष के लिए स्टाइल और व्यावहारिकता दोनों आवश्यक हैं। इसमें ऐसे लुक्स शामिल हैं जो आसानी से बाहरी रोमांच से लेकर घर के आरामदायक माहौल तक परिवर्तित हो जाते हैं |इस कैंपेन फिल्म में सुनील शेट्टी ने ब्रांड के साथ अपने व्यक्तिगत जुड़ाव को साझा किया और दर्शकों को इस कलेक्शन को देखने के लिए आमंत्रित करते हुए कहा, "मैं पिछले कुछ वर्षों से यू.एस. पोलो एसोसिएशन पहन रहा है।

# जिला स्तरीय यातायात प्रश्नोत्तरी परीक्षा आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** पुलिस महानिदेशक हरियाणा शत्रुजीत कपूर व पुलिस महानिरीक्षक यातायात एंव हाईव (हरियाणा) करनाल के दिशा-निदेर्शानुसार सभी में यातायात को लेकर यातायात प्रश्नोतरी परीक्षा करवाई जा रही है । इसी कडी में अम्बाला जिला मे पहले, दूसरे व तीसरे लेवल की परीक्षा सम्पन्न करवाई जा चुकी है। जिसमे विभिन्न स्कूल/कॉलेजो के छात्र/छात्राओं ने भाग लिया । पुलिस अधीक्षक अम्बाला सुरेन्द्र सिहँ भोरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला अम्बाला में 27 दिसम्बर 2024 को उप-पुलिस अधीक्षक अम्बाला छावनी रजत गुलिया के नेतृत्व में पुलिस



डी0ए0वी0 पब्लिक स्कूल मे यातायात प्रश्नोतरी परीक्षा करवाई गई। इस परीक्षा को लेकर जिला पुलिस द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारी की गई थी ।

तीसरे लेवल की इस परीक्षा में 12 टीमों के 36 छात्र/छात्राओं ने भाग लिया। इस परीक्षा मे उर्तीण होने वाले विद्यार्थी अब अगले लेवल की परीक्षा के लिए प्रवेश करेगें। इस परीक्षा मे उर्तीण प्रथम, द्वितीया, तृतीया स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने कहा कि विद्यार्थियों को प्रारम्भ से ही यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना तथा उनकी पालना करने के लिए प्रेरित करना

**परीक्षा**

**यातायात प्रश्नोतरी परीक्षा करवाई गई। इस परीक्षा को लेकर जिला पुलिस द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारी की गई थी**

ही परीक्षा का मकसद है क्योंकि बचपन से सीखा हुआ सबक जिन्दगी भर याद रहता है। इसी उद्देश्य से पुलिस विभाग द्वारा शिक्षा विभाग के साथ मिलकर इस परीक्षा का आयोजन किया गया है। इस दौरान जिला शिक्षा खण्ड अधिकारी अम्बाला । सुदेश कुमारी, सड़क सुरक्षा एसोसिएशन अम्बाला श्री गौरव मिगलानी, उप-निरीक्षक मौजूद रहे।

# माँ भारती रक्तवाहिनी ने आमसभा की बैठक बुलाई

माँ भारती रक्तवाहिनी द्वारा एक आपातकालीन आमसभा की बैठक बुलाई गई । जिसकी अध्यक्षता सचिव प्रेम गौतम के द्वारा की गई । कोषाध्यक्ष सोहन लाल ने संस्था के भविष्य व समाज हित मे कार्य जारी रहे को ध्यान में रखते हुए आगामी चुनावों तक संस्था कार्यकारी सदस्य सोमप्रकाश को संस्था का कार्यकारी अध्यक्ष व अंकित त्यागी को कार्यकारी सदस्य नियुक्त करने का प्रस्ताव रखा । बैठक में रखे गए प्रस्ताव पर बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रेम गौतम ने सभी सदस्यों के साथ प्रतावित दोनों नामों पर विस्तृत चर्चा की जिसपर सर्वसम्मति से बैठक में मौजूद सभी सदस्यों ने अपनी

**जिम्मेवारी**

**सोमप्रकाश को कार्यकारी अध्यक्ष व अंकित त्यागी को कार्यकारी सदस्य नियुक्त किया**

सहमति जाहिर करते हुए माँ भारती रक्तवाहिनी के संस्थापक सदस्य सोमप्रकाश को कार्यकारी अध्यक्ष व अंकित त्यागी को कार्यकारी सदस्य नियुक्त किया । दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियो ने पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से अपने पद के अनुरूप कार्य करने की शपथ ली।

# एचडीएफसी इर्गो ने रबी सीजन में किसानों के लिए प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना लागू की

**टीम एक्शन इंडिया**

**जींद : भारत में निजी क्षेत्र की अग्रणी** जनरल इंश्योरेंस कंपनी, एचडीएफसी इर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी को हरियाणा सरकार ने रबी, 2024-25 सीजन के लिए हिसार, सोनीपत, गुड़गांव, करनाल, अंबाला, जींद और महेंद्रगढ़ जिलों में ऋणी और गैर-ऋणी किसानों के लिए प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) लागू करने के लिए अधिकृत किया है |पीएमएफबीवाई योजना में किसानों को सूखा, बाढ़, अकाल, लैंडस्लाइड, चक्रवात, तूफान, तूफानी बारिश, सैलाब, कीटों, बीमारियों और अन्य बाहरी खतरों के कारण फसल को होने वाले नुकसान से बीमा की सुरक्षा मिलती है। फसल के नुकसान का आकलन करने के लिए, राज्य सरकार इस योजना के लिए अधिसूचित क्षेत्रों में अधिसूचित फसलों पर फसल कटाई प्रयोग (सीसीई) की योजना बनाकर संचालन करेगी। यदि संचालित किए गए सीसीई में पैदावार के आँकड़े कम पाए जाते हैं, तो माना जाएगा कि फसल का नुकसान हुआ है।

# थाना महेशनगर में दर्ज चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अम्बाला पुलिस द्वारा चोरी/लूट/स्नैचिंग की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए विशेष अभियान के दौरान थाना महेशनगर में दर्ज चोरी के मामले में 26 दिसम्बर 2024 को पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी अंकित कुमार निवासी गाँव खेलन थाना हंडेसरा जिला शाशनगर मोहाली पंजाब को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया।



इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता श्री राव कासिम निवासी जेपीएल औद्योगिक क्षेत्र शाशनगर मोहाली पंजाब ने 28 नवम्बर 2024 को थाना महेशनगर में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 25 नवम्बर 2024 को गाँव खुंडा कलां थाना महेशनगर अम्बाला छावनी से किसी अज्ञात आरोपी ने पावर केबल चोरी कर ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी।

# 1 से 32 वार्ड की फोटोयुक्त मतदाता सूची का जारी किया ड्राफ्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** उपमंडल अधिकारी नागरिक कम नगर परिषद थानेसर के रिवाईजिंग अथॉरिटी कपिल शर्मा ने कहा कि नगर परिषद थानेसर की वार्ड 1 से 32 की फोटोयुक्त मतदाता सूचि का ड्राफ्ट प्रकाशन कर दिया गया है। यह मतदाता सूचि जिला प्रशासन की वेबसाइट कुरुक्षेत्र डॉटजीओवीडॉइन पर अपलोड कर दी गई है। इस पर दावे व आपत्तियां प्राप्त करने के लिए नगर परिषद थानेसर कार्यालय के कमरा नम्बर 2 में जिला प्रशासन की तरफ से अधिकारियों की ड्यूटियां लगा दी गई है।

# प्रवीण जैन को तलवार देकर बढ़ाया संगठन का मान

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

समाज सेवा संगठन की ओर से 27 दिसम्बर शुक्रवार गुरु सिंह सभा गुरु द्वारा बत्रा कालोनी में आस पास के बच्चों महिलाओं को गर्म सूट जैकेट शाल वितरण कर गुरु गोबिंद सिंह जी के चारों साहबजादों का शहीदी दिवस मनाया। संगठन अध्यक्ष प्रवीण जैन ने बताया 27 दिसम्बर को चारों साहबजादों का शहीदी दिवस पर गुरु सिंह सभा गुरु द्वारा बत्रा कालोनी में आस पास के जरूरत मन्द बच्चों महिलाओं को गर्म सूट जैकेट शाल वितरण कर शहीदी दिवस मनाया । जैन ने कहा श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ने हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए अपना पूरा



परिवार बलिदान कर दिया जिनकी वजह से आज हम हिन्दू हैं गुरु गोबिंद सिंह जी ने अपना पूरा परिवार हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए कुर्बान कर दिया अगर गुरु गोबिंद सिंह जी ने कुबार्नी न दी होती तो शायद आज हम हिन्दू न होते और शायद हिंदुस्तान भी मीनारों के बीच दफन होता प्रतीक सनातनी को अपनी नेक कमाई में से कुछ न कुछ हिस्सा निकाल कर जरूरत मन्द की मदद करनी चाहिए । शहीदी दिवस पर हम बलिदानियों को याद कर उनको श्रद्धांजलि देकर शहीदी दिवस मनाना चाहिए । समाज सेवा संगठन वीर बच्चो को नमन करता है और आज के युग में सभी से अपील करता है हमें ऐसे वीर गाथा को अपने परिवार के बीच में चर्चा का विषय जरूर बनाना चाहिए । जिससे हमारे बच्चे भी धर्म की राह पर चल सके गुरु गोबिंद सिंह जी सभी के पुजनीय है जैन ने बताया संगठन ने 8 दिसम्बर को गर्म कपड़े वितरण अभियान की शुरूआत की थी इसी कड़ी में आगे 29 दिसम्बर को हरि सिंह चौक के पास विश्वकर्मा मंदिर में आस पास की कालोनी के जरूरत मन्द बच्चों महिलाओं को गर्म कपड़े वितरण किए जाएंगे । ये अभियान 14 जनवरी मकर संक्रांति तक चलेगा और जिस किसी साथी की नॉलेज में ऐसा कोई परिवार हो जिसको गर्म कपड़ों की जरूरत है।

# बालवाटिका के बच्चों नें खेल मेले का लुप्त उठाया



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** शहीद अंग्रेज सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शरीफगढ़, कुरुक्षेत्र की प्राथमिक विंग में कक्षा बालवाटिका के बच्चों के लिए एल.एल.एफ. ब्लाक कॉर्डिनेटर अश्वनी की देखरेख में खेल मेले का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों के साथ अभिभावकों को भी निमंत्रण पत्र के माध्यम से स्कूल में बुलाया गया जिसमें अध्यापक जितेंद्र , साहिब सिँह , विजय पंघाल, अभिभावक मनप्रीत कोर, कोमल, गीता रानी, स्नेहजीत कोर व बच्चे मौजूद रहे। अध्यापक जितेंद्र नें बच्चों के साथ कई खेल गतिविधियाँ करवाई जैसे पिरामिड बनाना, कठपुतली बनाना, सुघँ कर पहचान करना, म्यूजिकल चेयर, अभ्यास पुस्तिका के साथ बिग बुक पर कार्य व बच्चों के प्रगति कार्ड दिखाए गए।

# बड़ी वारदात को अंजाम देने के फिराक में अवैध असले सहित आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र पुलिस ने बड़ी वारदात को अंजाम देने के फिराक में अवैध असले सहित एक आरोपी को किया गिरफ्तार। पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के मार्ग-निर्देश में अपराध अन्वेषण शाखा-2 ने अवैध असला रखने के आरोपी रमनदीप उर्फ जोनी पुत्र साहब सिंह वासी चिब्बा जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करके उसके कब्जा से 01 देसी पिस्टल, 40 जिन्दा रौंद व तीन मैगजीन सहित मोटरसाईकिल बरामद करने में सफलता हासिल की । जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता नरेश कुमार ने बताया कि 26 दिसम्बर 2024 को अपराध अन्वेषण शाखा-2




प्रभारी मोहन लाल के मार्ग निर्देश में सहायक उप निरीक्षक गुरबक्श सिंह, हवलदार ललित कुमार व प्रवीन कुमार की टीम अपराध तलाश के सम्बन्ध में सैक्टर-2/3 कट के पास मौजूद थी। पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि रमनदीप उर्फ जोनी पुत्र साहब

**काबू**

**01 देसी पिस्टल, 40 जिन्दा रौंद व तीन मैगजीन मोटरसाईकिल बरामद करने में सफलता हासिल की**

सिंह वासी चिब्बा जिला कुरुक्षेत्र के पास एक देसी पिस्टल है जो देवी लाल पार्क के पास अपनी मोटरसाईकिल पर बड़ी वारदात करने की फिराक घूम रहा है। अगर देवी लाल पार्क के पास निगरानी की जाये तो रमनदीप अवैध असले सहित काबू आ सकता है। सूचना पर पुलिस टीम ने देवी लाल पार्क पहुंचकर निगरानी शुरू कर दी। थोड़ी देर बाद पुलिस टीम को मोटरसाईकिल पर एक नौजवान लडका आता हुआ दिखाई दिया जिसको पुलिस टीम ने नाजायज असला होने के शक के आधार पर काबू किया। पुलिस टीम द्वारा नामपता पूछने पर उसने अपना नाम रमनदीप उर्फ जोनी पुत्र साहब सिंह वासी चिब्बा जिला कुरुक्षेत्र बताया। पुलिस टीम द्वारा उसकी तलाशी लेने पर उसके कब्जा से 1 देसी पिस्टल, 40 जिन्दा रौंद व तीन मैगजीन बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ थाना सदर थानेसर में आर्मज एक्ट के तहत मामला दर्ज करके सहायक उप निरीक्षक कर्मबीर सिंह ने आरोपी रमनदीप को गिरफ्तार कर लिया।

# रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** प्रतिवर्ष की भांति रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र द्वारा कुरुक्षेत्र जिले में विभिन्न ईंट भट्टा पर गर्म कंबल वितरित किए गए। रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र16 मई 2018 से पुलिस लाइन कुरुक्षेत्र में चल रही है जो पुलिस और कुरुक्षेत्र वासियों के सहयोग से चलती है। रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र के प्रधान सेवक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि सेवानिवृत्त अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री श्रीकांत जाधव, भापुसे साहब के दिशानिदेशों और मार्गदर्शन में रोटी बैंक नियमित भोजन वितरण का कार्य करती है जो झुग्गी झोपडी से लेकर ईंट



भट्टा और नागरिक अस्पताल के साथ साथ दिव्यांग और अन्य असहाय लोगों के घरों तक भोजन पहुँचाने में जुटी हुई है। इसके साथ ही समय समय पर रोटी बैंक द्वारा प्रशासन के साथ मिलकर भी कार्य किया गया है चाहे वह बाढ़ का समय रहा हो अथवा कोरोना का समय। प्रतिवर्ष की भांति रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र की कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं सदस्य जिसमें वरिष्ठ उप प्रधान राजकुमारी पंवार, कर्म चंद, भारतेन्दु हरीश, कोषाध्यक्ष नरेश सैनी, सदस्य विश्व बेदी आदि कंबल लेकर ईंट भट्टा पहुंचे और आवश्यकतानुसार वितरित किए गए।




# प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने मनमोहन सिंह को दी श्रद्धांजलि

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह के निवास स्थान मोती लाल नेहरु मार्ग पर जाकर अपनी श्रद्धाजंलि अर्पित करते हुए कहा कि उनके निधन से हुई देश की क्षति की भरपाई नहीं की जा सकती। उनका जन्म पंजाब में 1932 में हुआ था। डा. मनमोहन सिंह ने राष्ट्र निर्माण में अपना अमूल्य योगदान दिया। देवेन्द्र यादव ने कहा कि डा. मनमोहन सिंह बहुत बड़े आर्थिक विद्वान थे, उनकी सोच और नीतियों के लागू होने के कारण ही देश आज तक मजबूत स्थिति में है और इतना सक्षम है कि हर स्थिति और परिस्थितियों का सामना कर सकता है। उन्होंने कहा कि डा. मनमोहन सिंह ने 2004-2014 तक प्रधानमंत्री रहते हुए देश की प्रगति और विकास के लिए ठोस और निर्णायक फैसले लिए जिसके चलते देश विश्व में अग्रिम पंक्तियों वाले देशों के साथ खड़ा है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि डा. मनमोहन सिंह ने देश के आर्थिक सलाहकार, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के गवर्नर, देश का वित्त मंत्री और प्रधानमंत्री रहते हुए देश को उस समय संभाला जब पूरा विश्व आर्थिक मंदी के दौर से गुजर रहा था तथा देश में आर्थिक आत्मविश्वास कायम किया। प्रधानमंत्री रहते हुए उनकी संयुक्त राष्ट्र अमरीका से परमाणु डील एतिहासिक रही, जिसको घटक दलों के विरोध के बावजूद उन्होंने देशहित में निर्णायक फैसला लिया। देवेन्द्र यादव ने कहा कि डा. मनमोहन सिंह ने करोड़ों लोगों को गरीबी से उबार कर एक नए मध्यम वर्ग का सृजन किया और आर्थिक समृद्धि लाए।



# दिल्ली में हुए जलभराव से लोग हुए परेशान, सरकार मस्तः संजय उटवाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भाजपा नेता संजय उटवाल ने कहा कि शुक्रवार को दिल्ली में हुई बारिश से जगह-जगह जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है, जिसकी वजह से जहां लोगों को परेशान होना पड़ा, वही जगह-जगह जाम की स्थिति होने की वजह से लोगों को मिनटों के सफर में घंटे का समय लगा। जिस कारण से लोग परेशान हुए। उन्होंने कहा कि दिल्ली में शासित आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को केवल गुमराह करने का कार्य किया है, आज अगर समय रहते पीडब्ल्यूडी ने नाले की सफाई की होती, तो आज जो जल भराव की स्थिति दिल्ली में उत्पन्न हुई है, शायद न होती। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने आम आदमी पार्टी पर भरोसा करके उनको वोट दिया था, लेकिन दिल्ली में आप पार्टी ने जनता का भरोसा तोड़ने का कार्य किया है। हम जहां भी जनसंपर्क के लिए जा रहे है वहां की जनता भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में हैं, क्योंकि दिल्ली की जनता आम आदमी पार्टी के कार्यों से संतुष्ट नहीं है। क्योंकि जो वादे आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता से किए थे वह केवल वादे वादे ही बनकर रह गए हैं। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को केवल गुमराह करने का कार्य किया जिसकी वजह से दिल्ली के लोग जगह-जगह परेशान हो रहे हैं।



# आप व भाजपा की नूराकुश्ती में जनता परेशानः इन्द्रजीत यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी इंद्रजीत यादव ने बताया कि चंद्र शेखर आजाद कॉलोनी व इसके आस-पास के इलाको में जगह-जगह गंदगी होने से लोगों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कॉलोनी में जगह-जगह गंदगी का अंबार लगा हुआ है, जिस कारण से लोग परेशान हो रहे हैं, लेकिन जनप्रतिनिधि व प्रशासन इन समस्याओं से बेसुध होकर मस्त है। उन्होंने बताया कि वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कई इलाकों में सीवर का पानी ओवर फ्लो होकर लोगों के घरों में घुस रहा है लेकिन जनप्रतिनिधि व संबंधित विभाग इस समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहे है। उन्होंने बताया कि आज शुक्रवार को हुई बारिश में जगह-जगह सड़कों पर जल भराव हो गया है जिस कारण से लोगों को कई समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। साथ ही कई ऐसे रोड़ है जहां पर जाम भी लग गया। उन्होंने कहा कि वैसे तो आम आदमी पार्टी कहती है कि हमने दिल्ली में बेहतर कार्य किए हैं लेकिन आज बारिश में जगह-जगह हुए जल भराव से आम आदमी पार्टी और दिल्ली सरकार के कार्यों की पोल खोल दी है। उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को केवल गुमराह करने का कार्य किया है। उन्होंने यह भी कहा कि पंजाब में जो वादे इन्होंने किए थे वह फ्लॉप हुए हैं और अब दिल्ली में महिलाओं को 2100 रूपये देने का जो वादा किया जा रहा है वह झूठ और छलावा है इसलिए मेरी दिल्ली में रहने वाले लोगों से अपील है कि आम आदमी पार्टी के झूठे झांसे में न आए और सोच समझकर अपना कीमती वोट किसी अच्छे व्यक्ति को दें। उन्होंने आगे बताया कि दिल्ली सरकार और भाजपा दोनों की नुराकुस्ती में पूरी दिल्ली में तबाही मचाई है। पानी पहले बेकार बहता था। अब पानी की भारी किल्लत हो रही है। चंद्रशेखर आजाद कॉलोनी के पास बने शौचालय का बुरा हाल हो चुका है। सफाई न होने की वजह से लोगों को वहां पर दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। जो सरकार द्वारा स्वच्छता की बात की जा रही थी। वह चंद्रशेखर आजाद कॉलोनी में बिल्कुल फेल साबित दिखाई दे रही है। आम आदमी पार्टी और भाजपा ने जनता को केवल बरगलाने का कार्य किया। जो वादे किए वह सभी झूठे निकले जिसके चलते यहां के निवासी अपने आप को छला हुआ सा महसूस कर रहे हैं।



# कमेटी ने डॉ. मनमोहन सिंह को अर्पित की श्रद्धांजलि

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार हरमीत सिंह कालका की अगुवाई में कमेटी के अधिकारियों, सदस्यों और अन्य समर्थकों की टीम ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के आकस्मिक निधन पर उनके घर पहुंचकर उनके मृत शरीर पर फूल माला अर्पित करके श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर बातचीत करते हुए सरदार हरमीत सिंह कालका ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह का सदीवीन विच्छोड़ा देश के लिए एक बहुत बड़ा घाटा है।

उन्होंने कहा कि वे दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी की टीम और अन्य समर्थकों के साथ आज डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह एक दूरदर्शी सोच वाले और समर्पण भाव से काम करने वाले नेता थे, जिन्होंने भारत के इतिहास में अपनी विशिष्ट नेतृत्व शैली की छाप छोड़ी है। उनका सदीवीन विच्छोड़ा न केवल परिवार के लिए, बल्कि देश और दुनिया के लिए भी बहुत बड़ा घाटा है, जिसे कभी भी पूरा नहीं किया जा सकता।



# कांग्रेस पार्टी ने जो कहा है, वह करके दिखाया हैः बद्रूदीन खान

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस नेता बद्रूदीन खान ने कहा कि कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है, आज जो आप दिल्ली में विकास देख रहे है, वह कांग्रेस पार्टी की देन है क्योंकि कांग्रेस पार्टी ने जो कहा है, वह करके दिखाया है। उन्होंने आगे बताया कि कांग्रेस राज में दिल्ली की परिवहन और शिक्षा व्यवस्था में काफी सुधार हुआ था। दिल्ली में मैट्रो, लो-फ्लोर बसे, बड़े-बड़े अस्पताल और कॉलेज कांग्रेस की देन है। उन्होंने आगे बताया कि इस बार दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का परचम लहरायेगा, क्योंकि हम जहां पर भी जनसंपर्क के दौरान जा रहे है, जनता कांग्रेस के साथ है और जनता कांग्रेस को फिर से शासन में देखना चाहती है। उन्होंने आगे कहा कि लोगों का कहना है कि कांग्रेस ही दिल्ली में विकास कर सकती है।



# नरेला क्षेत्र की नाजरीन चर्च ने धूमधाम से मनाया क्रिसमस दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: नरेला** क्षेत्र के टिकरी खुर्द में स्थित नाजरीन चर्च के बैनर तले क्रिसमस दिवस की पूर्व संध्या पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसमें नरेला क्षेत्र के सैकड़ो नागरिकों ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता बैंक ऑफ बडौदा के पूर्व ब्रांच मैनेजर चरण सिंह ने की तथा कुशल संचालन चर्च के फादर पादरी अमर सिंह ने किया।

इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि दिल्ली सरकार के पूर्व अधीक्षण अधिकारी, समाजसेवी सुबे सिंह करियाना तथा विशेष अतिथि कलमकार राजव्रत रहे और अन्य गणमान्य लोगों में यूनियन नेता कॉमरेड आर के मौर्य, एलआईसी के वरिष्ठ अधिकारी नवीन भाई, जटा शंकर तिवारी, दीपक, छोटे लाल आदि ने शिरकत की। प्रभु यीशु के पवित्र विचारों में मानवता, सद्भावना एवं सौहार्द पर प्रकाश डालते हुए सभी वक्ताओं ने कहा कि आज देश में हावी कट्टरपंथी ताकतो ने समाज के तानेबाने को तहस-नहस कर रखा है जिसका जवाब देने के लिए आज सभी धर्मो को डटकर खड़े होने की आवश्यकता है। कलमकार राजव्रत ने कुछ प्रासंगिक कविताओं की प्रस्तुति की। तो अन्य कलाकारों ने भगवान यीशु के विभिन्न प्रांतीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का बेहद रोचक प्रदर्शन कर सब की तालियां बटोरी। कार्यक्रमों का संयोजन युवा कलाकार हनोक, एडम तथा अन्य ने किया। चर्च की महिला प्रचारक मैडम रीना की भी विशेष भूमिका रही। इस दौरान नाजरीन चर्च के सभी मेंबरों को सक्रिय हिस्सेदारी रही।

अंत में फादर अमर सिंह ने इस क्रिसमस दिवस के रियल महत्त्व को विस्तार से समझाते हुए सभी का धन्यवाद करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।




# राजेश गुप्ता शकूरबस्ती विधानसभा से लड़ेंगे चुनाव



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भारत लोक सेवक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश गुप्ता शकूरबस्ती विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। उक्त जानकारी भारत लोक सेवक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने दी। उन्होंने बताया कि भारत लोक सेवक पार्टी का मुख्य उद्देश्य जाति, धर्म और रेवड़ियों की राजनीति के विरोध में लड़ना है क्योंकि जाति धर्म और रेवड़ियों की राजनीति देश के हित में नहीं है। भारत लोक सेवक पार्टी ऐसे ही समान विचारधारा वाली अन्य पार्टियों से मिलकर दिल्ली की सभी 70 विधानसभाओं पर चुनाव लड़ने का प्रयास करेगी।

# धूमधाम से मनाया गया समाजसेवी संजय खत्री का जन्मदिन







**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** बाहरी दिल्ली की प्रमुख सामाजिक संस्था विजयपथ फाउंडेशन द्वारा नरेला आर्य समाज के प्रधान संजय खत्री का जन्मदिन नरेला के रामदेव चौक स्थित कंफर्ट जोन में बड़े ही धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर विजयपथ फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने केक कटवाकर फूल मालाओं व सुंदर उपहार देकर प्रधान संजय खत्री को जन्मदिन की बधाई दी व उनके स्वस्थ व दीघार्यु जीवन की कामना की। समाजसेवी संजय खत्री के जन्मदिन के अवसर पर सुबह से ही उनकी आवास व कार्यालय कंफर्ट जोन में राजनीतिक नेताओं से लेकर कई सामाजिक संस्थाओं एवमं सरकारी अधिकारियों का सुबह से ही संजय खत्री को जन्मदिन की बधाई देने के लिए तांता लगा रहा।

इस अवसर पर विजयपथ फाउंडेशन के संरक्षक अंकु विजय भगत ने संजय खत्री को जन्मदिन की बधाई दी। अपना जन्मदिन मना रहे संजय खत्री ने बताया कि आज सैकड़ों की संख्या में मिले बधाई संदेशों से मुझ में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है। मैं सभी लोगों का तहेदिल से धन्यवाद करता हूं।

कार्यक्रम में विजय भगत अंकु, ओम प्रकाश शाह, दयानन्द चौरसिया, सुनील शर्मा, आनंद कर्ण, विरेन्द्र तिवारी, सुशील कुमारी, विक्की, राम बाबु, संध्या सिंह, स्वीटी कुमारी सहित सैकड़ो की संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# केजरीवाल सरकारी स्कूल के बच्चों को वर्दी, किताबे और डेस्क तक तो दे नहीं पा रहे हैः आदेश भारद्वाज

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के चुनावी समर में आम आदमी पार्टी, भाजपा और कांग्रेस तीनों बड़े दल अपने अपने लोक लुभावने वायदे कर वोटरों को अपनी तरफ खींचने का काम कर रहे हैं। इसी बीच कल आम आदमी पार्टी ने अंबेडकर स्कॉलरशिप की घोषणा कर दलित वर्ग के छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए विदेश भेजने का कार्ड खेल दिया है। इस मामले पर जिला करावल नगर कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज का कहना है कि मुझे केजरीवाल जी की इस घोषणा पर एक बहुत पुराना शेर याद आता है "पास से मेरे गुजरे तो हाल भी न पूछा, मैं कैसे यकीं करूं कि वो बाहर जाकर रो दिए"। भारद्वाज ने कहा कि केजरीवाल जी की सारी की सारी घोषणाएं मात्र कागजों पर ही होती हैं जबकि हकीकत इसके उलट ही होती है। केजरीवाल जी यह घोषणा तो करते हैं कि वह अम्बेडकर स्कॉलरशिप देकर गरीब और दलितों के बच्चों को विदेशों में पढ़ने भेजेंगे। लेकिन यह किसी को नहीं बताते कि पिछले 5 वर्षों से दिल्ली के स्कूलों में पढ़ने वाले गरीब, दलित और पिछड़े वर्ग से आने वाले 10 लाख बच्चों को वर्दी नहीं दे पा रहे हैं और जब जस्टिस फॉर ऑल नामक एनजीओ द्वारा लगाई गई याचिका पर हाइकोर्ट ने 2 माह पूर्व सवाल पूछा तो पिछले 5 वर्षों से इस लाभ से गरीब छात्रों को वंचित करती आ रही दिल्ली सरकार और शिक्षा निदेशालय ने अगले साल से वर्दी देने का वायदा कर हलफनामा कोर्ट में जमा करवाया।





# भीड़ नियंत्रण, भगदड़ रोकने को संयुक्त पूर्वाभ्यास

## अग्निकांड, भगदड़ व डूबने के परिदृश्य पैदा कर किये गये बचाव कार्य

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा। इन** दिनों समूचे ब्रज में भीड़ का बेजा दबाव बना हुआ है। आगामी कुछ दिनों यह दबाव और बढेगा। खास कर वृंदावन सहित दूसरे प्रमुख स्थलों पर अनुमान से अधिक भीडभाड होने की संभावना जताई जा रही है। एक अनुमान के तहत 80 लाख से एक करोड तक लोग नए साल पर मथुरा जनपद के विभिन्न धार्मिक स्थलों, मठ मंदिरों और आश्रमों में आ सकते हैं। मंदिर प्रबंधनों और जिला प्रशासन की ओर से एडवाइजरी जारी की गई हैं। साथ ही 25 दिसम्बर से दो जनवरी तक वृंदावन में और प्रवेश मार्गों पर यातायात को लेकर व्यापक बदलाव किये गये हैं।



शुक्रवार को उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्राधिकरण के तत्वाधान में जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह के निदेर्शानुसार अग्निकांड, भगदड़ व डूबने के परिदृश्य पर मेगा मॉक एक्सरसाइज का आयोजन जनपद में चिन्हित दो स्थलों पर किया गया। रूपम सिनेमा निकट श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर अग्निकांड व भगदड़ परिदृश्य पर व यमुना घाट, गोकुल बैराज पर डूबने के परिदृश्य पर ड्रिल का आयोजन किया गया। योगानन्द पाण्डेय अपर जिलाधिकारी (वि. रा.) इंसिडेंट कमांडर की भूमिका निभाते हुए कण्ट्रोल रूम में रूपम सिनेमा हॉल में अग्निकांड व भगदड़ की सूचना उपलब्ध होने पर घटना स्थल पर पहुंचे जहा पर कुल आठ व्यक्तियों को प्रभावित बताया गया। जिनका रेस्क्यू अग्निशमन विभाग व सिविल डिफेन्स के स्वयंसेवकों के द्वारा कराया गया। तीन व्यक्तियों को रूपम सिनेमा में स्थापित मेडिकल पोस्ट पर प्राथमिक उपचार के बाद डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल रवाना किया गया व पांच व्यक्तियों को प्राथमिक उपचार मेडिकल पोस्ट पर ही उपलब्ध कराया गया। इस मॉक ड्रिल के बाद गोकुल बैराज पर डूबने के परिदृश्य पर मॉक ड्रिल कराया गया। जिसमें दो व्यक्तियों के डूबने का परिदृश्य बना कर राज्य आपदा मॉक बल की टीम की सहायता से उनका रेस्क्यू किया गया। रेस्क्यू के उपरांत मेडिकल पोस्ट पर प्राथमिक उपचार के बाद उनको डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल रवाना किया गया। मॉकड्रिल के दौरान योगानन्द पाण्डेय अपर जिलाधिकारी (वि. रा.), तहसीलदार सदर सौरभ, तहसीलदार महावन सुशील, आपदा विशेषज्ञ सुशील कुमार, अग्निशमन अधिकारी अपनी टीम के साथ, पुलिस प्रशासन की टीम, राज्य आपदा मोचक बल की टीम मनीश के नेतृत्व में सिविल डिफेन्स टीम, आपदा मित्र आदि मौजूद रहे।

# बच्चों ने दी पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुराः प्रताप** मा.स्कूल जनरल गंज में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर बच्चों ने गायत्री मंत्र का जाप किया श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रबंधक अर्पित जादौन ने वक्तव्य में कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह विलक्षण प्रतिभा के धनी, अर्थशास्त्री, सौम्य राजनेता के रूप में हमेशा हमें याद आएंगे डॉ मनमोहन सिंह ने 1991 मे भारत को आर्थिक संकट से उभारा था। 2005 मे आई टी कंपनी को विकास की गति दी सूचना के अधिकार 2005 की शुरूआत की भारत का परमाणु समझो ता कराया सन 2012 में पोलियो महामारी



को भारत से समाप्त कराया। 27 करोड़ भारतीय को गरीबी रेखा से बाहर निकला और भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था तक पहुंचाया। देश को इस महान प्रधामंत्री को खो दिया है हम उनको नमन करते है। अवसर पर प्रधानाचार्य सुधा सक्सेना, पूनम सेनी, निशा सेन, बबिता यादव, आराधना जोहरी, दीप्ति सक्सेना सभी छात्र छात्राये उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### महरौली में हुई महिला की हत्या का राजफाश

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** गोवर्धन क्षेत्र के गांव महरौली में 23 दिसम्बर को हुई महिला की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मृतक महिला के पति द्वारा थाना गोवर्धन पर इस नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। घटना के बाद एसएसपी शैलेश पांडेय ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया था। घटना के खुलासे के लिए टीमों का गठन किया गया। क्षेत्राधिकारी गोवर्धन आलोक सिंह के नेतृत्व में दर्ज कराई गई नामजद एफआईआर की विवेचना की गई। थाना गोवर्धन पुलिस, एसओजी टीम व सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्यवाही के बाद शुक्रवार को नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर पुलिस ने घटना का खुलासा कर दिया। मृतका के पति सूखराम पुत्र महीपाल निवासी सोनेरा थाना कुम्हेर जनपद भरतपुर राजस्थान ने एक राय होकर पत्नी की हत्या कर देने के सम्बन्ध में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। साक्ष्य के क्रम में विवेचना करते हुए नामित अभियुक्त हरीश उर्फ हरेन्द्र पाल सिंह पुत्र कृष्ण मुरारी निवासी ग्राम महरौली थाना गोवर्धन जनपद मथुरा के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य होने पर नगला अकातिया की तरफ जाने वाले रास्ते के कट से अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। हत्यारोपी शादीशुदा नहीं है। अभियुक्त ने मृतका की गरीबी का फायदा उठाकर उसे मजदूरी के पैसे देने के लिए एकांत में बुलाकर मृतका के साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाने के लिए कहने लगा। जब मृतका द्वारा मना करते हुए अपने मजदूरी के तय हुए रुपये मांगे गये तो अभियुक्त ने तय हुए मजदूरी के रुपये देने से मना कर दिया और मृतका के साथ जबरदस्ती शारीरिक सम्बन्ध बनाने का दबाव बनाने लगा तो मृतका के द्वारा उसके द्वारा की गयी सभी हरकतों को गांव में सभी को बताने की कहने लगी। अभियुक्त ने बदनामी के डर की वजह से गुस्से में आकर मृतका के गले में पड़े दुपट्टे से मृतका का गला दबा दिया। जिससे मृतिका उपरोक्त बेहोश हो गयी और महिला के सिर पर सीमेन्ट की ईंट मारकर उसकी हत्या कर दी। कार्यवाही करने वाली टीम में क्षेत्राधिकारी गोवर्धन आलोक सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना गोवर्धन विनोद बाबू मिश्रा, एसआई राकेश यादव एसओजी प्रभारी, एसआई विकास शर्मा सर्विलांस सैल, एसआई विपिन कुमार थाना गोवर्धन आदि थे।

### युवक ने घर बुलाकर किशोरी से किया दुष्कर्म

**बिजनौर**

**जनपद** में नूरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार को किशोरी से दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने परिवार की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है। हालांकि पुलिस इसे संदिग्ध मान रही है। नूरपुर थाना के प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र कुमार ने बताया कि पीड़ित परिवार ने एक तहरीर दी। इसमें बताया गया कि उनके गांव में रहने वाला मोनीश ने बहाने से उनकी बेटी को अपने घर बुलाया और दुष्कर्म किया। आरोपित ने पीड़िता को किसी को न बताने की धमकी भी दी। किशोरी ने खुद के साथ हुए हैवानियत के बारे में परिजनों को बताया। इसके बाद घरवालों ने आरोपित के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस मामले को संदिग्ध मान रही है। थाना प्रभारी नूरपुर रविन्द्र कुमार का कहना है कि पुलिस ने केस दर्ज कर विभिन्न पहलुओं पर अपने स्तर से जांच कर रही है।

### दबंगों ने दंपति सहित चार को पीटा, मुकदमा दर्ज

महोबा

जमीन में गड्ढा खोदने का विरोध करने पर पड़ोसियों ने दंपति सहित चार लोगों को लाठी-डंडों से पीट कर घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुड़ गई है। जनपद के महोबकंठ थाना क्षेत्र के ग्राम तेइया निवासी गीता देवी ने बताया कि उसके गांव के ही करन, कल्लू, किशन व मातादीन उसकी जमीन में गड्ढा खोद रहे थे। जिसका विरोध करने पर दबंगों ने गाली-गलौच शुरू कर दिया। मौके पर पहुंचे उसके पति देवकीनन्दन, सास सियारानी व भतीजे को भी गाली गलौच कर लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया, जिसमें सभी गंभीर रूप से घायल हो गए। शुक्रवार को थाना प्रभारी गणेश कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

# फुटकर कपड़ा व्यापारी संघ का 17 वां वार्षिक भण्डारा 31 को

**मथुरा।** फुटकर कपड़ा व्यापारी संघ, मथुरा का 17 वां वार्षिक भण्डारा गोवर्धन में 31 दिसंबर मंगलवार को होगा, जिसके लिए लगातार जनसंपर्क किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक संख्या में व्यापारी भाई परिवार सहित भागीदारी सुनिश्चित करे। कार्यक्रम संयोजक लक्ष्मण प्रसाद अग्रवाल ने बताया कि 31 दिसंबर मंगलवार को गोवर्धन में प्रातः 8 बजे ठाकुर जी का दुग्ध अभिषेक, प्रातः 9.30 से ठाकुर जी का बाल भोग और दोपहर 12 बजे ठाकुर जी के आशीर्वाद से साधु सेवा, तदोपरांत सभी फुटकर व्यापारी और उनसे जुड़े कर्मचारियों के लिए भण्डारा होगा।

# एमवीडीए को दो साल और करना होगा अपने नए कार्यालय का इंतजार

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा। मथुरा** वृंदावन विकास प्राधिकरण के चार मंजिला नवीन कार्यालय भवन की शुक्रवार को आधारशिला रखी गई। इसका भूमि पूजन करते हुए उपाध्यक्ष एसबी सिंह ने कहा कि विकास प्राधिकरण का यह नवीन कार्यालय भवन आधुनिक सुविधायुक्त होगा, जो दो वर्ष में करीब 21.48 करोड़ की लागत से तैयार किया जाएगा। सिविल लाइन स्थित मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण के नवीन कार्यालय भवन का निर्माण कार्य अब शुरू हो गया। इस दौरान निर्माण स्थल पर भूमि पूजन उपाध्यक्ष एसबी सिंह, सचिव अरविंद कुमार द्विवेदी, ओएसडी प्रसून द्विवेदी, अधिशासी



अभियंता प्रशांत गौतम ने विधिवत रूप से किया। इस दौरान उपाध्यक्ष एसबी सिंह ने बताया कि कार्यालय भवन के निर्माण पर 21.48 करोड़ की लागत आएगी। यह चार मंजिल का होगा। दो मंजिल बेसमेंट भी रहेगा, जिसका उपयोग पार्किंग और कैंटीन के लिए किया जाएगा। सभी चार मंजिल यहाँ आने वाले लोगों की सुविधाओं को ध्यान रखते हुए तैयार किए जाएंगे। भूतल पर मीटिंग रूम, राजस्व रूम, विधिक रूम, मेप रूम, रिकॉर्ड रूम और जनसुनवाई कार्यालय का निर्माण किया जाना है। इसके ऊपर प्रथम तल पर टीपी एटीपी रूम, अकाउंट पटल, अवर अभियंता पटल संपत्ति पर अवैध निर्माण के साथ पेंट्री व स्टोर रूम भी बनाया जाएगा। उन्होंने ने बताया कि द्वितीय तल पर उपाध्यक्ष, सचिव, ओएसडी, मुख्य अभियंता, अधिशासी अभियंता कक्ष के साथ कांफ्रेंस रूम और मीटिंग हॉल बनाया जाएगा। तृतीय तल पर सहायक और अवर अभियंता कक्ष रहेंगे। एसबी सिंह ने बताया कि चतुर्थ तल पर लाइब्रेरी और सर्वर रूप रहेगा। सभी तल पर पहुंचने के लिए चार लिफ्ट और मैकेनिज्म कार पार्किंग बनाई जाएगी। प्रत्येक तल पर टायलेट ब्लाक रहेगा। यह कार्यालय भवन करीब दो साल में बनकर तैयार होगा। इस मौके पर सहायक अभियंता सुनील अग्रवाल, अवर अभियंता विमल कोहली आदि मौजूद रहे।

# कृष्ण विहार में विशाल मां भगवती जागरण, भंडारे का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा। कृष्ण** विहार बीएसए इंजीनियरिंग कॉलेज रोड मथुरा पर कल सुबह 11 बजे से विशाल भंडारे के साथ रात नौ बजे से मां भगवती का जागरण का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर वार्ड नंबर 47 कृष्णा विहार मंशापुरी ,प्रोफेसर कलोनी ,द्वारकापुरी से होते हुए महोली रोड़ से जनकपुरी से कृष्ण विहार तक निकल गई शोभायात्रा पुरुष महिलाएं बच्चे बड़ी शामिल होकर शोभायात्रा के माध्यम से लोगों को कल होने वाले भगवती जागरण



के साथ भंडारे में आने का निमंत्रण दिया। कार्यक्रम संयोजक पूर्व पार्षद तिलक भाई चौधरी ने कहा मां भगवती का जागरण हम पिछले 24 साल से कर रहे हैं। इस बार 25 वां जागरण किया जा रहा है। इस जागरण में राजनीतिक, सामाजिक, प्रशासनिक हस्तियों के साथ 40000 लोग शामिल होंगे । वार्ड नंबर 47 की पार्षद रेनू चौधरी ने सभी लोगों से अपील करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने का अनुरोध किया। कार्यक्रम में पार्षद राजीव कुमार सिंह, सौदान सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता विनोद दीक्षित, पार्षद

# घर का ताला तोड़कर चोरी करने का आरोपी पकडा

**मथुरा।** थाना मगोर्रा पुलिस ने घर का ताला तोड़कर चोरी करने वाले एक अभियुक्त को चोरी किये गये माल के साथ गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना मगोर्रा के कुशल नेतृत्व में थाना मगोर्रा पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर घर का ताला तोडकर चोरी करने वाले एक अभियुक्त सुमन उर्फ सोना पुत्र निरंजन उर्फ उन्ना निवासी ग्राम अड्डा थाना मगोर्रा जनपद मथुरा को कुन्तल अस्पताल के करीब सौख मथुरा रोड से मथुरा की तरफ से चोरी किये गये 20 किलो गेहूं सहित गिरफ्तार किया गया।

# मोदी जी ने भारत की चमक और धमक मजबूत की : मुख्तार



**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराजः संगम** नगरी आए भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण के रिवाज को समावेशी सशक्तिकरण के मिजाज से ध्वस्त किया है। आज दुनिया भर के संकट कंटक के दौरान भी भारत की धाक धमक मजबूत की है। हिन्दुस्तान की धमक को धूमिल करने की धूर्तता करने वाले धूल धूसरित हुए हैं। सर्किट हाउस पहुंचे मुख्तार अब्बास नकवी ने पत्रकारों से कहा कि सनातन संस्कार संस्कृति के खिलाफ साजिशी सिंडिकेट के सामंती संक्रमण से समाज को सावधान रहना होगा। क्योंकि छद्म सेकुलर सिंडिकेट साम्प्रदायिक फसाद में सियासी मफाद ढूंढता है। उन्होंने कहा कि दावों की बकैती और धावों के बवंडर की अपराधिक प्रतिस्पर्धा की बजाय कुछ विदेशी आक्रमणकारियों की क्रिमिनल कम्युनल, क्रूर करतूत के कलंक का सुधार अपराधिक उन्माद से नहीं बल्कि आपसी संवाद से ही किया जा सकता है। आज हर भारतीयों को गर्व है कि मोदी जी को दुनिया वैश्विक संकट के संकट मोचक के रूप में देख रही है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार में दंगाइयों की ठुकाई, बलवाइयों की कुटाई और बाहुबलियों की विदाई के जरिए समाज के सुरक्षा सौहार्द की भलाई की प्रतिबद्धता है। यह बात इन बलवाइयों, बाहुबलियों, बकैतों की चोट पर चीख निकाल रहे सामंती सुल्तानों की सोच समझ से बाहर है। नकवी ने कहा कि महत्वाकांक्षाओं के मझदार में फंसे कांग्रेस-सपा गठबंधन में जितने छेद हैं उससे ज्यादा उसमें महत्वाकांक्षी मतभेद हैं। छेद को रफू करने, मतभेद को रफू चक्कर करने में चुनाव में भी निपटते जा रहे हैं और गठबंधन के गुरु घंटालों का गुरुर भी सिमटता जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि समाजवादी सुल्तान और सामंती सूरमा 27 के चुनाव में भी चारों खाने चित्त होंगे और जनता सम्प्रदाय ध्रुवीकरण के छल को समावेशी सशक्तिकरण के बल से छूमंतर करेगी। क्योंकि जनमानस को सामंती सियासत के रिवाज पर नहीं बल्कि समावेशी सुशासन के मिजाज पर यकीन है। नकवी ने कांग्रेस और विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि डायनेस्टी का डिजाइनर डेमोंसट्रेशन और फैमिली के फैशन फोटोग्राफी फन जिसमें कभी ब्लू चोला तो कभी बांग्लादेश के फिलिस्तीन का झोला लेकर लोकतंत्र पर पीछे से धक्के।

# राजनीति में आगे आए अग्रवाल समाजः विपुल गोयल

**मथुरा।** हरियाणा के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल शुक्रवार को हाईवे स्थित अग्रसेन वाटिका में पहुंचे। श्री कोसीकलां अग्रवाल सभा के अध्यक्ष और मंत्री ने उनका शॉल व दुपट्टा पहनाकर जोरदार स्वागत किया। कैबिनेट मंत्री शुक्रवार की सुबह हाईवे स्थित अग्रसेन वाटिका में पहुंचे। जहां श्री कोसीकलां अग्रवाल सभा, अग्रसेन मानव सेवा संस्थान, अग्रोहा विकास ट्रस्ट द्वारा उनका स्वागत किया। इस दौरान हरियाणा के राजस्व, आपदा प्रबंधन, शहरी स्थानीय निकाय और नागरिक उड्डयन मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि मैं अभिभूत हूं कि इतनी बडी संख्या में अग्रवाल समाज के



लोगों ने उनका अभिनंदन किया है। उन्हें यह भी खुशी है कि वह उस पार्टी के सिपाही हैं जो महाराजा अग्रसेन के समाजवाद के सिद्धांत को कार्यान्वित करने के लिए जमीनी स्तर पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों को महाराजा अग्रसेन के द्वारा दिखाए गए पद चिन्हों पर चलते हुए अपनी ताकत को पहचान करके राजनीति में भी आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि अग्र समाज भारतीय जनता पार्टी का अभिन्न अंग रहा है। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष वेद प्रकाश गोयल ने कहा कि विपुल गोयल हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री ही नहीं बल्कि अग्र समाज के सर्वप्रिय नेता भी हैं। स्वागत करने वालों में पालिकाध्यक्ष धर्मवीर अग्रवाल, पूर्व पालिकाध्यक्ष रोशनलाल सौखिया, भाजपा नेता तरुण सेठ, कमल किशोर वार्ष्णेय, तेजवंत जैन मुन्ना, अजय गोयंका, राजीव अग्रवाल, विनोद जैन, मनीष कादौनिया, सुभाष बांसईया, गिरीश अग्रवाल, पवन बंसल, सुनील पारुआ, कमलेश गोयल, सुनील गोयल, कैलाशचंद जैन चंदौरिया, सौरभ जैन सहित दर्जनों अग्रबंधु मौजूद रहे।

# समाजसेवियों पर डा. रामकिशोर अग्रवाल के बेबाक बोल

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा। पीड़ित** मानवता के लिए समाज सेवा करना बहुत जरूरी है लेकिन किसी संस्था को जन्म देना और फिर उस संस्था के पदाधिकारी बनना समाज सेवा नहीं। यह बात जनपद में तकनीकी ,प्रबंधन और चिकित्सा की शिक्षा के शिखर पुरुष डा. राम किशोर अग्रवाल ने कही। डा. अग्रवाल अग्रवाल शिक्षा मंडल के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अपने उद्गार व्यक्त कर रहे थे। डा. अग्रवाल ने कहा कि यह संस्था एक ऐतिहासिक ० प्रतिष्ठित संस्था ही नहीं बल्कि इसकी उपलब्धियां सम्पूर्ण प्रदेश में प्रसिद्ध हैं। लेकिन समय समय पर संस्था के सदस्यों ने अपने कर्तव्य और उद्देश्य से भटक कर ऐसे कार्य किये हैं जिससे संस्था की प्रगति को विराम लगा है और पदाधिकारियों के ये कार्य समाज सेवा के माप डंडों के सर्वथा विपरीत है। ऐसे में हम कैसे कह सकते हैं कि हम समाज सेवी हैं? डॉ. राम किशोर अग्रवाल ने तीन दशक पूर्व के अनेक उन संस्मरणों पर प्रकाश डाला जब वे स्वयं बीएसए कॉलेज के सचिव और बीएसए इंजीनियरिंग कॉलेज के चेयरमैन थे। उन्होंने कहा कि तीन दशक पूर्व उन्होंने इस इंजीनियरिंग कालेज की स्थापना के विचार को मूर्त रूप देने के लिए रात दिन एक



किया तब उनके मस्तिष्क में सिर्फ एक ही विचार था कि महाराष्ट्र और कर्नाटका जाने वाले छात्रों को इंजीनियरिंग की शिक्षा मथुरा में ही सुलभ कराई जाए। तब उनके प्रयासों में सबसे बड़ा रोड़ा डालने वाले और उनकी आलोचना करने वाले बाहरी लोग नहीं बल्कि अपनी संस्था के तथाकथित समाजसेवी ही थे। डा. अग्रवाल ने कहा कि उन्होंने हार नहीं मानी और इस कालेज को जन्म देकर ही राहत की सांस ली। डा. अग्रवाल ने कहा कि एक अच्छी संस्था का काम अपनी आत्मालोचना करना भी है। डा. अग्रवाल ने कहा कि वे नए पदाधिकारियों का तहे दिल से स्वागत करते हैं और उम्मीद करते हैं कि ये पदाधिकारी संस्था के गौरवशाली इतिहास को ध्यान में रखकर और पुरानी भूलों को याद कर संस्था को गति प्रदान करेंगे और तन मन धन से इस संस्था की, पीड़ित मानवता की और योगिराज कृष्ण के इस ब्रज की सेवा करेंगे, तभी वे समाजसेवी कहलाने का दर्जा प्राप्त कर पाएंगे। संस्था के चौयरमैन उमा शंकर अग्रवाल एड. ने स्मृति चिन्ह देकर डा. राम किशोर अग्रवाल का सम्मान किया। मंच पर अग्रवाल शिक्षा मंडल के अध्यक्ष माधव शरण अग्रवाल और किशोर अग्रवाल ने अनेक ऐसी महिलाओं को सम्मानित किया। जिनकी सेवाओं और प्रतिभा से समाज लाभान्वित हुआ है। कॉलेज के खचाखच भरे हॉल में शहर के गणमान्य नागरिक, शिक्षाविद, उद्योगपति व पत्रकार उपस्थित थे।

# घरौनी पर बैंक से कर्ज ले सकेंगे लोग

## 149834 घरौनियों का होगा वितरण

**मथुरा।**

**स्वामित्व** योजना के तहत जनपद में घरौनी वितरित की जाएंगी। देश स्तर पर आयोजित इस कार्यक्रम में तहसील मथुरा में 3687, छाता में 1624, मांट में 1003, महावन में 2791, गोवर्धन में 3866 मथुरा जनपद के कुल 12971 लाभार्थी को घरों का दस्तावेज मिलेगा तथा तहसील मथुरा में 24056, छाता में 44353, मांट में 35305, महावन में 15755 और गोवर्धन में 30365 कुल पूरे जनपद में 149834 घरौनी वितरित की जाएंगी। स्वामित्व योजना तहत ग्रामीण क्षेत्रों में आवासित ऐसे लोगों को चिह्नित किया जाता है, जिनके पास अपने घरों का दस्तावेज नहीं है। सरकार की मंशा है कि इस तरह के लोगों की जमीन व आवास का कागजात उपलब्ध कराकर दबंगों के कब्जा से बचाया जाए। इस तरह के लोग अपनी जमीन पर बैंक कर्ज समेत अन्य सरकारी सुविधा का लाभ भी ले सकें। यूपी के 18, 849 लाभार्थी लाभान्वित होंगे। जनपद में अब तक 47 हजार से अधिक लोगों को घरौनी यानी खतौनी उपलब्ध कराई गई है। इसी क्रम में प्रदेश के एक मात्र जालौन जनपद को छोड़ शेष समस्त जिलों में यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश के 18, 849 व देशभर में 29 हजार 127 लाभार्थी लाभान्वित होंगे। अधिकारियों का कहना है कि प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना कार्यक्रम के दौरान ऑनलाइन कुछ लाभार्थियों से संवाद भी करेंगे।

इसके बाद सांकेतिक रूप से कुछ को ऑनलाइन घरौनी जारी करेंगे। इसके बाद जनपद स्तर पर जिला व ब्लॉक मुख्यालय और ग्राम पंचायत स्तर पर इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण होगा और कार्यक्रम के दौरान मौजूद जनप्रतिनिधि लाभार्थियों को अपने हाथ से घरौनी का दस्तावेज सौंपेंगे।




## निर्माणाधीन परियोजनाओं की सीएम ने की समीक्षा

### पुलिस विभाग की निर्माण परियोजनाओं की शासन स्तर से हो सीधी मॉनीटरिंग: मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गृह विभाग के अंतर्गत विभिन्न जिलों में निमार्णाधीन पुलिस लाइन, ट्रांजिट हॉस्टल अथवा प्रशिक्षण संस्थानों से जुड़े आवासीय/अनावासीय भवनों के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता के लिए नियमित समीक्षा पर जोर दिया है। मुख्यमंत्री के निर्देश दिए हैं कि गृह विभाग में सचिव स्तर के अधिकारी द्वारा इन परियोजनाओं की साप्ताहिक और अपर मुख्य सचिव स्तर पर पाक्षिक समीक्षा की जाए। यही नहीं, कार्य की मॉनीटरिंग की जिम्मेदारी संबंधित जनपद/रेंज/जोन के पुलिस अधिकारियों की भी होगी। गुरुवार को एक महत्वपूर्ण बैठक में गृह विभाग के अंतर्गत निमार्णाधीन परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि 50 करोड़ से अधिक की सभी निर्माण परियोजनाओं का किसी टेक्निकल इंस्टिट्यूट द्वारा थर्ड पार्टी मासिक ऑडिट कराया जाए। संबंधित संस्था द्वारा मौके पर जाकर स्थलीय सत्यापन किया जाए और उसकी रिपोर्ट फोटोग्राफ के साथ जमा होनी चाहिए। परियोजनाओं की गुणवत्ता पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्माण से जुड़ी कार्यदायी संस्थाओं में विशेषज्ञ इंजीनियरों का अभाव है। उचित होगा कि सेवानिवृत्त अनुभवी अथवा प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थानों के दक्ष प्रोफेशनल की सेवाएं ली जाएं। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि कार्य प्रारंभ होने से पूर्व परियोजना की जो डिजाइन तय हुई है, उसमें किसी प्रकार का बदलाव कार्य प्रारंभ होने के बाद नहीं होना चाहिए। अपरिहार्य परिस्थितियों में शासन से अनुमोदन लिया जाना अनिवार्य हो।



**गुणवत्ता**

▸▸ अनावासीय भवनों के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता के लिए नियमित समीक्षा पर जोर दिया है

## इकोनॉमिक ग्रोथ के साथ नये रोजगार भी उपलब्ध कराएगा नये भारत का नया उत्तर प्रदेशः सीएम

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर रोजगार सृजन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस अवसर पर सीएम के समक्ष विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं संस्थान के प्रतिनिधियों ने रोजगार सृजन की संभावनाओं और योजनाओं का प्रस्तुतिकरण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को अपने-अपने विभाग में ठोस कार्य योजना के अनुरुप रोजगार सृजन के निर्देश दिये। साथ वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के कार्यों को और गति देने के लिए विषय विशेषज्ञों का सहयोग भी लिया जाए। इससे नये भारत का नया उत्तर प्रदेश इकोनॉमिक ग्रोथ के साथ नये रोजगार के अवसर उपब्लध कराने में अहम भूमिका निभाएगा।

**सीएम द्वारा हर तीन माह में वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के कार्यों की जा रही समीक्षा**

बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को उनकी योग्यता और कौशल के अनुसार समयबद्ध तरीके से रोजगार उपलब्ध कराना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। ऐसे में स्थानीय संसाधनों का उपयोग करते हुए ज्यादा से ज्यादा रोजगार के अवसर तैयार किये जाएं। उन्होंने अधिकारियों को युवाओं को उद्यमिता की ओर प्रेरित करने के लिए कौशल विकास के कार्यक्रमों को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिये।

**कौशल विकास**

▸▸ उद्यमिता की ओर प्रेरित करने के लिए कौशल विकास के कार्यक्रमों को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिये



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया।

## ठंड बढ़ी, पारा गिरा, बूंदाबांदी से सिहरन में मुस्कुराए किसान

**टीम एक्शन इंडिया**

**हरिद्वार। जिले में** आधी रात से मौसम ने अचानक करवट बदली और हल्की बूंदा-बांदी का दौर शुरू हो गया। इससे तापमान में चार डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की गई। बूंदा-बांदी से किसानों के चेहरों पर रौनक दिखाई दी। हालांकि यह ठंडक एक ओर जहां फसलों के लिए लाभकारी है। वहीं दूसरी ओर इंसानों और पशुओं के लिए चुनौतियां भी पैदा कर रही है। ठंड के कारण बच्चों, बुजुर्गों और पशुओं में ठंड लगने के मामलों में इजाफा हो सकता है। रात्रि से ही तेज हवाओं ने मौसम परिवर्तन की ओर इशारा कर दिया था। मौसम विशेषज्ञों ने अगले 24 घंटे हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान जताया है। वहीं रुक-रुक कर हो रही बूंदाबांदी ने सर्दी को बढ़ा दिया है। बूंदा-बांदी और तेज हवा के कारण लोग को अपने घरों में रहने को मजबूर कर दिया है। स्कूल-कॉलेजों में बच्चों की उपस्थिति काफी कम दर्ज की गई। वहीं रोजमर्रा के कामों के लिए भी लोग घरों से कम ही निकले हैं। मौसम विभाग के अनुसार हल्की बारिश के बाद क्षेत्र में जबरदस्त कोहरा छाने के आसार हैं।

## पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने इसे देश के लिए एक बड़ी क्षति बताते हुए कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह का जीवन संघर्ष, सादगी और कर्तव्यनिष्ठा का प्रतीक था।मुख्यमंत्री धामी व कैबिनेट मंत्री डॉ. अग्रवाल ने कहा कि साधारण पृष्ठभूमि से उठकर डॉ. मनमोहन सिंह ने एक सम्मानित अर्थशास्त्री के रूप में अपनी पहचान बनाई।

## एनजीटी से नैनी झील में सीवर पहुंचने की शिकायत पर मंडलायुक्त ने किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**

**नैनीताल।** कुमाऊं आयुक्त एवं मुख्यमंत्री के सचिव दीपक रावत ने शुक्रवार को नैनीताल जिला मुख्यालय के मेट्रोपोल से नयना देवी मंदिर तक नाला संख्या 23 में सीवर लाइन के रिसाव के कारण सीवर के नैनी झील को प्रदूषित करने की एनजीटी यानी राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण में की गयी शिकायत के दृष्टिगत निरीक्षण किया। निरीक्षण में सामने आया कि यहां सीवर लाइन अत्यधिक पुरानी होन के कारण कई जगह सीवर लाइन व मेन होल दब गये है और नजर नहीं आ रहे हैं। इसलिये उन्होंने जल संस्थान, पेयजल निगम, नगर पालिका और सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि घरों से बह रही सीवर और सीवर लाइन की लीकेज को रोकने के लिए तत्काल निरीक्षण कर समस्या का स्थायी समाधान के लिये प्रस्ताव तैयार करें। साथ ही उन्होंने नयना देवी मंदिर के समीप नाला संख्या 23 से झील में पहुंचने वाले पानी के नियमित नमूने लेने के निर्देश भी दिए, ताकि उसके अनुसार उपचार किया जा सके।

**रिसाव**

▸▸ यहां सीवर लाइन अत्यधिक पुरानी होन के कारण कई जगह सीवर लाइन व मेन होल दब गये है

### कोहरे में ट्रक-कंटेनर भिड़े, दो की मौत

## जयपुर-अजमेर-सीकर समेत राजस्थान के आठ जिलों में बारिश

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुरः** राजस्थान में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से बारिश (मावठ) का दौर शुरू हो गया है। जयपुर, सीकर, अजमेर, उदयपुर, झुंझुनूं, चूरू, भीलवाड़ा और कोटपूतली-बहरोड़ में शुक्रवार सुबह बारिश हुई। इससे पहले, बीती रात जयपुर, पाली और जालोर में भी तेज बरसात हुई। बारिश के कारण कई जिलों में तापमान में गिरावट आने से सर्दी बढ़ गई है। बीकानेर के श्रीडूंगरगढ़ में शुक्रवार सुबह कोहरे के कारण ट्रक और कंटेनर की आमने सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे में कंटेनर के केबिन में बैठे दो लोगों की मौत हो गई। मौसम विभाग ने शुक्रवार को राजस्थान के अधिकांश हिस्सों में बारिश और कई जगह ओले गिरने की आशंका जताई है। मौसम विभाग ने 15 जिलों में ऑरेंज, जबकि 16 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया है। अगले तीन दिन घना कोहरा छाए रहने का अनुमान जताया गया है। जयपुर में आज सुबह से ही घने बादल छाए हुए थे। दोपहर करीब बारह बजे हल्की बूंदाबांदी के बाद कई जगह मध्यम दर्जे की बरसात हुई।अजमेर में सुबह बारिश के बाद सड़कों पर पानी भर गया। यहां बीती रात भी बरसात हुई थी। सीकर के फतेहपुर में बारिश के कारण रेलवे अंडरपास में पानी भर गया। इस कारण वाहन चालकों को आवाजाही में परेशानी हुई। सीकर में शुक्रवार अलसुबह 3:30 बजे के बाद सीकर शहर, रानोली, बावड़ी, बेरी भजनगढ़ सहित जिले के ज्यादातर इलाकों में बारिश का दौर शुरू हुआ। सुबह करीब आधे घंटे तक तेज बारिश हुई।



**बरसात**

▸▸ कोटपूतली-बहरोड़ में सुबह बारिश हुई। इससे पहले, बीती रात जयपुर, पाली और जालोर में भी तेज बरसात हुई




